आज का मौसम | 21.0° अधिकतम तापमान | 10.0° न्यूनतम तापमान | सूर्योदय 06.54 | सूर्यास्त 05.50

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

|कानपुर नगर|

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण

लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

माघ शुक्ल पक्ष त्रयोदशी 08:25 उपरांत चतुर्दशी विक्रम संवत 2082

शनिवार, 31 जनवरी 2026, वर्ष 4, अंक 161, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 5 रुपये


श्रद्धांजलि



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान उन्होंने कहा कि स्वदेशी का उनका आह्वान विकसित भारत का मूलभूत सिद्धांत है। ● एजेंसी

## सोना एक दिन में 14,000 टूटा, चांदी 20,000 फिसली

● वैश्विक बाजारों में कमजोर रुझानों से कीमतों में रिकॉर्ड स्तर पर बड़ी गिरावट

नई दिल्ली, एजेंसी

कमजोर वैश्विक रुझानों और डॉलर में उछाल के बीच निवेशकों द्वारा भारी मुनाफावसूली के कारण शुक्रवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोने की कीमतें 14,000 रुपये प्रति 10 ग्राम और चांदी की कीमतें 20,000 रुपये प्रति किलोग्राम लुढ़क गईं।

बाजार सूत्रों के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 14,000 रुपये, या 7.65 प्रतिशत टूटकर 1,69,000 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी कर सहित) रह गया। गुरुवार को सोने की कीमत 12,000 रुपये बढ़कर 1,83,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गई थी। चांदी की कीमत 20,000 रुपये, या लगभग पांच प्रतिशत टूटकर 3,84,500 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी टैक्स सहित) रह गई। पिछले कारोबारी सत्र में चांदी की कीमत 19,500 रुपये बढ़कर 4,04,500 रुपये प्रति किलोग्राम के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई थी। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक - जिंस सौमिल गांधी ने कहा, शुक्रवार को सोने और चांदी में भारी गिरावट देखी गई, क्योंकि हाल ही में रिकॉर्ड तोड़ तेजी के बाद निवेशकों ने तेज गति से मुनाफावसूली शुरू कर दी।

उन्होंने कहा, यह गिरावट मुख्य रूप से बड़े संस्थागत कारोबारियों द्वारा लंबे सौदों की भारी बिक्री के कारण हुई, जिन्होंने कई सत्रों की मजबूत बढ़त के बाद मुनाफावसूली की कोशिश की। डॉलर में सुधार होने से सर्राफा पर और दबाव पड़ा। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में, हाजिर सोना 5.31 प्रतिशत कम, या 285.30 डॉलर टूटकर 5,087.73 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था। दिन में कारोबार के दौरान सोना 425.86 डॉलर या 7.92 प्रतिशत टूटकर 4,945.26 डॉलर प्रति औंस पर आ गया था। गुरुवार को, सोना 5,595.02 डॉलर के नए रिकॉर्ड पर पहुंचने के बाद 5,371.12 डॉलर प्रति औंस पर बंद हुआ था। हाजिर चांदी भी 14 डॉलर या 12.09 प्रतिशत गिरकर 101.47 डॉलर प्रति औंस रह गई, जबकि विदेशी कारोबार में दिन के कारोबार में यह 17.5 प्रतिशत तक गिरकर 95.26 डॉलर प्रति औंस रह गई थी। गुरुवार को, यह 121.45 डॉलर प्रति औंस के नए शिखर पर पहुंची थी। इनक्रेड मनी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी, विजय कुप्पा ने कहा, कुछ कारणों से सोने और चांदी की कीमतों में तेज गिरावट आई है।



### रुपये ने छुआ 92.02 प्रति डॉलर का निचला स्तर

**मुंबई।** अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में शुक्रवार को रुपया अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले 92 .02 के रिकॉर्ड निचले स्तर को छूने के बाद कारोबार के अंत में मामूली बढ़त लिए 91.97 पर बंद हुआ। दिन के कारोबार के दौरान डॉलर के मुकाबले रुपया 91.82 पर पहुंच गया। बाद में रुपया, अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले 92 .02 के अब तक के सबसे निचले स्तर को छूने के बाद सत्र के अंत में 91 .97 पर बंद हुआ, जो पिछले बंद स्तर से महज दो पैसे की बढ़त है।

## ब्रीफ न्यूज

### सुनेत्रा पवार बन सकती हैं महाराष्ट्र की उपमुख्यमंत्री



**पुणे।** राज्यसभा सदस्य एवं दिवंगत उपमुख्यमंत्री अजित पवार की पत्नी सुनेत्रा पवार शनिवार को महाराष्ट्र की उपमुख्यमंत्री के रूप में शपथ ले सकती हैं। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के सूत्रों ने यह जानकारी दी। एक सूत्र ने कहा, शनिवार को राकांपा की संसदीय बोर्ड की बैठक होगी, जहां सुनेत्रा पवार को विधायक दल का नेता चुना जाएगा। ऐसी संभावना है कि कल शाम तक उन्हें उपमुख्यमंत्री के रूप में शपथ दिला दी जाएगी।

### बजट पेश करने के बाद 30 कॉलेज के छात्रों से संवाद करेंगी सीतारमण

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री सीतारमण आम बजट 2026-27 पेश करने के बाद देश के विभिन्न क्षेत्रों से आए लगभग 30 कॉलेज के विद्यार्थियों के साथ संवाद करेंगी। वित्त मंत्रालय के अनुसार, इस पहल के तहत छात्र-छात्राओं को लोकसभा दीर्घा से केंद्रीय बजट पेश किए जाने की प्रक्रिया को प्रत्यक्ष रूप से देखने का अवसर मिलेगा। इससे वे वर्ष की इस सबसे महत्वपूर्ण संसदीय कार्यवाही के साक्षी बन सकेंगे। ये छात्र भारत के विभिन्न राज्यों से आए हैं और वाणिज्य, अर्थशास्त्र, चिकित्सा शिक्षा तथा व्यावसायिक पाठ्यक्रमों जैसे विभिन्न शैक्षणिक विषयों से जुड़े हैं।

### ईरान ने कहा- अमेरिका से बातचीत की कोई योजना नहीं

**इस्तांबुल।** ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने शुक्रवार को घोषणा की कि उनका देश तनाव दूर करने के वास्ते बातचीत के लिए तैयार हैं, लेकिन अमेरिका से बातचीत की फिलहाल कोई ठोस योजना नहीं है। मंत्री अब्बास अराघची ने इस्तांबुल में यह बात कही, जहां वह तुर्किये के नेताओं के साथ बातचीत के लिए पहुंचे थे।

## परियोजना की लागत में 15 फीसदी से ज्यादा बढ़ोतरी पर बताना होगा कारण : मुख्यमंत्री

### वित्त विभाग, बजट और पेंशन प्रणाली में डिजिटल सुधारों की प्रगति की सीएम योगी ने की समीक्षा

● मंत्री 50 करोड़ और वित्त मंत्री 150 करोड़ तक दे सकेंगे स्वीकृति अधिक की मंजूरी देंगे मुख्यमंत्री

● सड़क की तरह शासकीय भवनों के अनुरक्षण के लिए लागू होगी 5 वर्ष की अनुरक्षण व्यवस्था

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



विभागीय कार्य योजनाओं की जानकरी लेते मुख्यमंत्री योगी।

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने निर्देश दिए कि मंत्री स्तर से मिलने वाली स्वीकृति की सीमा 10 करोड़ से बढ़ाकर 50 करोड़ और 50 से 150 करोड़ तक की परियोजनाओं की मंजूरी वित्त मंत्री स्तर से दी जाएगी। 150 करोड़ रुपये से अधिक लागत वाली परियोजनाओं की स्वीकृति मुख्यमंत्री स्तर से ही दी जाएगी।

साफ कहा कि किसी परियोजना की लागत में 15 प्रतिशत से ज्यादा बढ़ोतरी होने पर विभाग कारण सहित पुनः अनुमोदन प्राप्त करे। उन्होंने सड़क की तरह शासकीय भवनों के लिए भी 5 वर्ष की अनुरक्षण व्यवस्था लागू करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री योगी ने शुक्रवार को विभागीय कार्य योजनाओं के त्वरित क्रियान्वयन, वित्त विभाग, कोषागार, बजट और पेंशन प्रणाली में डिजिटल सुधारों की प्रगति की समीक्षा करते हुए सभी विभागों को निर्देश दिए कि वे अपनी वार्षिक कार्ययोजना 15 अप्रैल तक हर हाल में स्वीकृत करा लें। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश को सुदृढ़, पारदर्शी और रिजल्ट ओरिएंटेड वित्तीय प्रबंधन का आदर्श राज्य बनाना है। इसके लिए सभी विभाग समयबद्धता, गुणवत्ता, पारदर्शिता और डिजिटल प्रक्रियाओं को सर्वोच्च प्राथमिकता दें। उन्होंने निर्देश दिए कि केंद्र सरकार की तर्ज पर उत्तर प्रदेश में राज्य गारंटी पॉलिसी लागू की जाए।

शासकीय भवनों के अनुरक्षण व्यवस्था पर मुख्यमंत्री ने कहा कि अनुबंधों में एकरूपता का अभाव है। सड़क निर्माण की तर्ज पर सभी नए भवनों में 5 वर्ष का भुगतान-आधारित अनुरक्षण अनिवार्य रूप से शामिल किया जाए। उन्होंने पुराने भवनों के अनुरक्षण के लिए कॉर्पस फंड बनाने की आवश्यकता बताई। निर्माण गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि भवन, सड़क, सेतु, सीवर लाइन और जलापूर्ति पाइपलाइन जैसी परियोजनाओं का थर्ड पार्टी क्वालिटी ऑडिट आईआईटी, एनआईटी और राज्य/सरकारी तकनीकी संस्थानों से कराया जाए।

**आशा-आंगनबाड़ी कर्मियों का तय तिथि पर मिले मानदेय :** योगी ने निर्देश दिए कि यह सुनिश्चित किया जाए कि अल्प-वेतनभोगी कर्मियों, जैसे आशा बहनों और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का मानदेय हर माह तय तारीख को उनके बैंक खातों में पहुंच जाए। जिन योजनाओं में केंद्रांश मिलता है, वहां राज्य अपने मद से मानदेय समय पर जारी करे, ताकि किसी कर्मी को देरी न हो।

### पूंजीगत खर्च में शीर्ष पर यूपी, 1.10 लाख करोड़ का निवेश

बैठक में बताया गया कि वर्ष 2023-24 में उत्तर प्रदेश का 1,10,555 करोड़ रुपये का पूंजीगत व्यय देश में सबसे अधिक रहा। कुल व्यय का 9 .39% निवेश पर खर्च कर प्रदेश देश में पहले स्थान पर रहा। राजकोषीय घाटा, राजस्व घाटा और ऋण/जीएसडीपी अनुपात जैसे सभी संकेतक एफआरबीएम मानकों के अनुरूप रहे। वर्ष 2024-25 में राज्य की कुल देयताएं घटकर जीएसडीपी के 27% पर आ गईं। नीति आयोग के अनुसार प्रदेश का कंपोजिट फिस्कल हेल्थ इंडेक्स 2014 में 37 से बढ़कर 2023 में 45 .9 हो गया है और राज्य रनर श्रेणी में पहले स्थान पर है। मुख्यमंत्री को अवगत कराया गया कि आरबीआई की रिपोर्ट में भी राज्य का अपना कर राजस्व राष्ट्रीय हिस्सेदारी में 11 .6% के साथ देश में दूसरे स्थान पर बताया गया है। वाद प्रबंधन प्रणाली विकसित की गई है और नीति आयोग के 'दर्पण' पोर्टल के साथ एकीकृत होने वाला उत्तर प्रदेश पहला राज्य बन गया है।

## 40,000 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी में आरकॉम के पूर्व अध्यक्ष गिरफ्तार

● अदालत ने पुनीत गर्ग को नौ दिन के लिए ईडी की हिरासत में भेजा

नई दिल्ली, एजेंसी



प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कारोबारी अनिल अंबानी समूह की कंपनियों के खिलाफ 40,000 करोड़ रुपये के बैंक ऋण धोखाधड़ी मामले में धनशोधन के आरोप में रिलायंस कम्युनिकेशंस (आरकॉम) के पूर्व अध्यक्ष पुनीत गर्ग को गिरफ्तार किया है। ईडी ने गर्ग को हिरासत में लिया है।

दिल्ली की एक विशेष धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) अदालत ने उन्हें नौ दिन के लिए ईडी की हिरासत में भेज दिया। ईडी ने बताया कि रिलायंस कम्युनिकेशंस लिमिटेड (आरकॉम) के पूर्व अध्यक्ष और निदेशक गर्ग को आरकॉम और उसकी समूह संस्थाओं द्वारा कथित तौर पर 40,000 करोड़ रुपये से अधिक के बैंक धोखाधड़ी और धन शोधन से जुड़ी जांच के सिलसिले में गिरफ्तार किया गया है।

इस घटनाक्रम पर रिलायंस समूह की ओर से फिलहाल कोई टिप्पणी नहीं आई है। ईडी ने बुधवार को कहा था कि उसने गर्ग की पत्नी के नाम पर मौजूद शेयर और म्यूचुअल फंड जब्त कर लिए हैं।

ईडी ने दावा किया, गर्ग ने 2001 से 2025 तक आरकॉम में वरिष्ठ प्रबंधक और निदेशक पदों पर रहते हुए, बैंक धोखाधड़ी से अर्जित अपराध की आय से हेराफेरी में सक्रिय रूप से भाग लिया। जांच एजेंसी ने दावा किया कि हेराफेरी वाले धन का इस्तेमाल अन्य सहायक कंपनियों में किया गया।

## तेंदुए के हमले में 4 वर्षीय बच्ची की मौत

● गन्ने के खेत से आया तेंदुआ घर पर खेल रही बच्ची को दबोचकर भाग निकला

**बहराइच।** कतर्नियाघाट वन्यजीव प्रभाग के एक गांव में तेंदुए के हमले से चार वर्षीय बच्ची की मौत हो गई। ग्रामीणों ने बताया कि निशानगाड़ा रेंज के ग्राम पंचायत रमपुरवा के मुखिया फार्म गांव निवासी मनोज की बच्ची अनुष्का गुरुवार शाम को घर के बाहर आंगन में खेल रही थी, तभी गन्ने के खेत से निकलकर आया तेंदुआ उसे मुंह में दबोचकर भाग निकला।

परिजन व ग्रामीण शोर मचाते हुए पीछे दौड़े तो तेंदुआ बच्ची को घर से करीब 50 मीटर दूरी पर छोड़कर नहर की झाड़ियों में छिप गया। ग्रामीणों ने बताया कि परिवार के लोग घायल बच्ची को गोद में लेकर अस्पताल जा रहे थे, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। एक परिजन ने बताया कि बच्ची के गले और नाक पर जख्म दिख रहे थे। निशानगाड़ा वन रेंज के क्षेत्राधिकारी सुरेंद्र श्रीवास्तव ने बताया कि तेंदुए के हमले से बच्ची की मौत हुई है। देर रात वन विभाग की टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण किया है। उन्होंने बताया कि विभाग ने मृतक के परिजनों को अंतिम संस्कार के लिए 10 हजार रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की है। क्षेत्र में गश्त बढ़ा दी गई है। चार टीमें निरंतर निगरानी कर रही हैं।

## विवेचना में लापरवाही पर इंस्पेक्टर व 12 उपनिरीक्षक निलंबित

● अनियमितताओं के मामलों को लेकर आईजी ने की कार्रवाई विभागीय जांच का भी आदेश दिया

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचार:** भ्रष्टाचार तथा विवेचना में गंभीर अनियमितताओं के मामलों को लेकर आईजी देवी पाटन परिक्षेत्र अमित पाठक ने सख्त कार्रवाई की है। आईजी के निर्देश पर गठित विशेष जांच टीम ने गोंडा, बहराइच एवं श्रावस्ती में सड़क दुर्घटनाओं से जुड़े मामलों की जांच की, जिसमें 13 प्रकरण में फर्जीवाड़ा एवं भ्रष्टाचार मिला।

जांच रिपोर्ट के आधार पर 1 निरीक्षक एवं 12 उपनिरीक्षकों को दोषी मानते हुए तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है, जबकि 3 अन्य उपनिरीक्षकों के विरुद्ध निलंबन व विभागीय कार्रवाई की प्रक्रिया जारी है। बीमा कंपनी की ओर से विवेचना में फर्जीवाड़ा करने की शिकायत आईजी से की गई थी, जिस पर आईजी ने एसआईटी का गठन किया था, रिपोर्ट मिलने के बाद आईजी ने सख्त रूप अपनाया है। जांच में सामने आया कि दुर्घटनाओं से संबंधित विवेचनाओं में वास्तविक वाहन चालक को बचाने के लिए अन्य व्यक्तियों को चालक दर्शाया गया। कई मामलों में दुर्घटना में प्रयुक्त वाहन के स्थान पर दूसरे वाहन को दर्शाकर बीमा कंपनियों से अनुचित लाभ लेने का प्रयास किया गया, जिससे न केवल बीमा कंपनियों को नुकसान पहुंचा बल्कि पीड़ितों को भी न्याय से वंचित होना पड़ा।

बहराइच में निरीक्षक अरुण कुमार थाना हरदी, बहराइच के उपनिरीक्षक संजीव कुमार द्विवेदी (थाना रामगांव), अशोक कुमार जायसवाल (थाना नवाबगंज), तेज नारायण यादव एवं राकेश कुमार (थाना मटेरा), राजेश्वर सिंह (थाना नानपारा), रूपनारायण गौड़ (थाना रामगांव), विजय यादव तथा दिवाकर तिवारी (थाना मोतीपुर), और मेहताब आलम (थाना बौंडी) को निलंबित किया गया है। इसी क्रम में गोंडा के उपनिरीक्षक शेषनाथ पाण्डेय (थाना खरगूपुर) एवं शशांक मौर्य (थाना इटियाथोक) तथा श्रावस्ती जनपद के उपनिरीक्षक शैलेश कुमार त्रिपाठी एवं प्रेमचंद (थाना इकौना) के विरुद्ध भी कार्रवाई की गई है। वहीं श्रावस्ती के थाना भिनगा में तैनात निरीक्षक योगेश सिंह एवं उपनिरीक्षक गुरुदेव सिंह के मामले में निलंबन की कार्यवाही प्रचलित बताई गई है।

## कुवैत से दिल्ली आ रहे विमान को बम से उड़ाने की धमकी

● उड़ान को अहमदाबाद भेजा गया यात्री को मिला था लिखित नोट

अहमदाबाद, एजेंसी




कुवैत से दिल्ली जा रही एक इंडिगो उड़ान में बम होने की धमकी मिलने के बाद विमान को अहमदाबाद के सरदार वल्लभभाई पटेल अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा भेज दिया गया। हवाई अड्डा अधिकारियों ने बताया कि अब तक कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला है।

एक हवाई अड्डा अधिकारी ने बताया कि विमान सुबह करीब छह बजकर 40 मिनट पर सुरक्षित उतरा। विमान में 180 यात्री सवार थे। हवाई अड्डा प्राधिकारियों के अनुसार विमान में एक यात्री को हाथ से लिखा एक नोट मिला था जिसमें दावा किया गया था कि विमान के अंदर बम है जिसके बाद एहतियात के तौर पर उसे अहमदाबाद भेज दिया गया। बम की धमकी की सूचना मिलते ही पायलट ने वायु यातायात नियंत्रण को सतर्क कर दिया और विमान को अहमदाबाद की ओर मोड़ दिया गया। विमान के सुरक्षित उतरने के बाद सभी यात्रियों को सकुशल बाहर निकाला गया।

आदेश

सुप्रीम कोर्ट की सख्त चेतावनी, लड़के-लड़कियों के अलग टॉयलेट हों, कहा- मासिक धर्म स्वास्थ्य मौलिक अधिकार का हिस्सा

## लड़कियों को फ्री सैनेटरी पैड नहीं देने वाले स्कूलों की रद्द होगी मान्यता

● विफलताओं पर राज्य सरकारें होंगी सीधे तौर पर जवाबदेह

नई दिल्ली, एजेंसी



मासिक धर्म स्वास्थ्य को संविधान के तहत जीवन के अधिकार का हिस्सा बताते हुए सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को निर्देश दिया कि वे छात्राओं को बिना किसी शुल्क के जैविक रूप से अपघटनीय सैनेटरी पैड उपलब्ध कराएं तथा लड़के-लड़कियों के लिए अलग-अलग शौचालय सुनिश्चित करें।

लैंगिक न्याय व शैक्षिक समानता सुनिश्चित करने के लिए एक ऐतिहासिक फैसले में, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला व न्यायमूर्ति आर महादेवन की पीठ ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को कई निर्देश जारी करते हुए कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि ये सुविधाएं सभी स्कूलों में उपलब्ध हों, चाहे वे सरकारी हों, सहायता प्राप्त हों या निजी स्कूल हों। न्यायमूर्ति पारदीवाला द्वारा लिखे गए इस फैसले में अनुपालन न करने पर गंभीर परिणामों की चेतावनी दी गई, जिसमें निजी स्कूलों की मान्यता रद्द करना और सार्वजनिक संस्थानों में विफलताओं के लिए राज्य सरकारों को सीधे तौर पर जवाबदेह ठहराना शामिल है। पीठ ने कहा, संविधान के अनुच्छेद 21 के अंतर्गत जीवन के अधिकार में मासिक धर्म स्वास्थ्य का अधिकार भी शामिल है, सुरक्षित, प्रभावी और किफायती मासिक धर्म स्वच्छता प्रबंधन उपायों तक पहुंच एक बालिका को यौन और प्रजनन स्वास्थ्य के उच्चतम स्तर को प्राप्त करने में मदद करती है। स्वस्थ प्रजनन जीवन के अधिकार में यौन स्वास्थ्य से संबंधित शिक्षा और जानकारी प्राप्त करने का अधिकार भी शामिल है। इसने कहा, स्राव को सोखने वाले नैपकिन की उपलब्धता के संबंध में, हम निर्देश देते हैं कि सभी राज्य और केंद्र शासित प्रदेश यह सुनिश्चित करें कि शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में सरकार द्वारा संचालित या निजी तौर पर प्रबंधित प्रत्येक स्कूल में मानकों के अनुरूप निर्मित ऑक्सो-जैविक रूप से अपघटनीय सैनेटरी नैपकिन निःशुल्क उपलब्ध कराए जाएं।

### मासिक धर्म स्वच्छता प्रबंधन कॉर्नर होंगे स्थापित

पीठ ने फैसले में कहा गया कि सभी स्कूलों को आरटीई की धारा 19 में निर्धारित मानदंडों और मानकों के अनुसार कार्य करना होगा। यदि कोई विद्यालय, जो सरकार या स्थानीय प्राधिकरण द्वारा स्थापित, स्वामित्व या नियंत्रित नहीं है, आरटीई अधिनियम के प्रावधानों का उल्लंघन करता पाया जाता है, तो उसकी मान्यता रद्द कर दी जाएगी और इसके परिणामस्वरूप कार्रवाई की जाएगी। सभी राज्य और केंद्र शासित प्रदेश यह सुनिश्चित करेंगे कि प्रत्येक विद्यालय में मासिक धर्म स्वच्छता प्रबंधन कॉर्नर स्थापित किए जाएं।

### शीर्ष कोर्ट ने चार सवाल तैयार किए

अदालत ने चार सवाल तैयार किए, जिनमें यह भी शामिल है कि क्या पैड और शौचालयों की अनुपलब्धता ऐसी प्रणालीगत बाधाएं पैदा करती है, जो किशोरियों को लड़कों के साथ समान शर्तों पर शिक्षा में भाग लेने से रोकती है, जो अनुच्छेद 14 (समानता) का उल्लंघन है। क्या मासिक धर्म संबंधी स्वास्थ्य, संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत प्रजनन स्वास्थ्य और गरिमापूर्ण जीवन जीने के लिए आवश्यक है। शीर्ष अदालत ने 10 दिसंबर, 2024 को जया ठाकुर द्वारा दायर एक जनहित याचिका पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था।

### न्यूज ब्रीफ

#### मारपीट की रिपोर्ट दर्ज

**रसूलाबाद।** पहाड़ीपुर निवासी एक व्यक्ति ने सुजानपुर निवासी एक व्यक्ति के विरुद्ध गत 18 जनवरी शाम 7 बजे उसकी पत्नी के घर पर अकेले होने पर उसके साथ मारपीट करने और सिर पर कुल्हाड़ी मार देने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पहाड़ी पुर निवासी पप्पू ने पुलिस को बताया कि गत 18 जनवरी शाम उसकी पत्नी सुमन घर पर अकेली थी। पुरानी रंजिश के चलते सुजानपुर निवासी आधार बाबू यादव उसके घर में घुस गए और उसे मारा-पीटा एवं सिर पर कुल्हाड़ी मार दी। जिससे वह घायल हो गई। इस पर वह इसकी रिपोर्ट दर्ज कराने आया। थाना प्रभारी सतीश कुमार सिंह ने बताया कि मामले की रिपोर्ट संबंधित धाराओं में दर्ज कर ली गई है

#### ससुर और देवर के खिलाफ मामला दर्ज

**रसूलाबाद।** कंचन निवादा निवासी एक महिला ने उसके पति को जेवर को लेकर महेंद्र सिंह की सह पर ससुर व देवर द्वारा मारपीट करने एवं जान से मारने की धमकी देने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। कंचन निवादा निवासी रचना देवी पत्नी राजेश उर्फ कल्लू ने पुलिस को बताया कि जेवर के विवाद को लेकर उसके ससुर मोतीलाल, देवर अंकित ने महेंद्र सिंह की सह पर अपशब्द कहे, मारा पीटा और जान से मारने की धमकी दी। इस पर वह इसकी रिपोर्ट दर्ज कराने आई है। थाना प्रभारी सतीश कुमार सिंह ने बताया के मामले की रिपोर्ट संबंधित धाराओं में दर्ज कर ली गई है।

#### कोर्ट के आदेश पर पांच के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**शिवली।** छेड़छाड़ व मारपीट करने के आरोप में कोर्ट के आदेश पर तीन भाइयों व पिता सहित पांच लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। कोतवाली शिवली के एक गांव निवासी व्यक्ति ने पुलिस को बताया कि पिछले वर्ष 14 नवंबर की शाम को पड़ोस के लक्ष्मी नारायण अपने पुत्रों उजियारे लाल, गोरेलाल, छोटू व सुजीत के घर में घुसकर पुत्री से छेड़छाड़ करने लगे। विरोध करने पर उसके साथ मारपीट कर उसे घायल कर दिया। इंस्पेक्टर प्रवीण यादव ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज की गई है।

#### बैजामऊ बांगर में आज लगेगा शिविर

**कानपुर देहात।** प्रधानमंत्री किसान समृद्धि सह-योजना के अंतर्गत शनिवार को सिकंदरा के ग्राम बैजामऊ बांगर में पंजीकरण शिविर का आयोजन किया जाएगा। मुख्य कार्यकारी अधिकारी मत्स्य पालक विकास अभिकरण ने बताया कि प्रधानमंत्री किसान समृद्धि सह-योजना के अंतर्गत जनपद-कानपुर देहात में एनएफडीपी पोर्टल पर पंजीकरण के लिए सुबह 11 बजे से पंजीकरण शिविर का आयोजन किया जाएगा।

#### फांसी लगाकर युवती ने दी जान

**कानपुर देहात।** सदर कोतवाली क्षेत्र के गांव बनार अलीपुर में युवती ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों में कोहराम मच गया। घटना की सूचना मिलते ही जैनपुर चौकी चार्ज पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। फोरेंसिक टीम बुलाई गई। गांव निवासी नंदकिशोर की करीब 17 वर्षीय पुत्री प्रिया ने शुक्रवार को घर के अंदर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मां कुसुमा देवी ने 112 डॉयल कर पुलिस को सूचना दी। जैनपुर चौकी इंचार्ज सौरभ राणा महिला फोर्स के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने बताया प्रथम दृष्टया प्रेम संबन्धों की बात प्रकाश में आई है। आशंका है कि इसी के डिप्रेशन के चलते प्रिया ने फांसी लगाकर आत्महत्या की।





माती कचहरी पहुंचीं कानपुर की महापौर प्रमिला पांडेय, बारा टोल प्लाजा पर अधिवक्ताओं के लिए आरक्षित की गई लेन। अमृत विचार

# वोटिंग में लगता समय देखकर बढ़ाई पोलिंग बूथों की संख्या

## 10 की जगह 17 मतदेय स्थलों पर पड़े बार काउंसिल के वोट, आज भी होगा मतदान

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

**अमृत विचारः** उत्तर प्रदेश बार काउंसिल के चुनाव में मतदान के पहले दिन यहां 405 वोट पड़े। जनपद में कुल मतदाता 940 है। वोटिंग के लिए माती कचहरी में दस पोलिंग बूथ बनाए गए थे। वोटिंग के लिए लगी लंबी कतार और समय ज्यादा लगने पर न्यायालय प्रशासन ने सात और अतिरिक्त बूथ बनाए। इससे व्यवस्था ठीक हो गई। शनिवार को भी वोट पड़ेंगे। शुक्रवार को मतदान व्यवस्था देख रहे कर्मचारियों द्वारा भ्रम वश मतदाताओं के प्रवेश हेतु न्यायालय परिसर का बाहरी गेट को मतदान समाप्त होने के समय से पहले बंद कर देने से कुछ समय के लिए मतदाताओं प्रत्याशियों और समर्थकों में रोष दिखा। जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष मुलायम सिंह यादव, वरिष्ठ अधिवक्ता जितेन्द्र प्रताप सिंह चौहान आदि ने बंद गेट खुलवाया। इसके बाद शाम पांच बजे तक लाइन में लगे मतदाताओं का मतदेय स्थल में प्रवेश ले मतदान सामान्य कराया गया। इसके पूर्व विकलांग मतदाताओं हेतु दो व्हीलचेयर की व्यवस्था गेट नंबर एक पर की गई थी।

मतदान के लिए कुछ मतदाता बिना मूल सीओपी पहचान पत्र या सीओपी प्रमाण पत्र के उनकी फोटो कॉपी ले मतदान हेतु आए जिनको मताधिकार से रोका गया। सभी मतदाताओं से आग्रह किया गया है कि मूल नवीन सीओपी पहचान पत्र या प्रमाणपत्र मतदान हेतु साथ में लावे। दूसरी तरफ, बारा टोल प्रशासन ने कानपुर नगर से न्यायालय आने पर 22 नंबर टोल गेट एवं कानपुर की तरफ वापसी पर तीन नंबर टोल गेट में सिर्फ अधिवताओं के वाहनों की निकासी हेतु आरक्षित रखते हुए उनके वाहनों की निःशुल्क निकासी की गई। शनिवार को भी यही व्यवस्था रहेगी।

### बेटे के चुनाव को लेकर माती पहुंचीं कानपुर की महापौर

बार काउंसिल का चुनाव लड़ रहे अनुराग पांडेय की मां और कानपुर की महापौर प्रमिला पांडेय भी निर्वाचन कार्य देखने को माती पहुंचीं। उन्होंने समर्थकों से मुलाकात की और मतदान के बारे में जानकारी हासिल की। यहां बार के पूर्व महामंत्री प्रदीप पांडेय, श्याम सिंह सिसोदिया, अमर सिंह भदौरिया, वंदना गुप्ता आदि ने स्वागत किया। इसी प्रकार, सदस्य पद के प्रत्याशी व दि लॉयर्स एसोसिएशन कानपुर के पूर्व महामंत्री राजेंद्र कुमार अवस्थी ने भी मतदाता सहायता केंद्र लगवाया। श्याम बिहारी पांडेय, अश्विनी बाजपेई, गोविंद द्विवेदी, विवेक त्रिपाठी, दीपक अग्निहोत्री, दीपक यादव, राम सिंह अमित सिंह, शैलेंद्र तिवारी, धनंजय पांडेय, सर्विस पांडेय, रमेश पांडेय आदि रहे। प्रत्याशी योगेंद्र स्वरूप द्वारा बनाए गए मतदाता सहायता केंद्र पर एकीकृत बार के पूर्व अध्यक्ष राधेश्याम कटियार, मौजूदा अध्यक्ष राजपाल यादव, विनोद सिंह चौहान, भूपेंद्र सिंह यादव अध्यक्ष तहसील मैथा कवि यादव, बाबू कटियार, ओमकार गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# सीमा पर शहीद हुए जवानों की आत्म शांति को दंडवत यात्रा

संवाददाता, रसूलाबाद

**अमृत विचारः** भारत माता की रक्षा में शहीद हुए वीर जवानों की आत्म शांति के लिए और देश में सुख शांति और समृद्धि की कामना के लिए ग्राम रजपुरवा निवासी महेंद्र बाबा अपने दो भाइयों के सहयोग से 3500 कीलों से बनी शैया पर दंडवत यात्रा कर रहे हैं। यात्रा शिवरात्रि के अवसर पर रसूलाबाद के प्रसिद्ध धर्मगढ़ बाबा मंदिर में जलाभिषेक के उद्देश्य से की जा रही है।

महेंद्र बाबा ने बताया कि यह तपस्या वे किसी व्यक्तिगत लाभ के लिए नहीं बल्कि राष्ट्र और समाज के कल्याण के लिए कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि यह कठिन यात्रा 26 जनवरी को औरैया जनपद के देवकली धाम से शुरू हुई थी। जहां से वे यमुना का पवित्र जल लेकर दंडवत करते हुए 15 फरवरी को अपने गंतव्य धर्मगढ़ बाबा मंदिर पहुंचेंगे। रजपूरवा निवासी युवा महेंद्र बाबा की यह तीसरी दंडवत यात्रा है। इससे पहले उन्होंने 12 ज्योतिर्लिंगों की दंडवत तीर्थ यात्रा पूरी की थी। इसमें उन्हें लगभग डेढ़ वर्ष का समय लगा था। उनकी दूसरी यात्रा बिठूर से धर्मगढ़ बाबा धाम तक थी। इस यात्रा में भी उनके दोनों भाई लगातार उनका सहयोग कर रहे हैं। उनकी इस असाधारण यात्रा को देखने के लिए मार्ग में जगह-जगह श्रद्धालु एकत्र हो रहे हैं। लोग उन्हें जल, फल और प्रसाद अर्पित कर उनका सम्मान कर रहे हैं। शिवरात्रि के दिन धर्मगढ़ बाबा मंदिर में जलाभिषेक के साथ यह यात्रा पूर्ण होगी।



कीलों की शैया पर दंडवत यात्रा करते रजपुरवा निवासी महेंद्र बाबा।

## मतदान केंद्रों पर आज चलेगा विशेष अभियान

**कानपुर देहात।** एसआईआर को लेकर शनिवार को विशेष अभियान चलेगा। एडीएम अमित कुमार ने राजनीतिक दलों को अवगत कराया कि मुख्य निर्वाचन अधिकारी के निर्देशानुसार अर्हता तिथि 1 जनवरी 2026 के आधार पर विधान सभा निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के अंतर्गत 31 जनवरी को विशेष अभियान संचालित होगा। इसके लिए सभी पदाभिहीत अधिकारी एवं बूथ लेवल अधिकारी 10.30 बजे से सायं 4.30 बजे तक मतदान केन्द्रों पर रहेंगे।

## निमंत्रण से लौटे अधेड़ को उठा सीने में दर्द, थमीं सांसें

**रनियांः** गजनेर थाना क्षेत्र के मंगटा में बीती रात रिश्तेदारी से निमंत्रण से लौटे एक अधेड़ को सर्दी लगने से सीने में दर्द उठा। आनन-फानन में परिजन उसे उपचार के लिए अस्पताल ले जा रहे थे कि तभी रास्ते में उसने दम तोड़ दिया।

घटना के बाद घर में कोहराम मच गया। मंगटा गांव निवासी धर्मराज नट उम्र करीब 55 वर्ष मेहनत मजदूरी करता था। उसके पुत्र संतोष कुमार ने बताया कि गुरुवार को सजेती घाटमपुर में एक रिश्तेदारी में उसके पिता एक निमंत्रण में गए थे। वहां से खाना खाने के बाद देर रात वापस घर लौटे। कुछ देर बाद सर्दी लगने से उनके सीने में तेज दर्द उठा और हालत काफी बिगड़ गई। इसके बाद वह लोग धर्मराज को लेकर अस्पताल जा रहे थे कि तभी रास्ते में उनकी मौत हो गई। शुक्रवार सुबह सूचना पर पहुंचे चौकी इंचार्ज मंगटा ललित कुमार ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा

## जन सुनवाई में शिकायतें सुन डीएम ने कराया निस्तारण

**कानपुर देहात।** जिलाधिकारी कपिल सिंह द्वारा कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनसुनवाई की गई। जनसुनवाई के दौरान जिलाधिकारी ने जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से आए नागरिकों की समस्याओं एवं शिकायतों को गंभीरतापूर्वक सुना तथा प्रत्येक प्रकरण के त्वरित, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। प्रार्थना पत्रों को प्राथमिकता के आधार पर लेते हुए स्पष्ट निर्देश दिए कि शिकायतों का निस्तारण निर्धारित समय-सीमा के भीतर किया जाए तथा किसी भी स्तर पर अनावश्यक विलंब न हो। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि शिकायतकर्ताओं को उनके प्रकरण की प्रगति एवं वर्तमान स्थिति की जानकारी समय-समय पर उपलब्ध कराई जाए, जिससे जनसामान्य का प्रशासन के प्रति विश्वास और अधिक सुदृढ़ हो। इसके अतिरिक्त जिलाधिकारी ने आईजीआरएस पोर्टल की नियमित समीक्षा करने के निर्देश देते हुए कहा कि पोर्टल पर प्राप्त किसी भी शिकायत को लंबित न रखा जाए। सभी शिकायतों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, ताकि शासन की मंशा के अनुरूप जनसमस्याओं का प्रभावी समाधान हो सके। जनसुनवाई को अधिक प्रभावी एवं व्यापक बनाने के उद्देश्य से जनपद स्तर के समस्त अधिकारी, उप जिलाधिकारी, खंड विकास अधिकारी एवं नगर निकायों के अधिशासी अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग (जूम) के माध्यम से जुड़े रहे।

# पुलिस-अभियोजन के मध्य स्थापित करें बेहतर समन्वय

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

**अमृत विचारः** शुक्रवार को जिलाधिकारी कपिल सिंह की अध्यक्षता में मां मुक्तेश्वरी देवी कलेक्ट्रेट सभागार में अभियोजन कार्यों की समीक्षा बैठक हुई। बैठक में अभियोजन से संबंधित लंबित प्रकरणों के त्वरित निस्तारण, न्यायालयों में समयबद्ध एवं प्रभावी पैरवी तथा विभिन्न विभागों के मध्य समन्वय को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।

जिलाधिकारी ने अभियोजन अधिकारियों एवं अधिवक्ताओं को निर्देशित किया कि सभी मामलों में गुणवत्तापूर्ण एवं प्रभावी पैरवी सुनिश्चित की जाए, जिससे गंभीर एवं महत्वपूर्ण प्रकरणों में शीघ्र न्याय सुनिश्चित हो सके। उन्होंने स्पष्ट किया कि अभियोजन कार्यों में किसी भी प्रकार की अनावश्यक देरी स्वीकार्य नहीं होगी तथा सभी संबंधित अधिकारी निर्धारित समयावधि में अद्यतन प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करें।

इसके साथ ही पुलिस विभाग एवं अभियोजन के मध्य बेहतर समन्वय स्थापित करते हुए साक्ष्य संकलन, केस डायरी की उपलब्धता, गवाहों की उपस्थिति एवं आवश्यक न्यायिक प्रक्रियाओं को समय से पूर्ण करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि लंबित मामलों की निरंतर समीक्षा की जाएगी और किसी भी स्तर पर लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। बैठक में पुलिस अधीक्षक श्रद्धा नरेंद्र पाण्डेय, अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) अमित कुमार सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।



एसपी व अभियोजन अधिकारियों के साथ बैठक करते डीएम कपिल सिंह। अमृत विचार

### धरती माता बचाओ अभियान को लेकर बैठक

- **कानपुर देहात।** शुक्रवार को डीएम कपिल सिंह की अध्यक्षता में धरती माता बचाओ अभियान की बैठक हुई। इसमें उर्वरकों के अंधाधुंध व अत्यधिक उर्वरकों के प्रयोग को नियंत्रित करने तथा औद्योगिक इकाईयों में अवैध परिसंचलन, कालाबाजारी, ओवर रेटिंग एवं तस्करी को रोकने के साथ ही मृदा स्वास्थ्य में अनुकूल परिवर्तन लाने के उद्देश्य से त्रिस्तरीय समिति का गठन किये जाने के निर्देश दिए गए। उर्वरकों का प्रयोग मानक के अनुसार तथा पीओएस मशीन के माध्यम से खसरा एवं खतौनी के आधार पर ही किया जाए। जिला कृषि अधिकारी एवं सहायक आयुक्त एवं सहायक निबन्धक सहकारिता को निर्देशित किया गया कि ब्लॉक तहसील/ब्लॉक स्तर पर 100 ग्राम पंचायतें जिनमें उर्वरक का प्रयोग अत्यधिक मात्रा में किया जाता है, उन्हें चिन्हित कर उर्वरकों का प्रयोग मानक अनुसार कराया जाए। समय-समय पर मृदा परीक्षण व नमूना कराया जाए जिससे कि मिट्टी की गुणवत्ता की जांच की जा सके।

### किसान क्रेडिट कार्ड के बारे में दी जानकारी

- **कानपुर देहात।** कलेक्ट्रेट में शुक्रवार को हुई बैठक में जिला कृषि अधिकारी द्वारा जिलाधिकारी को अवगत कराया गया कि प्रति वर्ष कृषि विभाग, उद्यान विभाग, पशुपालन विभाग, मत्स्य विभाग एवं रेशम विभाग द्वारा वित्तीय वर्ष 2026-27 में केसीसी के माध्यम से फसलीय ऋण हेतु वित्तमान निर्धारण किया जाता है। इसमें कृषि फसलें, औद्यानिक फसलें, मत्स्य पालन एवं रेशम पालन के लिए प्रति हेक्टेयर लागत एवं पशुपालन के लिये प्रति पशु लागत को आगणन कर जिला स्तरीय तकनीकि समिति के द्वारा अनुमोदन दिया गया।

### भागवत कथा के बाद भंडारा



**रसूलाबाद :** हवन में श्लोकों द्वारा डाली जाने वाले हवन सामग्री की आहुति देने से जो धुआं उत्पन्न होता है उससे वायुमंडल शुद्ध होने के साथ-साथ व्यक्ति को आत्मिक बल भी मिलता है। यह बात कस्बे के आजाद नगर स्थित दुर्गा देवी मंदिर परिसर में सप्त दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा समापन के पश्चात कथावाचक पंडित विनोद व्यास ने लोगों को बताई। कहा कि हवन पूजन के उपरांत भगवान को अर्पित किए गए प्रसाद को ग्रहण करना एक दिव्य आशीर्वाद माना जाता है। भगवान को लगाए गए भोग का बचा हुआ शेष भाग भक्तों के लिए प्रसाद बन जाता है। यहां कथा के बाद भंडारे का आयोजन किया गया। अमृत विचार

# भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं का वर्णन

संवाददाता, मंगलपुर

**अमृत विचारः** परहुली गांव में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के छठे दिन भगवान श्रीकृष्ण की दिव्य लीलाओं का किया। कथा व्यास विकास ब्रह्मचारी परशुराम हरभजन दास महाराज ने रासलीला सहित भगवान श्रीकृष्ण के विभिन्न प्रसंगों पर व्याख्यान प्रस्तुत किया।

परहुली गांव में 24 जनवरी से श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ हुआ था। कथा के छठे दिन व्यास जी ने भगवान की श्रेष्ठतम लीला रासलीला का वर्णन करते हुए कहा कि रास कोई सांसारिक कामना की कथा नहीं, बल्कि जीव और शिव के मिलन की कथा है। यह काम को बढ़ाने की नहीं, बल्कि काम पर विजय प्राप्त करने की लीला है। उन्होंने बताया कि रासलीला में कामदेव ने अपने पूर्ण सामर्थ्य के साथ भगवान पर आक्रमण किया, लेकिन वह भगवान को पराजित नहीं कर सके और स्वयं परास्त हो गए। गोपी गीत के प्रसंग में व्यास जी ने कहा कि जब जीव में अहंकार आता है तो भगवान उससे दूर हो जाते हैं, लेकिन जब जीव भगवान के विरह में तड़पता है तो श्रीकृष्ण उस पर अनुग्रह कर दर्शन देते हैं।

भगवान श्रीकृष्ण के विवाह प्रसंग का वर्णन करते हुए उन्होंने बताया कि भगवान का प्रथम विवाह विदर्भ देश के राजा की पुत्री रुक्मणि के साथ हुआ, जिसमें रुक्मणि का हरण कर विवाह संपन्न हुआ। कथावक्ता ने समझाया कि रुक्मणि साक्षात लक्ष्मी स्वरूप हैं और लक्ष्मी नारायण से अलग रह ही नहीं सकतीं। उन्होंने संदेश दिया कि यदि जीव अपने धन का उपयोग भगवान के कार्यों में करता है तो वह शुभ फलदायी होता है, अन्यथा वह धन किसी न किसी रूप में नष्ट हो जाता है।

उन्होंने परमार्थ में धन लगाने और लक्ष्मी-नारायण की सेवा करने का महत्व समझाया। कथा के दौरान भगवान श्रीकृष्ण और रुक्मणि सहित अन्य विवाहों का भी वर्णन किया गया। वहीं भजन गायन के माध्यम से कथा में भक्ति रस घोला गया, जिससे प्रांगण में उपस्थित सभी श्रद्धालु भाव-विभोर नजर आए।



भजन सुनाते हरभजनदास महाराज।

### कार्यक्रम

शहीद दिवस के अवसर पर कलेक्ट्रेट में हुआ आयोजन

# शहीदों की स्मृति में रखा मौन, बलिदान का किया स्मरण

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

**अमृत विचारः** शहीद दिवस पर शुक्रवार को कलेक्ट्रेट में अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा शहीदों की स्मृति में दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। जिलाधिकारी कपिल सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में श्रद्धांजलि कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी सहित देश की आज़ादी, एकता एवं अखंडता के लिए अपने प्राणों का सर्वोच्च बलिदान देने वाले अमर शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई।.इस अवसर पर जिलाधिकारी कपिल सिंह, अपर जिलाधिकारी (प्रशासन), अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) सहित कलेक्ट्रेट के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारियों ने महात्मा गांधी तथा अमर शहीदों के अदम्य साहस, त्याग और बलिदान को स्मरण किया। उपस्थित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा शहीदों की स्मृति में दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। जिलाधिकारी ने कहा कि महात्मा गांधी का जीवन सत्य, अहिंसा और देशसेवा का अनुपम उदाहरण है। उन्होंने कहा कि देश के लिए बलिदान देने वाले अमर शहीदों के त्याग को कभी भुलाया नहीं जा सकता। उनका बलिदान आने वाली पीढ़ियों को राष्ट्रभक्ति, कर्तव्यनिष्ठा और समर्पण की प्रेरणा देता रहेगा। उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों से आह्वान किया कि शहीदों के आदर्शों को अपने जीवन और कार्यों में आत्मसात करें तथा ईमानदारी, निष्ठा और संवेदनशीलता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए राष्ट्र निर्माण में योगदान दें। इस श्रद्धांजलि सभा में कलेक्ट्रेट के समस्त विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।




कलेक्ट्रेट में हुई श्रद्धांजलि सभा में अफसरों ने रखा दो मिनट का मौन। अमृत विचार

### प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दी गांधी जी को श्रद्धांजलि

**कानपुर देहात।** शुक्रवार को रूरा नगर पंचायत कार्यालय के परिसर में स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा पर उनकी पुण्यतिथि के अवसर पर कांग्रेस जनों ने फूल माला चढ़कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। दो मिनट मौन रखा। इस अवसर पर कांग्रेस के जिला मनरेगा कोऑर्डिनेटर कानपुर देहात दिलीप कुमार सिंह मुन्ना ने महात्मा गांधी के बारे में बताया कि महात्मा गांधी ने अहिंसा को अपना कर पूरे विश्व को सत्याग्रह का एक हथियार दिया। पूरे विश्व में ऊंच,-नीच, काले-गोरे का भेदभाव खत्म करने का काम किया। जिला कांग्रेस सेवा दल के अध्यक्ष वीरेंद्र शुक्ला बीरे ने कहा कि महात्मा गांधी पूरे विश्व में पूजे जाते हैं। पूरे विश्व में उनकी जगह-जगह प्रतिमाएं लगी हुई है। महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि देने वालों में एनएसयूआई के पूर्व जिला अध्यक्ष विवेक कुमार पांडे, रमेश श्रीवास्तव, रघुनाथ सिंह भदोरिया, पप्पू पाल, अमर पाल, सुलेमान खान, इरफान कुरैशी आदि लोग उपस्थित रहे।

# रंगोली स्पर्धा में छात्राओं ने परचम लहराया

संवाददाता, रसूलाबाद

**अमृत विचार।** स्नेहलता गुप्ता मेमोरियल डिग्री कालेज में हो रहे उमंग महोत्सव में आज हुई रंगोली प्रतियोगिता में जहां सुषमा व ईशा भारती ने संयुक्त रूप से प्रथम स्थान प्राप्त किया वहीं छात्राओं की लंबी कूद में खुशबू प्रथम रहीं।

शुक्रवार को संपन्न हुई गायन में स्नेहा त्रिवेदी ने प्रथम व आयुषी द्विवेदी, रंगोली में सुषमा व ईशा भारती ने संयुक्त रूप से प्रथम अंशिका त्रिपाठी व प्रतिष्ठा द्विवेदी ने द्वितीय और अक्षरा द्विवेदी एवं सुनीता द्विवेदी ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रश्नोत्तरी में रचिता दुबे ने प्रथम, नित्या यादव ने द्वितीय और अंकुश कुमार ने तृतीय, निबंध में आकांक्षा गुप्ता ने प्रथम, ईशा भारती ने द्वितीय और अरजीत सिंह ने तृतीय, लंबी कूद में खुशबू शर्मा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। शनिवार को समापन दिवस पर पुरस्कार वितरण एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। इस दौरान स्पर्धा के प्रभारी एवं प्राचार्यों में डॉ सिद्धाराम राजपूत, डॉ. आलोक वर्मा, डॉ. विमल यादव, डॉक्टर अनुराधा, डॉक्टर सचिन कटियार डॉक्टर सी के त्रिपाठी, डॉक्टर संतोष बाजपेई, डॉ अजीत गुप्ता, डॉ राजीव राजपूत, डॉक्टर आरएन शुक्ला, विवेक पांडेय, डॉ दिनेश राजपूत आदि प्राध्यापक मौजूद रहे।



शिक्षकों के साथ लंबी कूद की विजेता खुशबू शर्मा। अमृत विचार



छात्राओं द्वारा बनाई गई रंगोली।

## न्यूज ब्रीफ

### वाहन की टक्कर से घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

**घाटमपुर।** थाना क्षेत्र के तिलसड़ा गांव निवासी अभय पाण्डेय बीते बुधवार देर शाम निजी काम से तरगांव गए थे। वहां से वापस घ लौटते समय गांव के किनारे पहुंचते ही अज्ञात वाहन उसे टक्कर मारते हुए भाग निकला था। हादसे में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया था, जिसे पतारा सीएचसी से प्राथमिक उपचार कर गंभीर हालत में कानपुर जिलास्पताल रेफर किया गया था। वहां पर उपचार के दौरान शुक्रवार सुबह युवक ने दम तोड़ दिया। घाटमपुर इंस्पेक्टर दिनेश सिंह बिष्ट ने बताया कि युवक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है।

### गार्ड को डंडे से पीटा सिर फटा

**बिठूर।** थाना क्षेत्र के कुकुरादेव गांव में जलजीवन मिशन योजना के तहत बनी पानी की टंकी में गोपाल कश्यप गार्ड के पद पर कार्यरत हैं। चौबेपुर के शादीपुर निवासी गोपाल ने बताया कि गुरुवार शाम कुकुरदेव निवासी भरत अपने बेटे सचिन के साथ आये और शराब के नशे में टंकी में रखे पाइप ले जाने लगे रोका तो गालियां बकते हुए उसके साथ मारपीट कर दी। सचिन ने गोपाल के सिर पर डंडे और ईट से हमला कर दिया, जिससे उसका सिर फट गया। 112 की सूचना पर पहुंची पुलिस ने भरत को मौके पर से पकड़ लिया। मामले में पीड़ित गोपाल ने मंधना चौकी में पिता पुत्र के खिलाफ तहरीर दी है।

### मोबाइल के साथ लुटेरा दबोचा गया

**हमीरपुर।** करगांव गांव निवासी शिक्षक विक्रम सिंह पुत्र जयकरन सिंह 20 दिन पहले बाइक से घर लौट रहे थे, तभी रास्ते में सात युवकों ने उन्हें रोककर तमंचे के बल पर लूटपाट करते मारपीट की थी। बाइक, जंजीर मोबाइल फोन लूटकर भाग गए थे। शिक्षक ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने 6 युवकों को गिरफ्तार कर बाइक, जंजीर बरामद कर जेल भेजा था। एक आरोपी आशीष कुमार पुत्र छत्रपाल सिंह फरार था। एसआई अंकित बैसला ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर लूटा गया मोबाइल फोन बरामद कर जेल भेजा है।

### चोरों ने बंद पड़े घर से चोरी किया सामान

**हमीरपुर।** कस्बे के बाजार मोहाल में अभिषेक कुमार गुप्ता की करीब दस वर्ष पुरानी लोहे के पार्ट की दुकान थी। उन्होंने 2019 में दुकान बंद कर दी और सामान घर से करीब पचास मीटर दूर दूसरे घर में रख दिया था। अभिषेक ने बताया कि 20 जनवरी को सामान सुरक्षित था। एक सप्ताह बाद जाकर देखा तो कुछ पार्ट्स गायब थे। सामान अस्त-व्यस्त था। अगले दिन कटिया मशीन के पार्ट्स, बियरिंग, जनरेटर सेट का सामान गायब मिला। थानाध्यक्ष नंदराम प्रजापति ने बताया कि तहरीर मिली है, जांच कर चोरों की तलाश कर कार्रवाई की जाएगी।

### हादसे में घायल बच्ची की थम गई सांस

**हमीरपुर।** 18 जनवरी को एक ऑटो मुख्यालय से सवारियां लेकर मौदहा जा रहा था। ऑटो में इंगोहटा निवासी दिलीप सोनकर अपनी पत्नी अंकिता सोनकर, पुत्री दिव्यांशी (3) के साथ बैठे थे। हाईवे पर प्रेम नगर के लीणा नाला पुल के समीप ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में दिव्यांशी गंभीर रूप से घायल हुई थी। उसे कानपुर के हैलट अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां गुरुवार को उसकी मौत हो गई। शुक्रवार को शव आते ही घर में कोहराम मच गया।

### बच्चों ने सड़क सुरक्षा का दिया संदेश

**हमीरपुर।** रानी लक्ष्मी बाई तिराहे पर सरस्वती विद्या मंदिर के स्काउट बच्चों ने सड़क सुरक्षा का संदेश दिया। छात्रों ने बिना हेलमेट वालों को रोका और हेलमेट पहनने को जागरूक किया। एआरटीओ ने दो से अधिक सवारी वालों को रोककर अभिभावकों से बात की और चालान भी किया। एक नाबालिग के ई रिक्शा चलाते पकड़े जाने पर सीज किया। क्षमता से अधिक सवारी बिठाए आधा दर्जन से अधिक ऑटो के चालान काटे।

### ठड़ेश्वरी आश्रम में नेत्र शिविर कल

**हमीरपुर।** ठड़ेश्वरी आश्रम में सद्‌गुरु नेत्र चिकित्सालय जानकी कुंड की ओर से एक फरवरी को नेत्र शिविर लगेगा। डॉ.आयुष मिश्रा ने बताया कि शिविर सुबह 9 बजे शुरू होगा। मोतियाबिंद रोगियों को ऑपरेशन के लिए चित्रकूट ले जाया जाएगा।

# ब्लॉक परिसर में गंदगी देख भड़के डीएम

## सीएचसी में नदारद मिले चिकित्सक व कर्मी, जिम्मेदार अधिकारियों को लगाई फटकार

संवाददाता, चौबेपुर

**अमृत विचार।** विकास कार्यों का जायजा लेने व स्वास्थ्य सेवाओं की हकीकत परखने के लिए जिलाधिकारी कानपुर नगर ने शुक्रवार को विकास खंड कार्यालय व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान खामियां मिलने पर उन्होंने जिम्मेदार अधिकारियों को जमकर फटकार लगाई और व्यवस्थाओं में जल्द सुधार लाने के निर्देश दिए।



अधिकारी को दिशा निर्देश देते जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह। अमृत विचार

शुक्रवार दोपहर करीब 2:00 बजे ब्लॉक मुख्यालय पहुंचे जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने सबसे पहले खंड विकास अधिकारी यशवीर सिंह से क्षेत्र में हो रहे विकास कार्यों व कल्याणकारी योजनाओं की प्रगति पूछी। इस दौरान उन्होंने योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाने में किसी तरह की लापरवाही न बरते जाने की बात कही। निकट ही सभागार में चल रहे एसआईआर कार्यों को देखे जाने के साथ ही उन्होंने मौके पर मौजूद आवेदनकर्ताओं से भी बातचीत की। निरीक्षण के दौरान शौचालय में जबरदस्त गंदगी, खुले लटक रहे बिजली के तार व पानी की व्यवस्था न देख डीएम साहब का पारा चढ़ गया। उन्होंने मौके पर मौजूद बीडीओ को जमकर फटकार लगाई। निरीक्षण में सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) अतुल शुक्ला, बीटीए कन्हैया लाल और सहायक अभियंता (आरईएस) विवेक सिंह अनुपस्थित पाए गए। उपस्थिति पंजिका में अनियमितता मिलने पर जिलाधिकारी ने खंड विकास अधिकारी यशवीर सिंह से दो दिन में स्पष्टीकरण देने के निर्देश दिए।

करीब आधा घंटा तक यहां रुकने के पश्चात डीएम सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे। वहां पर उन्होंने सबसे पहले रक्त जांच व औषधि कक्ष का निरीक्षण किया। उपस्थिति रजिस्टर की जांच के दौरान उन्होंने सभी कर्मियों को मौके पर बुलाकर हाजिरी चेक की। यहां पर 10 स्वास्थ्यकर्मी ड्यूटी से अनुपस्थित पाए गए, जिसपर जिलाधिकारी ने सभी का एक दिन का वेतन काटने के निर्देश दिये। साथ ही डीएम ने सीएचसी अधीक्षक डॉ. यशोवर्धन सिंह से जवाब तलब कर व्यवस्था में सुधार लाने के निर्देश देते हुए स्पष्टीकरण तलब करने के निर्देश दिए। साथ ही कर्मचारियों को अनुशासन में रहकर समय पर आने-जाने के निर्देश दिए। अस्पताल में एक्स रे मशीन व डेंटल चेयर की उपलब्धता होने के बावजूद इस्तेमाल न होने पर इनको जल्द उपयोग में लाये जाने की बात कही। दवाइयों का पर्याप्त स्टाक व एक्सपायरी दवाइयां न मिलने पर उन्होंने संतोष व्यक्त किया। अस्पताल में साफ सफाई व ओपीडी सुचारू रूप से संचालित किए जाने पर विशेष जोर दे, स्वास्थ्य सेवाओं में किसी भी तरह की लापरवाही न बरते जाने के कड़े निर्देश दिए।

## पांच दिन से बिजली के पोल पर बैठे बंदर का किया रेस्क्यू

**बिठूर।** मंधना चौराहे पर मंधना बिठूर रोड पर बिजली के पोल पर एक बंदर बीते पांच दिनों से बैठा हुआ है। लोगों ने काफी प्रयास किया लेकिन बंदर पोल से नीचे नहीं उतरा।

शुक्रवार दोपहर को पोल की बिजली कटवाकर मंधना चौकी के सिपाही रविकांत ने पोल पर चढ़कर बंदर को नीचे लाने का प्रयास किया तो आसपास के कई बंदर आ गए और सिपाही को नीचे उतरना पड़ा। स्थानीय लोगो ने लंबे बांस में केले और रोटियां बांधकर बंदर को देने की कोशिश की लेकिन बंदर ने कुछ नहीं खाया। देर शाम कानपुर के एक एनजीओ संचालक परीक्षित सिंह और साक्षी शुक्ला द्वारा सूचना मिलने पर कर्नलगंज फायर बिग्रेड की गाड़ी से आये दमकल कर्मियों ने घंटों की मशक्कत के बाद बंदर को सुरक्षित नीचे उतारा ।


www.amritvichar.com पर भी खबरें पढ़ें

# भूमि विकास बैंक के अध्यक्ष सुरेंद्र को मिला प्रमाण पत्र

संवाददाता, चौबेपुर

**अमृत विचार।** चौबेपुर-शिवराजपुर भूमि विकास बैंक के अध्यक्ष पद के लिए गत 20 जनवरी को हुए नामांकन में किसी अन्य प्रत्याशी द्वारा पर्चा दाखिल न किए जाने से भाजपा समर्थित प्रत्याशी सुरेंद्र दीक्षित का निर्विरोध निर्वाचित होना लगभग तय हो गया था।

21 जनवरी को नामांकन पत्र की जांच प्रक्रिया के बाद शुक्रवार को प्रबंधक अखिलेश कुमार द्वारा निर्विरोध निर्वाचित सुरेंद्र दीक्षित को प्रमाण पत्र दिया गया। इस दौरान भाजपाइयों ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष का मुंह मीठा करा उन्हें इस नई जिम्मेदारी की बधाई व शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर क्षेत्रीय विधायक राहुल बच्चा सोनकर, रवी दीक्षित,मोहित शुक्ला, गुड्डू सिंह,अतुल दुबे व अनुराग दुबे आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।



प्रमाण पत्र लेते भूमि विकास बैंक के अध्यक्ष सुरेंद्र दीक्षित। अमृत विचार

# अज्ञात वाहन की टक्कर से अधेड़ की गई जान

संवाददाता, घाटमपुर

- हमीरपुर स्थित एक गैस एजेंसी में काम करता था अधेड़
- हादसे के बाद वाहन समेत चालक हुआ फरार

**अमृत विचार।** सजेती थाना क्षेत्र के अनूपुर मोड़ से बीबीपुर मार्ग पर गुरुवार देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में 55 वर्षीय अधेड़ की मौत हो गई। मृतक हमीरपुर से ड्यूटी कर पैदल अपने गांव लौट रहा था, तभी किसी अज्ञात वाहन ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। हादसे के बाद वाहन चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया।

मऊनखत निवासी रामबाबू (55) हमीरपुर स्थित एक गैस एजेंसी में कार्यरत थे। गुरुवार रात ड्यूटी समाप्त कर वह अनूपुर मोड़ पहुंचे और वहां से बीबीपुर मार्ग होते हुए पैदल अपने गांव मऊनखत जा रहे थे। इसी दौरान रास्ते में किसी अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद स्थानीय लोगों की मदद से रामबाबू को पास के एक निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही परिजन अस्पताल पहुंचे। शव को देखकर परिजनों में कोहराम मच गया।

रामबाबू के परिवार में दो बेटे राहुल (22) व आयुष (19) तथा दो बेटियां रचना (28) और छोटी (25) हैं। दोनों बेटियों की शादी हो चुकी है। रामबाबू परिवार के एकमात्र कमाने वाले सदस्य थे, जिससे उनकी मौत के बाद परिजनों के सामने आर्थिक संकट भी खड़ा हो गया है। थाना प्रभारी अनुज भारती ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। साथ ही आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों से दुर्घटना करने वाले वाहन की तलाश की जा रही है।

# घाटमपुर में ट्रक ने बाइक सवार युवक को मारी टक्कर, मौत

संवाददाता ,घाटमपुर

- ग्रामीणों ने शव को मुगल रोड पर रखकर लगाया जाम
- एसीपी के समझाने पर दो घंटे बाद खुला जाम



नरेंद्र।

**अमृत विचार।** रेउना थाना क्षेत्र अंतर्गत मुगलरोड स्थित शाखा जनवारा गांव के पास शुक्रवार देर शाम एक दर्दनाक हादसा हो गया। यहां पर अनियंत्रित ट्रक ने बाइक सवार युवक को टक्कर मारते हुए रौंद दिया। वहां पर मौजूद लोग उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे । वहां पर मौजूद डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

युवक की पहचान रेउना थाना क्षेत्र के ललकी पुरवा निवासी 32 वर्षीय नरेंद्र के रूप में हुई है। बताया गया कि नरेंद्र बाइक से दूध लेकर मूसानगर गया था। दूध डालने के बाद जब वह वापस अपने गांव लौट रहा था, तभी शाखा जनवारा गांव के पास पीछे से आ रहे ट्रक ने उसे टक्कर मार दी। सड़क पर गिरने के बाद ट्रक ने युवक को रौंद दिया। वहां पर मौजूद लोग उसे लेकर सीएचसी पहुंचे। वहां पर मौजूद डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं हादसे के बाद चालक ट्रक मौके पर छोड़कर फरार हो गया। इधर युवक की मौत की खबर मिलते ही परिजन और ग्रामीण सीएचसी पहुंच गए। गुस्साए ग्रामीण शव को गांव के सामने सड़क पर रख कर बैठ गए और मुआवजे की मांग को लेकर जाम लगा दिया। ग्रामीण मृतक के परिजनों को दस लाख रुपये मुआवजा दिए जाने की मांग कर रहे थे। जाम की सूचना मिलते ही घाटमपुर एसीपी कृष्णकांत यादव पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने परिजनों व ग्रामीणों को काफी देर तक समझाया। साथ ही फोन पर घाटमपुर एसडीएम अविचल प्रताप सिंह से भी बात कराई ।

अधिकारियों द्वारा नियमानुसार कार्रवाई और हर संभव सहायता का आश्वासन दिए जाने के बाद करीब दो घंटे बाद ग्रामीण शांत हुए और जाम खोल दिया गया। इस दौरान मुगलरोड पर करीब दो घंटे तक यातायात पूरी तरह बाधित रहा। वहीं घाटमपुर एसीपी कृष्णकांत यादव ने बताया कि मामले में नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है, और फरार ट्रक चालक की तलाश जारी है। आश्वासन के बाद ग्रामीणों ने मुगल रोड पर जाम समाप्त कर दिया।

# शिव मंदिर के वार्षिकोत्सव पर हुए विशाल भंडारे में उमड़े श्रद्धालु

संवाददाता, चौबेपुर

**अमृत विचार ।** क्षेत्र के रौतापुर कलां गांव स्थित प्राचीन शिव मंदिर के वार्षिकोत्सव पर शुक्रवार को भंडारे का आयोजन किया गया। इस दौरान मौके पर पहुंचे भक्तों के अलावा राह गुजरते लोगों को प्रसाद वितरित किया गया।

रौतापुर कलां गांव में प्राचीन शिव मंदिर का जीर्णोद्धार 22 वर्ष पहले 30 जनवरी को कराया गया था। मान्यता है कि यहां स्थित शिवलिंग का दर्शन व पूजन करने से सुख ,शांति और समृद्धि के साथ भक्त की हर मनोकामना पूर्ण होती है। वार्षिकोत्सव पर प्रत्येक वर्ष यहां विभिन्न प्रकार के धार्मिक कार्यक्रम आयोजित होते हैं। इस बार भी विशाल भंडारे का आयोजन कराया गया। जहां मौके पर पहुंचे भक्तों के अलावा राह गुजरते लोगों को आयोजकों द्वारा प्रसाद वितरित किया गया। कार्यक्रम के दौरान घनश्याम मिश्रा, बाबू मिश्रा, श्री कृष्ण,राम प्रकाश, लकी ,सूरज ऋषभ मिश्रा के अलावा समाजसेवी सौरभ शुक्ला प्रमुख रूप से मौजूद रहे।



भगवान शिव की पूजा करते श्रद्धालु। अमृत विचार

### भागवत कथा के समापन पर भक्तों ने छका प्रसाद

**शिवराजपुर।** क्षेत्र के सुज्जा नेवादा गांव में मां फूलमती मंदिर के वार्षिकोत्सव पर हो रही भागवत कथा का शुक्रवार समापन होने पर भंडारा किया गया। सप्ताहिक कथा में आचार्य ने अपने श्रीमुख से भागवत के अनेक प्रसंगों का बखान किया जिसमें गांव एवं क्षेत्र के लोगों ने पहुंचकर कथा सुनी। कानपुर देहात के करकरापुर से आये भगवताचार्य प्रदीप त्रिपाठी ने कहा कि श्रीमदभागवत कथा के समापन पर भंडारा होने से सुख शांति और समृद्धि बढ़ती हैं। सुरेश पाल, अन्नू यादव, सचिन यादव, आलोक पाल, भानू यादव, अशोक पाल अमित यादव रहे।

# अखिलेश ने सपाइयों का किया उत्साहवर्धन

संवाददाता, बिल्हौर

**अमृत विचार ।** हाईवे से निकलते समय समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव से बिल्हौर के सपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने मुलाकात की। अखिलेश यादव के स्वागत के लिए कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह देखने को मिला।

इस मुलाकात का मुख्य केंद्र आगामी पंचायत चुनाव रहा। पार्टी के विभिन्न पदाधिकारियों ने पंचायत चुनावों की जमीनी हकीकत और तैयारियों को लेकर अपनी बात राष्ट्रीय अध्यक्ष के समक्ष रखी। साथ ही मुलाकात के दौरान अखिलेश यादव ने कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें जनता के बीच जाकर पार्टी की नीतियों का प्रचार करने और आगामी चुनावों में जीत सुनिश्चित करने का मंत्र दिया। इस अवसर पर मुख्य रूप से रचना सिंह,विनय यादव,लोकेश अवस्थी समेत तमाम क्षेत्रीय सपा नेता व कार्यकर्ता मौजूद रहे।



अखिलेश यादव से मुलाकात करते सपा नेता। अमृत विचार

**दिये निर्देश** | सीडीओ दीक्षा जैन ने आवास परिसर, भवनों की स्थिति, जलापूर्ति, बिजली व्यवस्था आदि कार्यों की प्रगति देखी

# आसरा आवास के निरीक्षण में मिलीं अनियमितताएं

संवाददाता, घाटमपुर

- खामियां मिलने पर कार्यदाई संस्था सीएनडीएस को लगाई फटकार
- प्रोजेक्ट मैनेजर को तय समय पर काम पूरा करने के दिये निर्देश

**अमृत विचार।** घाटमपुर में शुक्रवार दोपहर मुख्य विकास अधिकारी दीक्षा जैन ने आसरा आवास योजना के तहत बने आवासों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान निर्माण कार्य में कई गंभीर खामियां सामने आईं, जिस पर उन्होंने कार्यदाई संस्था सीएनडीएस को कड़ी फटकार लगाई और मौके पर मौजूद प्रोजेक्ट मैनेजर सर्वेश वर्मा को निर्देश दिए कि सभी कमियों को तय समय के भीतर दूर कराया जाए।



आसरा आवास का निरीक्षण करतीं सीडीओ दीक्षा जैन। अमृत विचार

निरीक्षण के दौरान सीडीओ दीक्षा जैन ने आवास परिसर, भवनों की स्थिति, जलापूर्ति, बिजली व्यवस्था तथा दीवारों में सीलन जैसी समस्याओं का निरीक्षण किया। उन्होंने पाया कि परियोजना के अंतर्गत कुल 840 आवास बनाए गए हैं, जिनका निर्माण कार्य लगभग पूरा हो चुका है, लेकिन अब तक फिनिशिंग का कार्य नहीं कराया गया है। इससे आवासों की गुणवत्ता पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

सीडीओ ने कहा कि गरीब व जरूरतमंद परिवारों के लिए बनाए गए आवासों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने सीएनडीएस अधिकारियों को निर्देशित किया कि पानी की नियमित आपूर्ति, बिजली कनेक्शन, सीलन की समस्या और अधूरे निर्माण कार्य को प्राथमिकता के आधार पर पूरा कराया जाए। पिछले वर्ष घाटमपुर नगर पालिका द्वारा 86 जरूरतमंद परिवारों को आवास आवंटित किए जा चुके हैं, जिनमें कई परिवार वर्तमान में रह रहे हैं।

निरीक्षण के दौरान यहां रहने वाले लोगों ने सीडीओ दीक्षा जैन को अपनी समस्याएं भी बताईं। लोगों ने बताया कि कई आवासों में सीलन है, कहीं पानी की व्यवस्था ठीक नहीं है तो कहीं बिजली से जुड़ी दिक्कतें बनी हुई हैं। लोगों की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए सीडीओ ने कार्यदाई संस्था सीएनडीएस को मौके पर ही आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि सभी समस्याओं का जल्द से जल्द समाधान कराया जाए, ताकि लाभार्थियों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें।

अमृत विचार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**
मैं किरन वैश्य पत्नी उमाशंकर निवासी ग्राम नईबस्ती, म. बेनीगंज देहात, तहसील संडीला की निवासिनी हूं। मेरा नाम किरन वैश्य उर्फ सुषमा पत्नी उमाशंकर भी है। मुझे दोनों नामों से जाना व पहचाना जाए। **किरन वैश्य उर्फ सुषमा पत्नी उमाशंकर, निवासी ग्राम नईबस्ती, म. बेनीगंज देहात, तहसील संडीला**

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**
मेरी पत्नी का नाम पासपोर्ट में ताहिरा खातून अंकित है, जो कि गलत है। आधार कार्ड व अन्य दस्तावेजों में सही नाम ताहिरा बानो दर्ज है। यही नाम सही समझा व जाना जाए। **अहमददीन पुत्र मोहम्मद रजा, निवासी ग्राम नईबस्ती, म. बेनीगंज देहात परगना व तहसील संडीला, जिला हरदोई।**

**सूचना**
मैने अपना नाम बिनोद से बदल कर विनोद पुत्र श्री कन्हैया रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। **विनोद पुत्र श्री कन्हैया निवासी–मझिगवां, पिपरगाओं, भरावन, जिला–हरदोई 241202**

**सूचना**
सूचित किया जाता है। कि मैने अपना नाम SANA FATIMA से SANA JAMAL कर लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जानी व पहचानी जाऊ SANA JAMAL 295/130, DEEN DAYAL ROAD ASHARFABAD LUCKNOW-226003

**सूचना**
मेरा पहला नाम अरबुन निशा था। अब मैंने अपना नाम बदलकर किताबुन निशा (kitabun nisha) कर लिया है। मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। किताबुन निशा (kitabun nisha) w/0 गुलाम मोहम्मद ग्राम ढोढरी पोस्ट जेवनार जिला बलरामपुर

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम RITESH KUMAR AGARWAL S/O KAILASH NATH AGARWAL था जो कि मैने अपना नाम बदलकर RITESH KUMAR AGRAWAL S/O KAILASH NATH रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। निवासी राज स्टूडियो गली ब्राह्मणीपुरा थाना कोतवाली नगर जिला बहराइच यूपी।

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम SAJIYA w/o MOHD JIYA ASHRAF था जो दिनांक 20/01/2026 को मैने अपना नाम बदलकर SHOOBI w/o MOHD JIYA ASHRAF रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जाए। निवासी ग्राम महराजगंज पोस्ट जोत चांदपारा थाना हरदी जिला बहराइच यूपी।

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम RITESH KUMAR AGARWAL S/O KAILASH NATH AGARWAL था जो कि मैने अपना नाम बदलकर RITESH KUMAR AGRAWAL S/O KAILASH NATH रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। निवासी राज स्टूडियो गली ब्राह्मणीपुरा थाना कोतवाली नगर जिला बहराइच यूपी।

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम GANGESH GOYAL S/O TEK CHANDRA GOYAL था जो दिनांक 15/01/2026 को मैने अपना नाम बदलकर GANGESH KUMAR GOEL S/O TEK CHANDRA GOEL रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। निवासी मोहल्ला छावनी निकट अग्रवाल प्रेस थाना दरगाह जिला बहराइच यूपी।

**सूचना**
मै नन्दनी राजपूत पुत्री राजाराम ग्राम भुवादेव पो. धरई तह. सलोन जिला रायबरेली की निवासी हूं। मेरा वर्ष 2018 हाईस्कूल अनुक्रमांक 1816621 का मूल अंकपत्र सह प्रमाणपत्र वास्तव में कही खो गया है।काफी तलाश किया परन्तु अंकपत्र सह प्रमाणपत्र नही मिल सका।

**सूचना**
सूचित हो कि मै जय कृष्ण प्रताप सिंह पुत्री ADYA SINGH ग्राम रसवादा पोस्ट– धम्मौर, जिला सुलतानपुर के विद्यालय अभिलेखों में तथा पिता का त्रुटिपूर्ण नाम JAI KRISHN PRATAP SINGH है जबकि सही नाम JAY KRISHNA PRATAP SINGH है। पिता का सही नाम संशोधित कर विद्यालय अभिलेखों में अंकित किया जाय।

**सूचना**
मैं **चम्पा पत्नी नान्हे निवासी ग्राम मांझा रायपुर पोस्ट गिदरापुर तहसील सिरौली गौसपुर थाना टिकैतनगर जनपद बाराबंकी** की निवासिनी हूँ। मेरे मतदाता पहचान पत्र व अन्य अभिलेखों में वास्तविक नाम और पता यही है। जबकि आधार कार्ड में त्रुटिवश ननकई उर्फ चम्पा दर्ज हो गया था। जबकि दोनों नाम मेरे ही है। मेरे वास्तविक नाम चम्पा पत्नी नान्हे के नाम से ही जाना व पहचाना जाए।


**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम पासपोर्ट में त्रुटिवश MOHAMMAD ZAFAR अंकित हो गया है जबकि मेरा वास्तविक नाम जफर मो0 शेख (ZAFAR MOHD SHAIKH) है। अबसे मैं सभी जगह कानूनी रुप से जफर मो0 शेख ZAFAR MOHD SHAIKH नाम का उपयोग करूंगा और इसी नाम से जाना जाऊँगा। **जफर मो0 शेख** (ZAFAR MOHD SHAIKH) **पुत्र लाल मोहम्मद निवासी सम्राट सिटी कालोनी, सिकौरी, हरदोई मार्ग, काकोरी लखनऊ उ0प्र0–227107**

**सूचना**
मेरी मूल रजिस्ट्री भवन सं.–3/1083 सेक्टर–3 जानकीपुरम विस्तार, लखनऊ की दि. –17/06/2011 बही सं.–I जिल्द सं.–8017 पृस्ट सं.–91 सं.–120 क्रमांक सं.–7216 जो कि भवानी चौराहा जानकीपुरम लखनऊ दि. –28/01/2026 को खो गयी है। मैने काफी तलाश किया परन्तु पता नही चल सका जिसका उपयोग अवैध होगा।
**श्री कमला कान्त तिवारी , पुत्र हरीश कुमार तिवारी , नि.–104/11 सबदल बाग लालकुआं लखनऊ , मो.नं.–9005583840**

**सूचना**
मैं **राम कमार पुत्र भीखा निवासी ग्राम व पोस्ट परियर तहसील व जिला उन्नाव** अपने पुत्र सूरज व पुत्रवधू रोशनी पत्नी सूरज के क्रिया कलापों से आजिज होकर अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। अब मेरे पुत्र सूरज व पूत्रवधू रोशनी द्वारा किये गये किसी भी कृत्य व लेनदेन के लिए मैं व मेरा परिवार जिम्मेदार नहीं होगा। उसके लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे।

**सूचना**
सर्व साधारण को सूचित हो कि मेसर्स आर0एन0 कान्ट्रैक्टर एण्ड सप्लायर जो कि 5/4/93 अमानीगंज, फैजाबाद जिला–अयोध्या उत्तर प्रदेश में स्थित है के साझीदार श्री अवनीश पाण्डेय निवासी 5/4/93ए अमानीगंज, फैजाबाद जिला–अयोध्या का व्यक्तिगत कारणों से उपरोक्त फर्म से पृथक हो रहे हैं तथा उक्त फर्म के भागीदार नहीं रहेगें। उनके स्थान पर नये साझेदार के रूप् में श्रीमती कात्यायनी पाण्डेय पत्नी श्री अवनीश पाण्डेय निवासी 5/4/93ए अमानीगंज, फैजाबाद जिला–अयोध्या उत्तर प्रदेश नये साझीदार के रूप में शामिल किये गये है।

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं **अनवर अली पुत्र मुबारक अली, मोहल्ला गाड़ी बाजार पूर्वी तहसील करनैलगंज जिला गोंडा** का निवासी हूँ। मेरे समस्त अभिलेख में जन्मतिथि 01/01/1976 दर्ज है, जोकि सही एवं सत्य है। भविष्य में मेरे अन्य अभिलेख का सत्यापन इसी जन्मतिथि के आधार पर माना जाए।



धीरे ही सही लेकिन हमेशा चलते रहें क्योंकि एक समय के बाद ठहरा हुआ पानी भी सड़ने लगता है।

- एपीजे अब्दुल कलाम


# अमृत विचार

कानपुर महानगर

www.amritvichar.com

कानपुर, शनिवार, 31 जनवरी 2026



कानपुर के प्रमुख समाचार

- मेरा धर्म परिवर्तन किया जा रहा, फांसी लगा रहा-II
- एलिवेटेड ट्रैक समेत दौड़ेंगी कई एक्सप्रेस-III
- चरखा चलाया, रघुपति राघव राजाराम गाया -IV



अनुराग हेल्थ केयर प्रा.लि.
•ICU •NICU DIALYSIS
• MODULAR OT
दूरबीन विधि से आपरेशन अब कम खर्च में
सीजीएचएस, मेडीक्लेम व आयुष्मान कार्ड मान्य
117/क्यू/702, शारदा नगर, कानपुर
9889538233, 7880306999


## शहर में आज



- **शोभायात्रा :** बिधनू विकास खंड के कठेरवा गांव में शोभा यात्रा।
- **सम्मेलन :** रामलीला पार्क आजाद नगर में हिंदू सम्मेलन दोपहर 1 बजे।

## सिटी ब्रीफ

### जाति विशेष पर टिप्पणी में गिरफ्तार

**कानपुर।** चकेरी में यूजीसी के चलते एक युवक ने फेसबुक पर जाति विशेष के लिए टिप्पणी पोस्ट कर दी। पुलिस ने आरोपी एकाउंट होल्डर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की और युवक गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार फेसबुक पर यूजीसी को लेकर एक युवक ने जाति विशेष पर अभद्र टिप्पणी पोस्ट की थी। पुलिस ने जांच की तो पता चला कि काजीखेड़ा निवासी अमित सागर नामक युवक ने अपने फेसबुक अकाउंट पर पोस्ट किया है। राहुल गौतम नामक युवक ने पोस्ट के समर्थन में अभद्र कमेंट भी किया। चकेरी चौकी के दरोगा पवन शर्मा की तहरीर पर अमित सागर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज हुई और गिरफ्तार कर लिया गया।

### वेतनभोगी और मध्यम वर्ग को 14 लाख तक कर मुक्त आय के साथ स्टैंडर्ड डिडक्शन एक लाख होने की आशा, कल खुलेंगे पत्ते

# किसी को मिलेगी सौगात, कोई रह जाएगा खाली हाथ

**बजट-2026 : पूर्वानुमान**

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** यह पहली बार होगा जब वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण रविवार को बजट पेश करेंगी। ऐसे में छुट्टी का दिन होने से घर-घर में सबकी निगाह टीवी पर उनकी घोषणाओं पर लगी रहेगी। खासतौर पर वेतनभोगी और मध्यम वर्ग तमाम उम्मीदें लगाए बैठे हैं।

पिछले साल बजट में 12 लाख तक की आय टैक्स फ्री और स्टैंडर्ड डिडक्शन 75 हजार करने से इस बार यह उम्मीद बलवती है कि स्टैंडर्ड डिडक्शन को एक लाख रुपये किया जा सकता है। इसी तरह नई टैक्स रिजीम में टैक्स फ्री आय बढ़ाकर 14 लाख तक की जा सकती है, जबकि 30 फीसदी की उच्चतम टैक्स स्लैब सीमा को 24 लाख से बढ़ाकर 30 लाख किया जा सकता है।

### ई-वाहन की बैटरी पर घट सकती जीएसटी



- देश में इलेक्ट्रिक वाहन नीति की सफलता के लिए जीएसटी की विसंगति दूर होने की आशा है। अभी ई-वाहनों पर पांच फीसदी जीएसटी है, जबकि बैटरी पर 18 फीसदी जीएसटी लगती है, जिसे भी पांच फीसदी किया जा सकता है। इसके साथ ही ई-व्हीकल के पार्ट्स पर सीमा शुल्क में राहत दी जा सकती है।

### बीमा कंपनियों पर कसी जा सकती नकेल

- बजट में सरकार को बीमा कंपनियों की नकेल भी कसनी होगी। जिस तरह सरकार ने बीमा पर जीएसटी कम कर आम आदमी को बड़ी राहत देने की कोशिश की थी, उस पर इन कंपनियों ने पलीता लगा दिया था। कई बीमा कंपनियों ने अपना प्रीमियम बढ़ाकर ग्राहकों से पहले जितनी ही या थोड़ी ज्यादा रकम वसूल ली।

### इन कुछ महत्वपूर्ण घोषणाओं की उम्मीद

- इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादों पर कस्टम ड्यूटी में कटौती से फोन और टीवी सस्ते हो सकते हैं।
- आयुष्मान भारत योजना के तहत मुफ्त इलाज की सीमा 5 लाख से बढ़ाई जा सकती है।
- शैक्षिक सेवाओं पर लागू 18 फीसदी जीएसटी में कटौती की जा सकती है।

## टियर-2 शहरों को ग्रोथ इंजन बनाने का मिल सकता फायदा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** केंद्रीय बजट में सरकार से टियर-2 शहरों को बड़ी उम्मीद है। कानपुर को टियर-2 शहर होने से इसका फायदा मिलना तय है। सरकार टियर-2 शहरों को विकसित भारत के ग्रोथ इंजन के रूप में देख रही है। ऐसे में इन शहरों में शहरी बुनियादी ढांचे, रियल एस्टेट और डिजिटल अर्थव्यवस्था पर फोकस रहेगा। इस परिप्रेक्ष्य में शहर को रिंग रोड के लिए धन मिल सकता है। बजट प्रस्तावों में सरकार ने इस श्रेणी के शहरों को ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर और इनोवेशन हब के रूप में विकसित करने का इरादा जताया है, ऐसे में इस तरह के किसी राष्ट्रीय ढांचे का अपना शहर भी हिस्सा बन सकता है। किफायती और मिड-सेगमेंट हाउसिंग को बढ़ावा दिए जाने पर शहर में भी डेवलपर्स और घर खरीदारों को फायदा मिलना तय है। इसी तरह माना जा रहा है कि शहर के चमड़ा उद्योग के हाथ राहत पैकेज आ सकता है।



### हमीरपुर समानांतर हाईवे

112 किलोमीटर लंबे इस हाईवे के निर्माण पर लगभग 5700 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। फरवरी माह तक टेंडर प्रक्रिया को फाइनल कर दिया जाएगा। कुल 1139 हेक्टेयर भूमि का अधिग्रहण प्रस्तावित है।



### रामादेवी से गोल चौराहा तक एलिवेटेड रोड

रामादेवी से गोल चौराहा तक जीटी रोड पर बनने वाली लगभग 11 किमी लंबी एलिवेटेड रोड परियोजना की अनुमानित लागत अब 1,500 करोड़ रुपये तक पहुंच गई है, जो पहले 900 करोड़ रुपये थी। इस परियोजना के इसी वर्ष शुरू होने की संभावना है।


(संबंधित खबर पेज III पर)




"मौजूदा वैश्विक परिदृश्य में निर्यातकों को सहूलियत मिलने की उम्मीद है, तभी एफटीए का पूरा लाभ मिल सकेगा। इनोवेशन इकोसिस्टम बढ़ाने के लिए इनकम टैक्स एक्ट के सेक्शन 35(2एबी) के तहत इन-हाउस आरएंडडी खर्च के लिए 200-250 फीसदी वेटेड टैक्स डिडक्शन फिर से शुरू हो सकता है। ओवरसीज मार्केटिंग, ब्रांडिंग, ट्रेड फेयर, बायर मीट और प्रमोशनल एक्टिविटीज पर खर्च के लिए 200 फीसदी टैक्स डिडक्शन मांगा गया है, इससे भी एक्सपोर्टर्स को फायदा होगा।

-आलोक श्रीवास्तव, सहायक निदेशक, फेडरेशन ऑफ इंडियन एक्सपोर्ट ऑर्गनाइजेशन



"आयकर में राहत, स्वास्थ्य व शिक्षा खर्चों पर कर में छूट मिल सकती है। किसानों की उत्पादन लागत पर नियंत्रण और सम्मान निधि में वृद्धि संभावित है। व्यापारी और एमएसएमई वर्ग के लिए जीएसटी सुधार और सस्ते ऋण की घोषणा हो सकती है। बजट में उपभोग, निवेश और रोजगार बढ़ाने वाले फैसले होंगे।

-राहुल चंद्रा, चार्टर्ड अकाउंटेंट, पूर्व महासचिव, इनकम टैक्स बार एसोसिएशन



"ऐसा लग रहा है कि इस बार बजट में विदेश व्यापार में सबसे अधिक सहूलियत दी जाएगी। आयात और निर्यात करने में बाधा बनने वाले नियमों में छूट मिल सकती है। ऐसे प्रावधान किए जा सकते हैं, जिससे डॉलर के मुकाबले रुपये की घटती कीमत पर रोक लगाई जा सके।

-सिमरनजीत सिंह, चार्टर्ड अकाउंटेंट



"अमेरिकी टैरिफ से सर्वाधिक प्रभावित सेक्टर को राहत देने की बजट में घोषणा हो सकती है। इसमें लेदर, गारमेंट्स, होजरी, हैंडीक्रॉफ्ट सेक्टर प्रमुख हैं। एमएसएमई सेक्टर निर्यात में 40 फीसदी योगदान देता है तो उसे भी सहूलियत मिलने से इंकार नहीं किया जा सकता है।

-सुनील वैश्य, पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष, आईआईए



"इस बार लिबिरल बजट आ सकता है। लेदर सेक्टर के लिए पिछली बार जो विशेष पैकेज मांगा गया था, इस बार वह रिलीज हो सकता है। एमएसएमई सेक्टर को भी रियायत मिल सकती है। उद्योगों के विकास के लिए बजट में रियायतें मिलना बेहद जरूरी है।

-आरके जालान, राष्ट्रीय अध्यक्ष, एफडीडीआई

## नाबालिग ने दौड़ाई कार, दो घायल

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- रतनलालनगर में हादसा, आरोपी कार छोड़कर फरार

**अमृत विचार।** रतनलालनगर में कार दौड़ा रहे नाबालिग ने सड़क किनारे बैठकर अलाव ताप रहे दो मजदूरों को टक्कर मार दी। हादसे में दोनों घायल हो गए। नाबालिग ने कार भागने की कोशिश की तो अनियंत्रित हुई कार बिजली के खंभे से टकरा गई। इलाकाई लोगों के दौड़ाने पर नाबालिग कार छोड़कर भाग निकला। सूचना पर पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कार पुलिस के कब्जे में है।

गुजैनी कच्ची बस्ती निवासी अशोक बाजपेई के मकान में किराए पर रहकर अनिल और रामबाबू मजदूरी करते हैं। शुक्रवार को दोनों काम की तलाश में लेबर मंडी पहुंचे थे। कड़ाके की ठंड के चलते दोनों सड़क किनारे बैठकर अलाव ताप रहे थे। तभी रतनलाल नगर पेट्रोप पंप की ओर से एक तेज गति कार आई और दोनों मजदूरों को टक्कर मार दी। इसके बाद कार बिजली के खंभे से जा टकराई। जोरदार टक्कर से दोनों मजदूरों को चोट आईं।

वहीं कार का अगला हिस्सा खंभे से टकराकर क्षतिग्रस्त हो गया। शोर सुनकर लोगों ने दौड़ाया तो नाबालिग डर के चलते कार से उतरकर भाग निकला। रतनलाल नगर चौकी प्रभारी मनीष चौहान ने बताया कि मजदूरों को मामूली चोटें आई थीं। उपचार के बाद उन्हें घर भेज दिया गया है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

## कूड़ा जलाया गया



ठंड बढ़ने के साथ ही प्रदूषण भी बढ़ने लगा है। प्रदूषण बढ़ने के लिए कुछ हद तक नगर निगम के अधिकारी और कर्मचारी भी जिम्मेदार हैं। जहां तहां वे कूड़ा जला दे रहे हैं। इससे प्रदूषण और बढ़ रहा है। जल निगम द्वारा की जा रही खोदाई भी किसी मुसीबत से कम नहीं है, लेकिन प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारियों को खोदाई दिख नहीं रही है क्योंकि वे दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई नहीं करना चाहते हैं। • अमृत विचार

## हाईकोर्ट ने इरफान सोलंकी की याचिका कर दी खारिज

संवाददाता, प्रयागराज



इरफान सोलंकी।

- गैंगस्टर में कार्यवाही, चार्जशीट रोकने की मांग की गई थी
- कोर्ट ने कहा ट्रायल चल रहा है बयान हो रहे तो संभव नहीं

**अमृत विचार।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने सपा के पूर्व विधायक इरफान सोलंकी की उस याचिका को खारिज कर दिया है, जिसमें उन्होंने उत्तर प्रदेश गिरोहबंद और समाज विरोधी क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम, 1986 के तहत दर्ज मामले की कार्यवाही, चार्जशीट, संज्ञान आदेश, डिस्चार्ज आवेदन खारिज करने के आदेश तथा आरोप तय किए जाने की कार्यवाही को निरस्त करने की मांग की थी। न्यायमूर्ति समित गोपाल की एकलपीठ ने उक्त आदेश पारित करते हुए कहा कि जब ट्रायल शुरू हो चुका है और गवाहों के बयान दर्ज हो रहे हैं, तब इस स्तर पर हस्तक्षेप का कोई औचित्य नहीं बनता है।

मामले के अनुसार 26 दिसंबर 2022 को जाजमऊ थाने में दर्ज एफआईआर में इरफान सोलंकी को कथित गैंग लीडर बताते हुए भूमि कब्जा, आगजनी, धमकी और अवैध वसूली जैसे गंभीर आरोप लगाए गए थे। पुलिस द्वारा तैयार गैंग चार्ट को सक्षम अधिकारियों - अपर पुलिस आयुक्त, पुलिस आयुक्त से अनुमोदन प्राप्त हुआ था।

कोर्ट ने माना कि अनुमोदन स्वतंत्र विचार के बाद दिया गया और इसे यांत्रिक या पूर्व-प्रारूपित नहीं कहा जा सकता। इरफान सोलंकी की ओर से तर्क दिया गया कि उन्हें राजनीतिक द्वेष के कारण फंसाया गया है। गैंग चार्ट में नियमों का उल्लंघन है और संबंधित मूल मामले में उनकी सजा के विरुद्ध अपील लंबित है। इस आधार पर कार्यवाही को 'प्रक्रिया का दुरुपयोग' बताया गया। हालांकि राज्य सरकार ने इसका पुरजोर विरोध करते हुए कहा कि ट्रायल उन्नत चरण में है। आरोप तय हो चुके हैं और अब हस्तक्षेप न्यायहित में नहीं होगा, साथ ही गैंग चार्ट के अनुमोदन में विधि का पालन किया गया है।

मामले के तथ्यों पर विचार करते हुए हाईकोर्ट ने सुप्रीम कोर्ट के कई निर्णयों का हवाला देकर कहा कि आरोप तय होने के बाद डिस्चार्ज का प्रश्न नहीं उठता। बीएनएसएस की धारा 528 के तहत दाखिल याचिका खारिज कर दी गई और निचली अदालत में मुकदमा जारी रखने का निर्देश दिया गया।

### ई-रिक्शा चुराया, दबोचा गया

**कानपुर।** चकेरी थाना प्रभारी अजय प्रकाश मिश्र ने बताया कि जाजमऊ निवासी रवि गुप्ता का लाल बंगला बाजार से 29 जनवरी को रिक्शा चोरी हो गया था। पीड़ित ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी को शुक्रवार दोपहर ओम पुरवा चुंगी के पास से गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम मूलरूप से नर्वल के पाली भोगीपुर का रोहित सिंह बताया।


SILK WEAVES EXPO Where Threads Meet Tradition
सिल्क वीव्स एक्सपो
कानपुर में पहली बार
भारत की सबसे बड़ी सिल्क एक्सपो
EXHIBITION-CUM-SALE
Silks - Linens - Shawls - Wedding Ethnics
Showcasing the Art of Hands
सिल्क महोत्सव
अंतिम 3 दिन !





Upto 60% OFF
23 जनवरी से 2 फरवरी
प्रातः 11 से रात्रि 9 बजे तक
लाजपत भवन
मोती झील एवेन्यू, हर्ष नगर, कानपुर
टेक्सटाइल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा पंजीकृत
CONTACT - 6006747682 पार्किंग एवं एंट्री फ्री


## होटल नेगी ग्रैंड ने हड़पे 11 लाख

- बुकिंग के बावजूद वैवाहिक कार्यक्रम से किया मना, रकम मांगने पर धमकाया
- पीड़ित ने होटल मालिक, उसकी पत्नी समेत स्टाफ के खिलाफ दर्ज कराई रिपोर्ट

**कल्याणपुर संवाददाता।** रावतपुर में वैवाहिक कार्यक्रम के लिए बुक होटल में आयोजन कराने से मना कर दिया। बुकिंग के 11.50 लाख रुपये भी होटल मालिक ने हड़प लिए। विरोध पर धमकी दी। इस पर पीड़ित ने होटल मालिक, उसकी पत्नी व स्टाफ के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

विनायकपुर निवासी अशोक श्रीवास्तव के अनुसार उन्होंने बेटी के शादी समारोह के लिए केशवपुरम स्थित होटल नेगी ग्रैंड 15 व 16 नवंबर के लिए बुक कराया था। दो दिन का चार्ज साढ़े ग्यारह लाख रुपये बताया गया था। बुकिंग कैटरिंग समेत थी। होटल बुक कराने के बाद उन्हें चल रहे विवाद की जानकारी हुई तो उन्होंने होटल प्रबंधन से संपर्क किया। अपना संदेह जताया तो होटल मालकिन प्रीति बाजपेयी ने विवाह समारोह को धूमधाम से कराने का भरोसा दिलाया। इसी बीच 13 नवंबर को उन्हें जानकारी मिली कि होटल नेगी ग्रैंड के लॉन पर कब्जा हो गया है। आरोप है कि इस संबंध में जब अशोक ने प्रीति बाजपेयी से संपर्क किया तो उन्होंने कहा कि अब होटल में कार्यक्रम नहीं हो सकता। इतना ही नहीं बुकिंग की रकम वापस मांगने पर प्रीति बाजपेयी, मैनेजर व स्टाफ ने रकम वापस करने से मना कर दिया। विरोध पर अशोक को धमकी देकर भगा दिया। रावतपुर थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।


लख लख बधाइयाँ
The Entire
GURU HAR RAI ACADEMY
An English Medium ICSE/ISC Affiliated Co-Educational School
Congratulates
And Wishes Everyone On This Auspicious Occasion Of
GURU HAR RAI JI'S PRAKASH UTSAV
Everyone is Cordially Invited for the Celebrations
On Saturday, 31st Jan. 2026 at Main Wing
गुरु का लंगर 12 बजे से अटूट बटेगा
ADMISSION OPEN
(For Classes PG To IX And XI)
School Integrated Program For NEET & JEE Competative Exam
Main Wing: Sanigawan Road, Near Rama Devi, Kanpur Ph.: 9565222270
E-mail: gha.kanpur@gmail.com | Website: guruharraiacademy.com

NEW WING AT KOYLA NAGAR
GURU HAR RAI SCHOOL
To Be Affiliated To CBSE Board
ADMISSION OPEN
For Play Group to VII
• Modern Infrastructure with AC Class Rooms Ratio 20:1
• Child-Centered Learning with Innovative Technique
• Lush Green Environment
• Sports Academy (in 2 Acre)
FIRST 100 ADMISSIONS FREE
Plot No. 32(6) Opposite Allahabad Bank, Koyla Nagar, Kanpur
Register Now
guruharraischool.edu.in
+91-9838344115

REQUIREMENTS
PGT- Economics, TGT-Mathematics, PRT- English, Science, Pre-Primary- Mother Teacher
Activity : Music, Dance, Librarian, Arts and all subject teachers for CBSE Board.

## सिटी ब्रीफ

### शोरूम बोर्ड तोड़ने व धमकाने की रिपोर्ट

**कानपुर।** बर्रा में गाली-गलौज, संपत्ति को नुकसान पहुंचाने और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। मामले में पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है। फतेहपुर के प्रतापपुर निवासी पहलवान सिंह, जो दोपहिया वाहन शोरूम में काम करते हैं। उनका आरोप कि बीती 10 अक्टूबर को ड्यूटी पर जाते समय उनकी मुलाकात रायपुरवा निवासी पंकज सिंह से हुई। उन्होंने उससे ड्यूटी स्थल तक छोड़ने को कहा। पहुंचने के बाद आरोपी अचानक नाराज हो गया और शोरूम के बाहर लगे बोर्ड पर ईंट-पत्थरों से हमला कर उसे तोड़ दिया। विरोध करने पर आरोपी ने सरेराह गाली-गलौज की और जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गया। घटना से पीड़ित और उसका परिवार दहशत में है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### बकाया मांगने पर वृद्धा से अभद्रता कर धमकाया

**कानपुर।** चकेरी में युवक ने आरोप लगाया है कि उधार में दिलाए माल का बकाया मांगने पर आरोपी उसकी मां से अभद्रता कर धमकाया। पीड़ित ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। सनिगवां के महेश्वरीपुरम निवासी सत्यम पांडेय के अनुसार करीब दो साल पहले उनके पिता वेद प्रकाश पांडेय ने इलाके के शशांक उर्फ सोनी तिवारी को मकान निर्माण के लिए अपनी पहचान की दुकान से 80 हजार रुपये का माल उधार दिलाया था। लेकिन आरोपी सोनी तिवारी ने केवल 24 हजार रुपये ही दिए। शेष रकम मांगने पर आरोपी टरकाने लगा। पीड़ित के अनुसार बीती 11 जनवरी को उनकी मां मनोरमा ने तगादा किया तो आरोपी व उसके साथी ने अभद्रता की।

### शादी के छह दिन बाद ही दुल्हन नकदी-जेवर लेकर फरार

**कानपुर।** रावतपुर में शादी के छह दिन बाद ही दुल्हन नकदी व जेवर लेकर फरार हो गई। परिजनों का आरोप है कि दुल्हन किसी व्यक्ति के साथ रात में फरार हुई है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की है। कैलाशनगर निवासी सीतेश सिंह ने मुख्यमंत्री को भेजी शिकायत में बताया कि उसकी शादी बिहार के समस्तीपुर जिले की रहने वाली पूजा के साथ बिना दहेज 25 नवंबर को हुई थी। शादी के बाद ही पूजा अलग रहने की जिद करने लगी और छह दिन बाद ही रात में बिना बताए घर में रखे 63 हजार रुपये व जेवर लेकर किसी व्यक्ति के साथ फरार हो गई। घटना की जानकारी सुबह जागने पर हुई।

# मेरा धर्म परिवर्तन किया जा रहा, फांसी लगा रहा हूं

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- आत्महत्या के बाद युवक के वायरल वीडियो ने मचाया हंगामा
- परिजनों ने शव रखकर किया हंगामा, कई थानों का फोर्स पहुंचा

**अमृत विचार।** पनकी में युवक की आत्महत्या के बाद उसका वायरल वीडियो देखकर जमकर हंगामा हुआ। परिजनों ने शव रखकर नारेबाजी व कार्रवाई की मांग की। वायरल वीडियो में युवक कह रहा है कि मैं दीपक सिंह गौर। मेरा धर्म परिवर्तन किया जा रहा है, लेकिन मैं धर्म के रास्ते पर रहूंगा। जिस तक भी ये वीडियो जाए वह ध्यान दे कि गांजा ही धर्म बदल रहा है, और कोई नहीं। इसलिए भारत में गांजा बंद हो, और नारी का सम्मान हो, बस मैं इतना ही चाहता हूं। माफ करना, मैने गलतियां कीं, मैं खुद फांसी लगाने जा रहा हूं। धर्म परिवर्तन पूरा भारत करा रहा है, एक दो नहीं।



वायरल वीडियो में दीपक।

इस वीडियो को वायरल करने के बाद रतनपुर निवासी 23 वर्षीय रोहित सिंह उर्फ दीपक ने फंदे से लटककर जान दे दी थी। वह किराना और पंचर की दुकान किए था। पिता करन सिंह की छह साल पहले मौत हुई थी। परिवार में मां उमा देवी व बड़ा भाई मोहित है।



हंगामा करती भीड़ को समझाती पुलिस। अमृत विचार

भाई ने ही बताया था कि रोहित की कई दिनों से मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी। वह कहता था कि भूत दिख रहा है। बुधवार शाम उसने फांसी लगाई थी। गुरुवार को पोस्टमार्टम हुआ और परिजन शव लेकर घर गए। तब उन्हें रोहित के सोशल मीडिया एकाउंट पर एक वीडियो मिला। जिसमें वह कहते दिखा कि उस पर धर्म परिवर्तन का दबाव बनाया जा रहा था, जिस कारण उसने सुसाइड किया। धर्म परिवर्तन का पता चलने पर परिजनों ने रतनपुर में शव रखकर हंगामा करना शुरू कर दिया। सूचना पर कई थानों का फोर्स पहुंच गया, लेकिन परिजन आरोपियों पर कार्रवाई की मांग करते हुए नारेबाजी करते रहे। बजरंग दल के कार्यकर्ता भी पहुंच गए। बजरंग दल के नरेश तोमर ने बताया कि रोहित दो दिन पहले पॉलीटेक्निक कर रही बहन कोमल से मिलने लखनऊ गया था। जहां धर्म परिवर्तन को लेकर उससे मारपीट की गई। हंगामे की खबर पाकर एसीपी पनकी मनोज कुमार सिंह व पनकी थाना प्रभारी पहुंचे। उन्होंने जांच कर कार्रवाई का भरोसा दिया। वहीं बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने चेतावनी दी कि अगर दो दिन में कोई कार्रवाई नहीं की गई तो रणनीति तैयार कर सड़क पर उतरेंगे।

# दाई से घर में कराया था प्रसव, महिला की मौत

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- किदवईनगर के नटवनटोला की घटना, सूचना पर पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा

**अमृत विचार।** किदवईनगर में प्रसव के दौरान महिला की मौत हो गई। सूचना पर परिजनों ने हंगामा किया और पति व ससुरालियों पर समय से पूर्व दाई से प्रसव कराने व इलाज न कराने का आरोप लगाया। खबर पर पहुंची पुलिस ने परिजनों को शांत कराया। कहा, पोस्टमार्टम रिपोर्ट व परिजनों की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

बारादेवी के नटवनटोला निवासी सूरज पाल की शादी चार साल पहले घाटमपुर के रायपुर निवासी 26 वर्षीय सीमा से हुई थी। सीमा के दो साल का एक बेटा है। उसकी बड़ी बहन माया ने बताया कि सीमा की यह दूसरी डिलीवरी थी। आरोप है कि उसके पति व ससुरालियों ने घर पर ही दाई से प्रसव करवा रहे थे। इसके अलावा समय से पूर्व ही प्रसव कराया जा रहा था। जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। परिजनों ने इलाज व देखभाल में भी लापरवाही बरती है। हालत गंभीर होने पर उसे हैलट ले गए, जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। खबर पाकर पहुंचे सीमा के मायके वालों ने आरोप लगाकर हंगामा किया। किदवईनगर थाना प्रभारी धर्मेंद्र कुमार राम ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट व परिजनों की तहरीर के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

# प्रेमी की खुदकुशी की खबर पाकर प्रेमिका ने भी दी जान

## तीन महीने पहले प्रेमी के साथ चली गई थी दो बच्चों की मां

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- मूलरूप से हरदोई की रहने वाली महिला फजलगंज में पति व बच्चों संग रहती थी

**अमृत विचार।** फेसबुक के जरिये महिला व युवक से दोस्ती हुई। बातचीत शुरू होने पर प्रेम का इजहार किया और महिला तीन माह पहले बेटी को लेकर प्रेमी के साथ चली गई। पति की शिकायत पर पुलिस ने महिला को तलाश कर सुपुर्द किया और दंपती बच्चों संग फजलगंज में आकर रहने लगे। प्रेमी ने 15 दिन पूर्व फंदे से लटककर जान दे दी थी। महिला को इसकी जानकारी फेसबुक से ही चार दिन पहले हुई। इस पर गुमसुम महिला ने भी शुक्रवार सुबह फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने जांच-पड़ताल की और शव पोस्टमार्टम भेजा।

मूलरूप से हरदोई के सुरसा थानाक्षेत्र की रहने वाली 32 वर्षीय महिला की शादी इलाके में ही हुई थी। महिला के दो बच्चे एक बेटी व बेटा है। मौजूदा समय महिला पति व बच्चों के साथ फजलगंज में मस्जिद वाली गली में रह रही थी। फैक्ट्री कर्मी पति के अनुसार बीते साल फेसबुक के जरिये उसकी पत्नी की दोस्ती कन्नौज के एक युवक से हुई थी। कुछ दिन बाद प्रेम प्रसंग चलने लगा। इसके बाद जुलाई 2025 में पत्नी बेटी को लेकर उसी युवक के साथ चली गई थी। शिकायत पर पुलिस उसे तलाशकर लाई। इसके बाद वह पत्नी को लेकर नेपाल चले गए। वहां कुछ दिनों तक काम किया। फिर तीन माह पहले फजलगंज आ गए, यहां फैक्ट्री में काम करने लगे। पति के अनुसार पत्नी को करीब 15 दिन पहले फेसबुक के माध्यम से ही पता चला कि उसके प्रेमी ने फांसी लगाकर जान दे दी है। उसके बाद से वह शांत और गुमसुम रहने लगी थी। उसकी हरकतों में काफी बदलाव आ गया था। वह बच्चों का भी ध्यान नहीं दे रही थी। सिर्फ एकांत में समय गुजार रही थी। पति के अनुसार शुक्रवार सुबह वह फैक्ट्री काम पर गए थे। घर पर बच्चे सो रहे थे, इसी बीच पत्नी ने फांसी लगाकर जान दे दी।

### मौत का जिम्मेदार ठहराने पर हुई परेशान

- महिला के पति ने बताया कि फेसबुक से घटना का पता चलने पर पत्नी ने उसके मोबाइल पर फोन किया तो उसे ही मौत का जिम्मेदार ठहराया गया। इससे वह ज्यादा परेशान हो गई और तीन-चार से तनाव में रह रही थी। इसी के चलते उसने यह कदम उठाया है।

### नशे के लती युवक ने की आत्महत्या

- **कानपुर।** बादशाहीनाका निवासी दिनेश चंद्र रावत का 35 वर्षीय बड़ा बेटा अभिषेक रावत उर्फ श्यामू प्राइवेट नौकरी करता था। परिवार में पत्नी गीतादेवी और छोटा बेटा छोटू है। चाचा छंगा रावत ने बताया कि अभिषेक नशे का लती था। शुक्रवार तड़के जब उसके पिता की नींद खुली तो उन्होंने देखा कि अभिषेक का शव फंदे पर लटक रहा है। इस पर उन्होंने पुलिस को सूचना दी। बादशाहीनाक पुलिस ने जांच पड़ताल की।

### सड़क हादसे में मौत पर जताया संदेह, रिपोर्ट

**कानपुर।** नौबस्ता में सड़क हादसे में अधेड़ की मौत पर परिजनों ने संदेह जताया है। पुलिस ने बेटी की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की है। सीसामऊ के पीरोड निवासी विनय प्रताप सिंह 26 जनवरी की रात करीब साढ़े आठ बजे अपने दोस्त जितेंद्र कुमार उर्फ जीतू पोरवाल के साथ उनकी कार से नौबस्ता तेरहवीं में शामिल होने गए थे। कार चालक अनुज शुक्ला चला रहा था। परिजनों के अनुसार रात करीब 10.30 बजे कार सड़क किनारे पोल से टकराई थी। जिसमें विनय की जान गई, जबकि अन्य को खरोंच तक नहीं आई। जीतू व अनुज ने उन्हें हादसे की खबर भी भी नहीं दी। अशोकनगर निवासी विनोद शुक्ला ने हादसे की खबर दी। बताया कि पशुपतिनगर में हादसा हुआ है और हैलट में विनय की मौत हो गई। परिजनों का आरोप है कि दुर्घटनाग्रस्त वाहन को मौके से हटा दिया गया और घटना की स्पष्ट जानकारी नहीं दी गई। परिजनों ने मौत को संदिग्ध बताते हुए जांच की मांग की है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और साक्ष्यों के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

www.amritvichar.com पर भी खबरें पढ़ें

# कटरी ख्यौरा में अवैध प्लाटिंग पर चला केडीए का बुलडोजर

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- प्लाटिंग करने के बाद बेचने की फिराक में थे शातिर
- अलग-अलग जगह चार भवन सील भी किए गए

**अमृत विचार।** बिठूर थाना क्षेत्र अंतर्गत की जा रही अवैध प्लाटिंग पर शुक्रवार को कानपुर विकास प्राधिकरण का बुलडोजर चला। बिना मानक और केडीए से बिना मानचित्र स्वीकृति के आठ बीघा क्षेत्रफल में प्लाटिंग कर शातिर ब्रिकी की फिराक में थे। केडीए टीम को मौके पर रेट लिखा बोर्ड भी बरामद हुआ है। इसके अलावा मंधना संडीला में एक भवन और जवाहरपुरम व बारासिरोही में तीन भवनों पर सील की कार्रवाई की गई।

केडीए प्रवर्तन जोन-1बी के विशेष कार्याधिकारी व उपजिलाधिकारी डॉ.रवि प्रताप सिंह शुक्रवार को टीम के साथ कटरी ख्यौरा पहुंचे, यहां पर करीब आठ बीघा में उन्हें अवैध व अनाधिकृत प्लाटिंग होती मिली। डॉ.रवि प्रताप सिंह के मुताबिक महादेव तेजा, हरिशचन्द्र, सुरेन्द्र पाल मेहरोत्रा व अन्य द्वारा आठ बीघा में की जा रही अवैध प्लाटिंग के खिलाफ तीन बुलडोजर से ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की गई। इसका प्राधिकरण से मानचित्र स्वीकृत नहीं था, बिना अनुज्ञा प्राप्त किये यह प्लाटिंग विकसित की जा रही थी। मौके पर रोड, नाला, बाउण्ड्रीवाल, बिजली के खम्भे, पिलर, इन्ट्रीगेट व सभी निशानदेही को पूर्णरूप से ध्वस्त कर समाप्त किया गया। इसके अलावा संडीला मंधना में आनन्देश्वर धाम सोसाइटी में शरद अग्रवाल व अन्य द्वारा लगभग तीन बीघा बिना केडीए से तलपट मानचित्र स्वीकृत कराए और बिना अनुज्ञा के किये गये निर्माण को सील किया गया। डॉ.रवि प्रताप के मुताबिक नवाबगंज, कल्यानपुर व बिठूर थाना क्षेत्र स्थित ग्रामों में लगभग 15 बीघा क्षेत्रफल की अवैध व अनाधिकृत निर्माण व प्लाटिंग को चिन्हित किया गया है, जल्द ही सीलिंग व ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की जायेगी। वहीं, केडीए के प्रवर्तन जोन-2ए व प्रवर्तन जोन-2बी के अंतर्गत केडीए की टीम ने शिवाजी नगर नारायनपुरवा में एक और एल्डिको कॉलोनी, जवाहरपुरम बारासिरोही में दो अनाधिकृत निर्माण को सील किया।



अवैध प्लाटिंग पर चलता केडीए का बुलडोजर। अमृत विचार

# सीएसए हॉस्टल निर्माण की कछुआ चाल

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय में 200 छात्राओं की क्षमता वाले बालिका छात्रावास के निर्माण कार्य की कछुआ चाल देख जिलाधिकारी ने नाराजगी जताई। कई ऐसे कार्य थे जो अब तक हो जाने चाहिए थे लेकिन अभी पूरे नहीं हुए।

शुक्रवार को जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने सीएसए में 200 छात्राओं की क्षमता वाले बालिका छात्रावास के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। परियोजना स्थल पर सिटीजन इन्फॉर्मेशन बोर्ड नहीं मिलने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी जताई। सीएसए में 12.59 करोड़ रुपये की लागत से ये छात्रावास निर्माण मंडी समिति निर्माण खंड, द्वारा कराया जा रहा है।



सीएसए में निर्माणाधीन छात्रावास का निरीक्षण करते जिलाधिकारी। अमृत विचार

परियोजना को शासन से 23 मई 2025 को स्वीकृति मिली थी और निर्माण कार्य 3 सितंबर 2025 से प्रारंभ हुआ है। इसे 2 सितंबर 2027 तक पूरा किया जाना है। यह भी सामने आया कि निर्माण स्थल पर विश्वविद्यालय के कुछ कमरे अब तक खाली नहीं कराए गए हैं। इसके अलावा पेयजल आपूर्ति की लाइन और एक विद्युत केबल का स्थानांतरण भी शेष है।

# अब मेडिकल कॉलेज में हो सकेगी पानी की भी जांच

अमृत विचार EXCLUSIVE

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**29.5** करोड़ रुपये से लैब की स्थापना की जाएगी

- मेडिकल कॉलेज ने प्रस्ताव तैयार कर शासन को भेजा

**अमृत विचार।** गंगा के पानी, शहर व ग्रामीण क्षेत्रों में सप्लाई होने वाले पानी, तालाब, नहर व कुएं के पानी की जांच अब जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज में हो सकेगी। लैब के संबंध में नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल ने निर्देश जारी किए हैं, जिसका पालन करते हुए कॉलेज प्रशासन ने लैब के संबंध में प्रस्ताव तैयार कर चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवा के महानिदेशक व निदेशक को भेज दिया है। यह सुविधा जीएसवीएम में होने से पानी की जांच के लिए सैंपल लखनऊ नहीं भेजने पड़ेंगे। साइंटिस्ट जीएसवीएम में ही जांच करेंगे।

इंदौर में दूषित पानी पीने की वजह से डायरिया की चपेट में आकर अब तक 29 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि कई लोग बीमार हैं। यह स्थिति कानपुर या आसपास के जिलों में न हो सके, इसलिए नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के निर्देश पर जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज में पानी की जांच के लिए 29.5 करोड़ रुपये से लैब की स्थापना की जाएगी। लैब के संबंध में प्रस्ताव तैयार कर कॉलेज प्रशासन ने चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवा के महानिदेशक व निदेशक को भेज कर लैब में सहायक 36 आधुनिक उपकरण, दो साइंटिस्ट व दो लैब टेक्निशियन की मांग की है।

### दूषित पानी से कैंसर भी हो सकता

- प्राचार्य प्रो. संजय काला ने बताया कि पानी में मरकरी होने से मिनामाता रोग होता है, जो तंत्रिका तंत्र (न्यूरोलॉजिकल सिड्रोम) को प्रभावित करता है। आर्सेनिक के दीर्घकालिक सेवन से आर्सेनिकोसिस (त्वचा पर काले धब्बे व घाव) और कैंसर का खतरा भी बढ़ जाता है। कैडमियम गुर्दे को गंभीर नुकसान पहुंचाता है और हड्डियों को कमजोर करता है। सीसा (लेड) एक न्यूरोटॉक्सिन है, जिससे बच्चों का मानसिक विकास रुक सकता है और याददाश्त कमजोर हो सकती है। क्रोमियम के अधिक सेवन से पेट की समस्याएं और कैंसर का खतरा बढ़ सकता है। पानी में कॉपर धातु अधिक होने से मतली, उल्टी, मुंह में छाले, पेट दर्द और दस्त जैसे लक्षण होते हैं।

### कॉपर, कैडमियम, आर्सेनिक, क्रोमियम की भी जांच हो सकेगी

- जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य प्रो. संजय काला ने बताया कि लैब स्थापित होने से शहर व ग्रामीण क्षेत्रों में सप्लाई होने वाले पानी में कॉपर, कैडमियम, आर्सेनिक, क्रोमियम, मरकरी, लेड, कोबाल्ट आदि धातुओं की मात्रा की स्पष्ट जांच हो सकेगी। इसके अलावा कानपुर नगर, कन्नौज, कानपुर देहात, फर्रुखाबाद, उन्नाव, फतेहपुर, हरदोई समेत गंगा किनारे 10 जिलों में भी पानी की जांच शासन के निर्देशानुसार की जा सकेगी। इससे लखनऊ के केजीएमयू और राममनोहर लोहिया चिकित्सा संस्थान में अधिक बोझ नहीं पड़ेगा। संबंधित जिलों के बीमार लोगों की भी जांच की जाएगी। खून में धातुओं की मात्रा देखी जाएगी।

मांग | झकरकटी बस अड्डे के जाम से भी निजात दिलाने को कहा

# बादशाही नाका कट खोलें, पुलिस लगाएं

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** व्यापारियों ने शुक्रवार को डीसीपी यातायात से कारोबार में बाधित बादशाही नाका कट को खोले जाने और झकरकटी बस अड्डे पर लगने वाले जाम का मुद्दा उठाया।

भारतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के प्रदेश अध्यक्ष ज्ञानेश मिश्र के साथ कई व्यापारी डीसीपी यातायात से मिले। कहा गया कि बादशाही नाका चौराहे का कट खोल कर व्यापारियों को राहत दी जा सकती है। इसके अलावा झकरकटी बस अड्डे पर बसों के खड़े होने से जाम व महानगर के अन्य चौराहों के कट पर यातायात पुलिस लगाने से खरीदारों को शहर की बाजारों में आने की सहूलियत मिलेगी। अफीम कोठी चौराहे के आगे वाले कट पर ट्रैफिक पुलिस लगायी जाए। जिससे वहां पर लगने वाले जाम से राहत मिल सके। महानगर के अन्य चौराहों को खोला जाए या चौराहों के आगे के कट पर ट्रैफिक पुलिस की ड्यूटी लगाई जाए जिससे जाम न लगे। कानपुर कपड़ा कमेटी के निदेशक रुमित सागरी ने कहा कि कानपुर कपड़ा बाजार में आने वाले बादशाही नाका चौराहे को खोला जाए और यातायात पुलिस की ड्यूटी भी लगाई जाए। इस दौरान जिला संयुक्त महामंत्री व कानपुर आयरन एंड हार्डवेयर मर्चेंट एसोसिएशन, कुलीबाजार के अध्यक्ष नवीन तुलसानी, कानपुर लोहा व्यापार समिति हटिया के चेयरमैन अमरनाथ शुक्ला ,लोकल ट्रक सर्विस यूनियन के अध्यक्ष अब्दुल वहीद सहित अन्य मौजूद रहे।



डीसीपी ट्रैफिक को ज्ञापन देते व्यापारी। अमृत विचार

### मोबाइल छीन भागे लुटेरे, रिपोर्ट नहीं

**कल्याणपुर।** कल्याणपुर में बाइक सवार लुटेरे युवक का मोबाइल छीनकर फरार हो गए। मदद के लिए पनकी रोड चौकी पहुंचे युवक को पुलिस ने ऑनलाइन शिकायत करने की सलाह दी। मिर्जापुर निवासी हर्ष परचून की दुकान पर काम करते हैं। हर्ष के अनुसार गुरुवार रात वह दुकान बंद होने पर घर जा रहे थे। रास्ते में घर से कॉल आई तो बात करने लगे। तभी पीछे से आए बाइक सवार दो युवक दुपट्टा मारकर मोबाइल छीन लिया। जिसपर पीड़ित चौकी पहुंचा तो वहां पुलिस ने मोबाइल खोने को सामान्य बताते हुए पीड़ित को ऑनलाइन रिपोर्ट दर्ज करने की सलाह दी और टरका दिया। कल्याणपुर एसीपी ने बताया कि घटना की जानकारी प्राप्त हुई है। पीड़ित की रिपोर्ट दर्ज कराकर सीसीटीवी फटेज की मदद से आरोपियों की पहचान कर कार्रवाई की जाएगी।

# साइबर ठगों ने फर्जी लिंक भेज कर खाते से उड़ाए पांच लाख

संवाददाता, कल्याणपुर

- साइबर ठगी का पता चलने पर पीड़ित ने दर्ज कराई रिपोर्ट

**कानपुर।** कल्याणपुर में साइबर शातिरों ने पीड़ित के मोबाइल पर फर्जी लिंक भेजकर खाते से पांच लाख रुपये उड़ा लिए। खाते से तीन बार में 10 लाख की रकम पार हो गई, लेकिन कुछ देर बाद दो बार में खाते में पांच लाख आ गए। ठगी का पता चलने पर पीड़ित ने साइबर सेल में सूचना दी। इसके बाद रिपोर्ट दर्ज कराई है।

आवास विकास एक निवासी कप्तान सिंह के अनुसार बीती सात नवंबर को उनके मोबाइल फोन पर यूनियन बैंक ऑफ इंडिया की ओर से लाइफ सर्टिफिकेट जमा करने से संबंधित एक लिंक आया था। बैंक से संबंधित लिंक देखकर उन्होंने क्लिक किया तो अगले दिन उसी लिंक से जुड़े नंबर से उन्हें कॉल आई। फोन करने वाले ने लाइफ सर्टिफिकेट के नाम पर उनसे खाते से संबंधित जानकारी मांगी। अधिकारी के तौर पर फ्राड ने बात की, जिससे उन्हें संदेह नहीं हुआ और उसकी पूछी सभी जानकारी दे दी। कुछ समय बाद उसी दिन शाम को उनके खाते से तीन बार में दस लाख की रकम पार हो गई। इससे पहले कि वह कुछ समझ पाते ट्रांजैक्शन के मैसेज भी डिलीट हो गए। कप्तान के अनुसार गनीमत रही कि कुछ देर बाद दो बार में उनके खाते में पांच लाख रुपये वापस आ गए। शेष पांच लाख रुपये नहीं मिल सके।

### एप डाउनलोड करते ही खाते से रकम पार

- **कानपुर।** कल्याणपुर में एक एप डाउनलोड करते ही पीड़ित के खाते से साढ़े पांच लाख रुपये पार हो गए। राधापुरम निवासी अनूप बाजपेयी के अनुसार बीती 24 अक्टूबर माह में उनके व्हाट्सएप पर एक अज्ञात नंबर से एप्लीकेशन फाइल आई। जिसे डाउनलोड करते ही उनके बैंक खाते से कुल पांच लाख 31 हजार रुपये पार हो गए। पैसे निकलने का मैसेज देखकर उन्होंने मामले की शिकायत साइबर सेल में की। इसके बाद कल्याणपुर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर साइबर सेल की मदद से जांच की जा रही है।

## सिटी ब्रीफ

### सेवानिवृत्ति तिथि पर सभी देयकों का भुगतान होगा

**कानपुर।** नगर निगम के नगर आयुक्त अर्पित उपाध्याय ने निर्णय लिया गया था कि नगर निगम से सेवानिवृत्त होने वाले सभी अधिकारियों व कर्मचारियों के सेवा संबंधी सभी देयकों का भुगतान उनकी सेवा निवृत्ति की तिथि पर ही सुनिश्चित किया जाए, जिससे सेवानिवृत्त कर्मचारियों को किसी भी प्रकार की अनावश्यक प्रतीक्षा या असुविधा का सामना न करना पड़े। इसलिए 31 जनवरी को सेवानिवृत्त होने वाले 16 कर्मचारियों को उनके सभी वैधानिक देयकों का भुगतान एक साथ किया जाएगा। इसमें उपादान (ग्रेच्युटी), अर्जित अवकाश का नगदीकरण, भविष्य निधि की राशि के भुगतान के साथ उनकी पेंशन बुक का वितरण भी किया जाएगा।

### बेड, गद्दे, बेंच व चादर की दान

**कानपुर।** जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के मुरारी लाल चेस्ट अस्पताल में नर सेवा नारायण सेवा न्यास के अध्यक्ष अवध बिहारी मिश्रा ने शुक्रवार को 10 बेड, गद्दे, 10 बेंच, 10 ट्राली, 10 चादरें और एक फीडिंग ट्राली दान स्वरूप प्रदान की। उन्होंने आश्वासन दिया है कि मरीज के हित के लिए आगे भी इस तरह के कार्यक्रम को चलाएंगे। इस दौरान प्राचार्य प्रो. संजय काला, विभागाध्यक्ष डॉ. अवधेश कुमार, डॉ. आनंद कुमार, डॉ. संजय वर्मा, डॉ.लक्ष्मी, डॉ.अर्पिता, डॉ. अखिल तिवारी समेत आदि रहे।

### आज यहां नहीं रहेगी बिजली

**कानपुर।** गोविंद नगर, चावला मार्केट, दबौली, रतनलाल नगर, पी-रोड, बसंत विहार, संत राम चौराहा व निराला नगर में बिजली शनिवार को सुबह 10 बजे से शाम को साढ़े चार बजे तक नहीं रहेगी। इसके अलावा वाजिदपुर, सिद्धनाथघाट, बुढ़िया घाट में सुबह 11 बजे से एक बजे तक, बर्रा व आनंदपुरी में सुबह 11 बजे से शाम को चार बजे तक बिजली गुल रहेगी।

### एक माह बाद लिखी जेब काटने की रिपोर्ट

**कानपुर।** हनुमंत विहार में बाइक सवार दो युवकों ने मदद के नाम पर व्यापारी को लिफ्ट देकर जेब काट ली और 50 हजार रुपये पार कर ले गए। एक माह बाद मामले की रिपोर्ट दर्ज हो सकी। मूलरूप से बिहार के उन्नाव निवासी सुरेश दुबे बिधनू के रमईपुर में किराए पर रहकर कारोबार करते हैं। 22 दिसंबर को उनकी जेब कटी थी।

## बजरिया से हैलट तक यातायात ध्वस्त, जाम



**कानपुर।** आजकल बजरिया से हैलट मुख्य मार्ग बुरी तरह जाम में जकड़ रहा है लेकिन ट्रैफिक विभाग की निगाह इधर नहीं जा रही है। हैलट हॉस्पिटल के पास ही ट्रैफिक की टीम एक जगह खड़ी रहती है जबकि सामने की पट्टी में पेट्रोल पंप की ओर जाम लगा रहता है। शुक्रवार को हर्ष नगर में कार बाजार के पास बीच सड़क तक कई वाहन खड़े रहे जिससे बजरिया, ईदगाह चौराहा जाम में फंसा रहा। कार श्रृंगार के पास घंटों जाम में लोग फंसे रहे। स्थिति ये कि बजरिया से हैलट तक पहुंचने में लोगों को घंटों लग गए। इसी प्रकार डिप्टी पड़ाव चौराहा पर भी देर शाम भीषण जाम लगा। जरीब चौकी से घंटाघर मार्ग भी जाम में फंसा रहा। ऐसे ही शहर के कई क्षेत्रों एवं प्रमुख मार्गों पर जाम लगा।

# तेज दौड़ रही चांदी औंधे मुंह गिरी, निवेशक बर्बाद

विशेष संवाददाता, कानपुर

**24** घंटे में ही घट गए 50 हजार रुपये दाम, सोना के भाव भी सात हजार रुपये टूटे

- सराफा बाजार में हड़कंप आभूषण खरीदने वालों की संख्या बढ़ी



**अमृत विचार।** शुक्रवार को कानपुर सराफा बाजार में चांदी के भाव 50 हजार रुपये टूट कर 3,50,000 रुपये किलो पर आ गिरे। साथ ही सोने के भाव भी सात हजार घट कर 1,75,000 रुपये पर आ गए।

बीते गुरुवार को सोना 1,82,000 का 10 ग्राम और चांदी 4,00,000 रुपये प्रति किलो पर पहुंच गई थी, जो भाव की ऊंचाई का नया रिकार्ड था। मात्र 10 दिन में सोने के भाव 35 हजार और चांदी के एक लाख रुपये बढ़ गए थे। अब शुक्रवार को चांदी के भाव में ऐतिहासिक गिरावट देखी गई, जो अब तक का रिकार्ड है। इतनी तेज़ी से भाव तो कभी नहीं गिरे। निवेशकों को तगड़ा झटका लगा। सराफा कारोबारी हैरान हैं। उत्तर प्रदेश सराफा एसोसिएशन के मंत्री राम किशोर मिश्र का कहना है कि जिस तरह चांदी खरीदने की होड़ मची थी, तो ऐसी गिरावट तो होनी ही थी। केंद्रीय बैकों ने खूब चांदी खरीदी और फिर बढ़ती कीमत देख हर कोई खरीदने के लिए दौड़ चला। बजट भी आने को है और इसलिए भी खरीद पर अंकुश लगा और कीमतें धड़ाम हो गईं। काशी जूलर्स के निदेशक श्रेयांश कपूर का कहना है कि निवेशकों को सतर्क रहने की जरूरत है। सोने और चांदी के भाव गिरने से अब सहालग के मौसम में गहना बाजार में रौनक लौटने की उम्मीद है।

### सोने के भाव

- 1 दिसंबर 1,32,450 और 12 दिसंबर को 1,34,700, 27 दिसंबर को 1,43,800, 19 जनवरी को 1,47,900, 20 जनवरी को 1,52,00, 21 जनवरी को 1,60,000, 28 जनवरी को 1,71,000 29 जनवरी को 1,82,000 और अब 30 जनवरी को 1,75,000रुपये का 10 ग्राम।

### चांदी हो गई धड़ाम

- 1 दिसंबर 1,80,100, 27 दिसंबर को 2,55,000, 12 जनवरी को 2,63,800, 19 जनवरी 3,01,,000, 20 जनवरी को 3,22,000 और अब 21 जनवरी को 3,30,000, 28 जनवरी को 3,74,000, 29 जनवरी को 4,00,000 और अब 30 जनवरी को 3,50,000 की एक किलो।

# एलिवेटेड ट्रैक बनेगा, कई विकास एक्सप्रेस दौड़ेंगी

## स्टेशन विश्वस्तरीय हो रहा, पनकी, गोविंदपुरी पर भी मेहरबानी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** पहली फरवरी को संसद में बजट पेश होगा। इस बजट से कानपुर को काफी उम्मीदें हैं जिसमें सेंट्रल स्टेशन पर चल रहे विश्वस्तरीय निर्माण कार्य के लिए बजट, पनकीधाम एवं गोविंदपुरी स्टेशन का अमृत भारत योजना के तहत विस्तारीकरण के लिए भी धन आवंटित होगा।

कानपुर सेंट्रल स्टेशन के सिटी साइड में बहुमंजिली इमारत का ढांचा तैयार हो चुका है, इसके अतिरिक्त कैंट साइड में भी निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है, इस निर्माण को धन आंवटित होगा जबकि अनवरगंज स्टेशन से मंधना तक एलिवेटेड ट्रैक पर भी बजट मेहरबान होगा। गोविंदपुरी स्टेशन पर दो अतिरिक्त ट्रैक, स्वचालित सीढ़ियां, हॉल, इलेक्ट्रानिक्स डिस्प्ले समेत कई सुविधाओं के लिए बजट में प्राविधान हो सकता है। ऐसी संभावना है कि कानपुर से अलीगढ़ और कानपुर से लखनऊ तक तीसरी लाइन बिछाने की घोषणा हो सकती है। कई ट्रेनों की गति 160 किमी प्रति घंटा बढ़ाई जा सकती है क्योंकि दिल्ली से कानपुर होते हुए हावड़ा तक रेलवे लाइन के किनारे किनारे दोनों साइड में दीवार खड़ी कर दी गई है ताकि कोई जानवर ट्रैक को पार नहीं कर सके। वंदेभारत एक्सप्रेस स्लीपर भी नई दिल्ली से वाराणसी या फिर कोलकाता, गुवाहाटी, भुवनेश्वर तक मिल सकती है।




स्टेशन पर सुधार कार्य चल रहा है। अमृत विचार

### फर्रुखाबाद रूट दोहरीकरण पर लग सकती मुहर

- अनवगंज से मंधना तक एलिवेटेड ट्रैक होगा और फिर उसके बाद कासगंज तक ट्रैक दोहरीकरण पर मुहर लग सकती है क्योंकि फर्रुखाबाद रेल मार्ग पर ट्रेनों की संख्या में दिन प्रतिदिन इजाफा हो रहा है। ऐसे में बिना डबल ट्रैक को काम नहीं चलने वाला है। इसी प्रकार भीमसेन से झांसी तक आटोमेटिक सिग्नल समेत कई सुविधाओं की घोषणा हो सकती है।

### पनकी, सुजातगंज समेत कई पुलों पर होगी मेहरबानी

- दिल्ली हावड़ा रूट पर पनकी रेलवे क्रासिंग पर ब्रिज, चंदारी से गोविंदपुरी जाने वाले बाईपास रैलवे ट्रैक पर प्रस्तावित सुजातगंज में ब्रिज के अलावा कई पुलों पर बजट मेहरबान हो सकता है।

## कैंसर जीनोमिक्स पर युवाओं को दिया प्रशिक्षण

**कानपुर।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान कानपुर ने कैंसर जीनोमिक्स, डायग्नोस्टिक्स और थेरेप्यूटिक्स पर सम्मेलन का आयोजन हुआ। यह सम्मेलन अनुसंधान राष्ट्रीय अनुसंधान फाउंडेशन पार्टनरशिप्स फॉर एक्सीलरेटेड इनोवेशन एंड रिसर्च कार्यक्रम के तहत हुआ। इस दौरान युवाओं को कैंसर से संबंधित विभिन्न जानकारी प्रदान की गई।

कार्यशाला में पीएचडी छात्रों को व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें कोशिका विश्लेषण की उन्नत तकनीकों का प्रत्यक्ष अनुभव शामिल था। इससे युवा शोधकर्ताओं को कैंसर जीवविज्ञान और संबंधित क्षेत्रों में फ्लो साइटोमेट्री लागू करने के लिए आवश्यक कौशल प्राप्त हुए। इस दौरान डॉ. रश्मि परिहार, प्रभारी अधिकारी, केंद्रीय प्रायोगिक पशु सुविधा, आईआईटी कानपुर ने कहा कि इन संसाधनों का उपयोग स्पोक संस्थान एएनआरएफ पैयर ढांचे के अंतर्गत कर सकते हैं। जिससे सहयोगात्मक अनुसंधान क्षमता मजबूत होगी और कैंसर डायग्नोस्टिक्स एवं थेरेप्यूटिक्स में रूपांतरणीय अध्ययन संभव होंगे। तीन दिवसीय सम्मेलन में देशभर के प्रमुख वैज्ञानिकों, चिकित्सकों और शिक्षाविदों ने भाग लिया।




कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन करते ब्राह्मण महासभा के पदाधिकारी। अमृत विचार

# यूजीसी के विरोध में ब्राह्मणों का पैदल मार्च, किया प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- कहा, विवि अनुदान आयोग छात्रों में मतभेद पैदा कर देगा

**अमृत विचार।** विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के नए प्रस्ताव पर हालांकि सुप्रीमकोर्ट ने स्टे कर दिया है लेकिन उसके बाद भी इसकी चिंगारी अभी शांत नहीं हुई है और धरना प्रदर्शन का क्रम जारी है।

शुक्रवार को यूजीसी 2026 के विरोध में अखिल भारतीय कान्यकुब्ज ब्राह्मण महासभा ने अपने 20 संगठनों के पदाधिकारियों के साथ सरसैया घाट मां गंगा द्वार से जिलाधिकारी कार्यालय तक पैदल मार्च निकाला और कलेक्ट्रेट में नारेबाजी और प्रदर्शन किया। कान्यकुब्ज ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय महामंत्री महेश कुमार मिश्र ने कहा कि छात्रों के मध्य ये मतभेद के बीज बोएगा। उन्होंने कहा कि इससे कालेज के कैंपस का माहौल खराब होगा और बच्चों का भविष्य भी दांव पर लग जाएगा। महामंत्री ने कहा कि जब तक संशोधन की प्रति विद्यालय में नहीं पहुंच जाएगी, शांतिपूर्ण तरीके से प्रदर्शन जारी रहेगा। ज्ञापन देने वालों में अवधेश बाजपेई (अध्यक्ष किराना व्यापार मंडल), अजय द्विवेदी (अध्यक्ष सनातन मठ मंदिर सेवा समिति) दिलीप शुक्ल, राजेश शुक्ल, विमल मिश्र, ,शिवम त्रिपाठी, अमित शुक्ल, राजेन्द्र अवस्थी, ,विनय अवस्थी, ऋषि दुबे, ,अभय दुबे,रजत मिश्र, ,ओम मिश्र, अभिषेक द्विवेदी आदि मौजूद रहे।

# उद्यमियों ने दिखाए घटिया, अधूरे कार्य

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** मंडलायुक्त के निर्देश परफजलगंज औद्योगिक क्षेत्र में शुक्रवार को उद्यमियों व अधिकारियों का संयुक्त निरीक्षण हुआ। निरीक्षण के दौरान उद्यमियों ने अधिकारियों को घटिया व अधूरा निर्माण अधिकारियों को दिखाया।

दिसंबर में मंडलायुक्त की अध्यक्षता में हुई मंडलीय उद्योग बंधु बैठक में फीटा के महासचिव उमंग अग्रवाल ने फजलगंज औद्योगिक क्षेत्र में सीवर लाइन डालने में जल संस्थान के द्वारा काम बहुत ही घटिया स्तर पर किए जाने और कार्य पूर्ण न होने की बात कही थी। यह भी कहा था कि सितंबर व अक्टूबर महीने में विभाग की ओर से कार्य पूरा होने की झूठी रिपोर्ट पेश की गई है। जिस पर मंडलायुक्त द्वारा जल निगम के संबंधित अधिकारियों से स्पष्टीकरण मांगा गया था। इसके साथ ही में फीटा के महासचिव के साथ संयुक्त सर्वे करके सब समस्याओं को तत्काल निस्तारित करने के निर्देश दिए थे। जिसपर शुक्रवार को जल संस्थान के महाप्रबंधक आनंद त्रिपाठी, सहायक अभियंता पीयूष चौहान और क्षेत्रीय अवर अभियंता विनोद रावत की ओर से फीटा के महासचिव उमंग अग्रवाल व अन्य उद्यमियों एवं पदाधिकारियों के साथ मौके पर निरीक्षण किया गया। उमंग अग्रवाल ने बताया कि नालियों में अभी तक ठेकेदार द्वारा गिट्टी, मिट्टी, निर्माण सामग्री पड़ी है। जिसकी वजह से नालियां चोक हैं। बताया कि रोड के मोड पर नाले के ऊपर लोहे का फ्रेम लगा था। जिसे ठेकेदार ने निकाल लिया है और कभी भी ट्रक गिर सकता है।



निरीक्षण करते अधिकारी और उद्यमी। अमृत विचार

## बजरंग दल प्रांतीय कबड्डी प्रतियोगिता आज से किया गया भूमि पूजन

**कानपुर।** बजरंग दल द्वारा आयोजित की जाने वाली प्रांतीय कबड्डी प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए शुक्रवार को भूमि पूजन किया गया। यह प्रतियोगिता 31 जनवरी से 1 फरवरी तक विश्व हिन्दू परिषद् कानपुर प्रान्त कार्यालय श्री मुनि हिन्दू इण्टर कॉलेज गोविन्द नगर में आयोजित की जाएगी। इसमें 21 जिलों की 42 टीमें प्रतिभाग करेंगी। इस अवसर पर विहिप प्रान्त मंत्री राजू पोरवाल, प्रान्त सत्संग प्रमुख विवेक, बजरंग दल प्रान्त सह संयोजक अमरनाथ, जिलाध्यक्ष डॉ. राजेश त्रिवेदी, विभाग संगठन मंत्री मनीष, गोपाल, जिला मंत्री नितिन जागरानी, जिला सह मंत्री प्रांजुल, जिला धर्म प्रसार प्रमुख राजू राजपूत, जिला संयोजक विशेष बाल्मीकि, जिला सह संयोजक शैलेन्द्र मिश्रा, नगर अध्यक्ष जमुना प्रसाद जी, जिला सुरक्षा प्रमुख अमन गुप्ता आदि रहे।




भूमि पूजन करते बजरंग दल के पदाधिकारी। अमृत विचार

## एक फरवरी को राष्ट्र की संपन्नता के लिए महायज्ञ

**कानपुर।** विकास नगर स्थित धूनी ध्यान केंद्र में शकुंतला शक्ति पीठ के संस्थापक डॉ. आचार्य अमरेश मिश्र व कोषाध्यक्ष डॉ.सुनीता मिश्रा के संरक्षण में राष्ट्र की सम्पन्नता व सनातनी एकता के लिए चल रहे महायज्ञ की पूर्ण आहुति एक फरवरी को दोपहर एक बजे से शाम चार बजे तक जाएगी। यज्ञ के संरक्षक ज्योतिष भीष्म पं. केए पद्मेश विद्वानों को अंग वस्त्र व रूद्राक्ष की माला प्रदान कर भक्तों को आर्शीवाद देंगे। सन्तों, काशी के विद्वानों व कन्याओं का सम्मान कराया जाएगा। 24 लाख मंत्र की पूर्ण आहुत, सवा लाख मंत्रों से गुलाब के पुष्प व कमल के पुष्प समर्पित कर पूर्णता की जाएगी। इसके बाद सिद्धि तीर्थों के जल से अभिषेक होगा। लक्ष्मी के सिद्ध प्रसाद का वितरण किया जाएगा।



आचार्य अमरेश मिश्र।

PAKKA
Packaging with a Soul

**PAKKA LIMITED**

**Regd. Office: 312, Plaza Kalpana Society, 24/147, B-49, Birhana Road, Kanpur–208001, U.P., India**
**Corp. Office: Pakka Nagar, Ayodhya, Uttar Pradesh – 224 135**
**CIN – L24231UP1981PLC005294 | T: +91 5278 258174**
**E: connect@pakka.com| Website: https://www.pakka.com**

**Statement of Unaudited Standalone Financial Results for Quarter/Nine months ended 31st December, 2025 (Pursuant to Regulation 47 of the SEBI (Listing Obligations & Disclosure Requirements) Regulations, 2015)**

In compliance with Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015 (the "Listing Regulations"), the Board of Directors of **Pakka Limited** in its meeting held on Friday, 30th day of January, 2026 approved UnAudited (Standalone & Consolidated) Financial Results (UAFRs) of the Company for the Quarter/Nine months ended 31st December, 2025.

The Un-Audited (Standalone & Consolidated) Financial Results (UAFRs) along with the Limited Review Report by CNK & Associates LLP, Statutory Auditors of the Company are available on the Financial Results tab of Investor Section on the website of the company at www.pakka.com on the following link https://pakka.com/wp-content /uploads/2026/01 /Unaudited-Financial-Results-31st-December-2025.pdf and also on the website of Stock Exchanges i.e. BSE Limited and National Stock Exchange of India Limited at www.bseindia.com and www.nseindia.com respectively.

In compliance with Regulation 47 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, we hereby notify you that the same can also be accessed by scanning the following Quick Response (QR) Code:

***for* Pakka Limited**
**Sd/-**
Ved Krishna
Managing Director
**DIN:** 00182260
**Place:** Portland
**Date:** 30.01.2026

**अभियान** | डिजिटल होगी जनगणना, 13 हजार से अधिक कार्मिक होंगे तैनात, 20 जून तक चलेगा अभियान


# जनगणना का पहला चरण 22 मई से, तैयारियां तेज

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** शहर में जनगणना का पहला चरण 22 मई से शुरु होगा जो 20 जून 2026 तक चलेगा। जनगणना कराने की तैयारियां तेज हो गयी हैं और इस कार्य में 13 हजार से अधिक कार्मिक लगाए जाएंगे।

शुक्रवार को जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में सरसैया घाट स्थित नवीन सभागार में समन्वय समिति की बैठक हुई जिसमें जनगणना की समयसीमा, कार्ययोजना और डिजिटल प्रक्रिया को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने बताया कि जनगणना का प्रथम चरण 22 मई 2026 से 20 जून 2026 तक संचालित होगा। जनगणना का द्वितीय चरण फरवरी 2027 में आयोजित होगा। जनगणना के प्रथम चरण में मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना तथा द्वितीय चरण में जनसंख्या की गणना की जाएगी। उन्होंने बताया कि इस बार की जनगणना पूरी तरह डिजिटल होगी और पहली बार नागरिकों को स्वगणना का विकल्प दिया गया है। उन्होंने बताया कि जनगणना से पूर्व 15 दिनों की अवधि में नागरिक सेंसस सेल्फ एन्युमरेशन पोर्टल एवं एप के माध्यम से स्वयं अपनी गणना कर सकेंगे। कोई भी सामान्य निवासी ऑनलाइन प्रश्नावली भरकर स्वगणना कर सकता है। घर-सूचीकरण चरण के दौरान सर्वेक्षक भवन के उपयोग, निर्माण सामग्री, कमरों की संख्या, स्वामित्व की स्थिति, जल, विद्युत और शौचालय की उपलब्धता, खाना पकाने के ईंधन के प्रकार तथा फोन, वाहन और टेलीविजन जैसी परिसंपत्तियों से संबंधित कुल 33 प्रकार के विवरण दर्ज करेंगे।

बैठक में लखनऊ से आए सहायक निदेशक सेंसस दिनेश यादव ने जनगणना प्रक्रिया को लेकर प्रस्तुतिकरण दिया। मुख्य विकास अधिकारी दीक्षा जैन, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व विवेक चतुर्वेदी, अपर नगर आयुक्त आवेश खान, जिला पंचायत राज अधिकारी मनोज कुमार, बेसिक शिक्षा अधिकारी सुरजीत सिंह, डीआईओ शांतनु श्रीवास्तव, जिला अर्थ एवं सांख्यिकी अधिकारी ईशा शर्मा आदि उपस्थित रहे।



### युवाओं के पास 6 फरवरी तक नए मतदाता बनने का मौका

- **कानपुर।** विशेष प्रगाढ पुनरीक्षण कार्यक्रम के अन्तर्गत नये मतदाताओं के लिए प्रारूप-6, घोषणा पत्र के साथ, अपमार्जन के लिए प्रारूप-7, किसी प्रविष्टि में त्रुटि एवं डुप्लीकेट वोटर कार्ड के लिए प्रारूप-8 तथा पता बदलवाने के लिए प्रारूप-8 घोषणा पत्र (अनुलग्नक-IV) के साथ अपना आवेदन 06 फरवरी, 2026 तक ऑन लाइन अथवा ऑफ लाइन माध्यम से संबन्धित निर्वाचक रजिट्रीकरण अधिकारी कार्यालय अथवा संबन्धित बीएलओ तथा विशेष अभियान की तिथि में अपने मतदेय स्थल पर बीएलओ को दे सकते हैं। अपर जिला मजिस्ट्रेट (वि.रा.) विवेक चतुर्वेदी ने बताया कि जिसकी आयु 01 जनवरी 2026 को 18 वर्ष पूर्ण हो चुकी है। उक्त के अतिरिक्त अर्हता तिथि 01 अप्रैल, 01 जुलाई तथा 01 अक्टूबर के आधार पर जो मतदाता 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर रहे है उन सभी अर्हक मतदाताओं से फार्म-6 घोषणा पत्र के साथ प्राप्त कर लिया जाएगा और यथा समय उनके नाम मतदाता सूची में शामिल किए जाने की कार्यवाही नियमविहित प्रकियानुसार की जाएगी। जनपद में अवस्थित समस्त मतदेय स्थलों पर संबंधित बीएलओ पूर्वान्ह 10 :30 बजे से 4 :30 बजे तक उपस्थित रहेगे।

## सिटी ब्रीफ

### 50 टीमें समस्या समाधान में जुटीं

**कानपुर।** छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय में शुक्रवार से दो दिवसीय हैकॉशोध की शुरुआत हुई। प्रतियोगिता के पहले दिन 50 टीमें 6 समस्याओं के समाधान में जुट गईं हैं। राष्ट्रीय स्तर के इस हैकाथॉन में विजेता टीमों को पुरस्कृत किया जाएगा। इस आयोजन में शामिल टीमों को इनक्यूबेशन इकोसिस्टम, बिजनेस मॉडलिंग, इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी मार्गदर्शन और सफल परियोजनाओं को स्टार्टअप में बदलने के लिए सीड फंडिंग की सुविधा भी प्रदान की जाएगी।

### आज होगी परीक्षा

**कानपुर।** सीएसजेएमयू में 31 जनवरी को विद्या भारती अखिल भारतीय उच्च शिक्षा संस्थान नई दिल्ली द्वारा आयोजित भारत बोध आईकेएस-2026 परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। यह जानकारी कुलपति प्रोफेसर विनय पाठक ने दी। बताया कि यह विद्या भारती उच्च शिक्षा संस्थान द्वारा आयोजित 'भारत बोध आईकेएस-2026 परीक्षा' में प्रदेशभर में सर्वाधिक 1 हजार विद्यार्थियों की सहभागिता कानपुर विश्वविद्यालय से हो रही है। इस परीक्षा का उद्देश्य विद्यार्थियों को भारतीय ज्ञान परम्परा से जोड़कर विद्यार्थियों में स्व-चेतना, सांस्कृतिक आत्मविश्वास और बौद्धिक राष्ट्रबोध का विकास करना है।

### दो दिवसीय संगोष्ठी

**कानपुर।** सीएसजेएमयू में शुक्रवार को स्कूल ऑफ लैंग्वेजेज़ द्वारा भारतीय भाषा समिति, शिक्षा मंत्रालय, नई दिल्ली के संयुक्त तत्वाधान में 'भारतीय भाषा परिवार और कृत्रिम बुद्धिमत्ता : इक्कीसवीं सदी की चुनौतियां एवं संभावनाएं' विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी हुई। इस दौरान स्कूल ऑफ लैंग्वेजेज़ के निदेशक डॉ. सर्वेश मणि त्रिपाठी, रांची विश्वविद्यालय के प्रो. (डा.) जंग बहादुर पाण्डेय, हैदराबाद विश्वविद्यालय के प्रो. एस. अरुल्मोजी, गढ़वाल केंद्रीय विश्वविद्यालय से प्रो. (डॉ.) राकेश चन्द्र रयाल सहित अन्य ने विचार व्यक्त किए।

### संशोधित समय सारिणी जारी

**कानपुर।** दशमोत्तर योजनान्तर्गत उच्च कक्षाओं में अध्ययनरत उत्तर प्रदेश के मूल निवासी सामान्य वर्ग के छात्र-छात्राओं को शैक्षणिक भत्ता एवं शुल्क प्रतिपूर्ति के भुगतान के लिए संशोधित समय सारिणी जारी की गई है। जिला समाज कल्याण अधिकारी शिवम् सागर ने बताया कि विश्वविद्यालय एवं संबद्ध (एफिलियेटिंग) एजेंसियों द्वारा वास्तविक छात्रों का सत्यापन किया जाएगा तथा अपात्र छात्रों, पाठ्यक्रमों एवं संस्थाओं को ब्लॉक किया जाएगा। साथ ही वर्गवार वास्तविक छात्र संख्या की प्रमाणिकता का सत्यापन भी किया जाएगा। इसके बाद त्रुटिपूर्ण आवेदन पत्रों को छात्रों द्वारा अपने स्तर से संशोधित किया जाएगा।

# चरखा चलाया, रघुपति राघव राजाराम गाया

## महात्मा गांधी के निर्वाण दिवस पर कांग्रेसियों ने दो मिनट का मौन भी रखा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** कांग्रेस मुख्यालय तिलक हाल में महात्मा गांधी के निर्वाण दिवस पर श्रद्धा और सम्मान के साथ चरखा कताई के साथ ही सर्वधर्म प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान रामधुन रघुपति राघव राजाराम गूंजता रहा।

शुक्रवार को गांधी टोपी लगाए कांग्रेसियों ने कानपुर महानगर कांग्रेस ने महात्मा गांधी के निर्वाण दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया जिसकी अध्यक्षता महानगर कांग्रेस के अध्यक्ष पवन गुप्ता ने की। सर्वधर्म प्रार्थना में गीता, कुरान, बाइबल और गुरु ग्रंथ साहिब का पाठ आचार्य संतोष शुक्ला, इम्तियाज अहमद, पादरी जितेंद्र सिंह और सरदार जसप्रीत सिंह ने किया। चरखा कताई में डॉ. हलीमुल्लाह खां, विपिन तिवारी, रामजी दुबे, अमिताभ दत्त मिश्रा, रवि बाजपई आदि सहित खादी कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

शुरुआत में प्रातः 10.58 पर सभी ने दो मिनट का मौन रख कर श्रद्धांजलि अर्पित की। उसके बाद रघुपति राघव राजाराम और वैष्णव जन भजन भी गाया। सर्वधर्म प्रार्थना सभा में सभी धर्मों के प्रतिनिधियों ने भाग लेकर शांति, भाईचारे और देश की एकता के लिए प्रार्थना की। संचालन शंकर दत्त मिश्रा ने किया। हरप्रकाश अग्निहोत्री, महेश मेघानी, इकबाल अहमद, सैमुअल लकी सिंह, हरीश बाजपई, नरेश पाठक, प्रतिभा अटल पाल, श्याम देव सिंह, रमाकांत मिश्रा, साजिद सर, सन्तोष त्रिपाठी, उपेंद्र यादव, अरविंद त्रिवेदी, राकेश साहू, अजय श्रीवास्तव शीलू, पदम मोहन मिश्रा, राम शंकर राय, मानेश दीक्षित, धर्मेंद्र चौहान आदि मौजूद थे।



तिलक हाल में चरखा चलाते कांग्रेसी नेता। अमृत विचार

- तिलक हाल में सर्व धर्म प्रार्थना सभा भी हुई

### महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण

जिला कांग्रेस कमेटी कानपुर नगर ग्रामीण के सदस्यों ने स्वतन्त्रता संग्राम सेनानी सदन कचहरी स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण करके उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। कांग्रेस जिलाध्यक्ष संदीप शुक्ला ने बापू को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि गांधी जी के विचार और चरित्र बहुत ही उच्च कोटि के थे आज भी उनके दिए गए उपदेश और कथन प्रासंगिक हैं। सतीश दीक्षित एडवोकेट, ईखलाक डेविड, राजेन्द्र बाल्मीकि, अजीत यादव, हर्षित शर्मा, अंगद सिंह, अनिल शुक्ला, एजाज रशीद, राहुल कुमार आदि मौजूद रहे।

### सायरन बजाया, दो मिनट का मौन रखा

**कानपुर।** महात्मा गांधी के शहीद दिवस पर प्रातः 10:59 बजे कलेक्ट्रेट परिसर में सिविल डिफेंस द्वारा सायरन बजाया गया। इसके उपरांत प्रातः 11:00 बजे से 11:02 बजे तक दो मिनट का मौन रखकर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी सहित स्वतंत्रता आंदोलन में त्याग एवं बलिदान करने वाले समस्त शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ दो मिनट का मौन धारण किया।



गांधी प्रतिमा पर सर्वधर्म सभा हुई। अमृत विचार

# गांधी के विचारों से ही विश्व शांति संभव

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** बिना महात्मा गांधी के अहिंसक विचारों के विश्व में शांति स्थापित नहीं हो सकती, राष्ट्रों के बीच जो असहिष्णुता, हिंसा दिख रही है ये विश्व युद्ध के संकेत दे रहे है लेकिन ऐसे समय में महात्मा गांधी के अहिंसक विचारों, अंतिम व्यक्ति की चिंता की रक्षा ही शांति सदभाव का रास्ता बनाएगी।

शुक्रवार को गांधी शांति प्रतिष्ठान द्वारा फूलबाग स्थित गांधी प्रतिमा पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के शहीद दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में ये बात वक्ताओं ने कही। इस अवसर पर सर्वधर्म प्रार्थना सभा एवं संगोष्ठी का आयोजन किया गया। गांधी शांति प्रतिष्ठान के अध्यक्ष दीपक मालवीय साहित्यकार, लेखक, रंगकर्मी, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं विभिन्न धर्मावलंबियों ने विचार व्यक्त किए। समापन गांधीजी के रामधुन और सर्वधर्म प्रार्थना के साथ समाप्त हुआ।

कार्यक्रम में मुख्य रुप से सुरेश गुप्ता (संयोजक), श्रीकृष्ण कांत अवस्थी, नौशाद आलम मंसूरी, शाकिर अली उस्मानी, श्यामदेव सिंह, छोटे भाई नरोना, देव कुमार, प्रोफेसर जहान सिंह आदि उपस्थित रहे।



प्रतियोगिता के विजेताओं को प्रमाणपत्र दिए गए। अमृत विचार

# जरा सी लापरवाही किसी का परिवार उजाड़ देगी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** वाहन चलाते समय दुर्घटना से देर भली, इसको दिमाग में बिठाकर यातायात नियमों का पालन करें क्योंकि आपकी जरा सी लापरवाही किसी का परिवार उजाड़ सकती है।

शुक्रवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय सभागार, छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, में सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत उच्च शिक्षण संस्थानों में युवाओं को जागरूक करने के उद्देश्य से भाषण प्रतियोगिता, नुक्कड़ नाटक / लघु नाटिका एवं रील निर्माण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस दौरान संभागीय अधिकारी कानपुर नगर राहुल श्रीवास्तव ने अपने संबोधन में लोगों को यातायात नियमों की जानकारी देते हुए लोगों को हेलमेट लगाने, सीट बेल्ट लगाने, वाहन चलाते समय मोबाइल पर बात नहीं करने को कहा। उन्होंने कहा कि वाहन चलाते समय सावधान रहें क्योंकि आपकी जरा सी लापरवाही संकट में डाल देगी। नोडल अधिकारी प्रोफेसर अपर्णा सिंह ने कहा कि सड़क सुरक्षा जागरुकता और सामूहिक जिम्मेदारी का विषय है जिसे अपने व्यवहार में उतारना होगा। सहायक नोडल अधिकारी डॉ. आलोक कुमार पाण्डेय डॉ. सुमन शुक्ला सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी दीपक ने भी संबोधित किया।

# डॉट नाला धंसने से संत रविदास मेले का रूट बदलें

**कानपुर।** प्रतिवर्ष माघ पूर्णिमा के दिन ईदगाह के पास लगने वाला संत रविदास मेला इस बार रविदास आश्रम के पास नहीं लगेगा। इसकी वजह ईदगाह के पास धंसा डॉट नाला है। डॉट नाला धंसने की वजह से झांकियों का रूट में बदलाव की मांग की गई है। मेला प्रबंधन कमेटी ने समय पर मरम्मत कार्य की मांग नगर निगम से की है।

संत रविदास कल्याण संघ कमेटी के उपाध्यक्ष संदीप कुमार गौतम के मुताबिक माघ पूर्णिमा के दिन ईदगाह रविदास आश्रम के पास आयोजित मेले में हजारों की संख्या में श्रद्धालु शामिल होते हैं। यहां पर पूरे कानपुर की झांकियां एकत्र होती हैं और इसके बाद यहां से सभी झांकियां सेंट्रल कमेटी फूलबाग जाती हैं। इस बार ईदगाह के पास डाट नाला धंस गया है। इसलिए अब झांकियां लेकर मोतीझील व गोल चौराहे से होते आना पड़ेगा। प्रशासन से मांग है कि झांकियों के रूट में बदलाव कर मोतीझील से निकाला जाए और ईदगाह वाली सड़क से सीधा लाया जाए। नगर निगम से मांग है कि नाले के आसपास बैरिकेडिंग की जाए।



तकिया बिसातियान में अवैध कब्जे। अमृत विचार



निरीक्षण करते पदाधिकारी। अमृत विचार

# इबादत की रात आई, कहां तलाशेंगे पूर्वजों की कब्रें

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- बकरमंडी स्थित तकिया बिसातियान में अवैध कब्जों की भरमार
- जनप्रतिधियों का सहयोग, सड़क, नाली, खड़ंजा तक बनवा दिया

**अमृत विचार।** किसी शायर ने क्या खूब कहा है कि चैन से सो रहा था मैं, ओढ़े कफन मजार पे, यहां भी सताने आ गए किसने पता बता दिया। ये पंक्तियां कानपुर के कब्रिस्तानों पर बिल्कुल फिट बैठती हैं क्योंकि लोगों ने पूरे शहर पर तो अवैध कब्जा कर ही रखा है और कब्रिस्तानों को भी नहीं छोड़ा है। कोई भी ऐसा कब्रिस्तान नहीं है, जहां लोगों ने कब्जा नहीं किया हो।

इस्लामी धर्म की सबसे महत्वपूर्ण शबे-बरात एवं इबादत की रात 3 फरवरी को है, इस रात मुसलमान रातभर इबादत करेंगे और लाखों मुसलमान अपने पूर्वजों की कब्र पर फातिहा पढ़ने के लिए जाएंगे लेकिन तकिया बिसातियान समेत अधिकांश कब्रिस्तान में कुछ लोगों ने किरायेदार बसा दिया है और जमकर वसूली कर रहे हैं। इस खेल में जनप्रतिनिधि भी पीछे नहीं हैं। कब्रिस्तान में ऐसे जनप्रतिनिधियों ने सीसी सड़क, नाली, खड़ंजा सारी सुविधाएं दे दी हैं।

इसी प्रकार नगर निगम कब्रिस्तान, अवामी कब्रिस्तान, तकिया हींगनशाह, तकिया नब्बू शाह, तकिया हुजूरी शाह नगर निगम कब्रिस्तान, बेनाझाबर, काकादेव कब्रिस्तान, ओम पुरवा कब्रिस्तान, जाजमऊ कब्रिस्तान आदि कोई कब्रिस्तान ऐसे माफिया से नहीं बची है, जहां अवैध कब्जे न हों।

### कब्रिस्तानों का जायजा लेने पहुंचे शहरकाजी

शुक्रवार को शहरकाजी मुफ्ती साकिब मिस्बाही ने शहर की विभिन्न कब्रिस्तानों का जायजा लिया और कब्रिस्तान में रह रहे लोगों से बातचीत की। शुक्रवार को जुमा की नमाज के बाद शहरकाजी की अगुवाई में एक प्रतिनिधिमंडल कब्रिस्तान तकिया नब्बू शाह कब्रिस्तान तकिया हुजूरी शाह नगर निगम कब्रिस्तान, आवामी कब्रिस्तान बेना झाबर, काकादेव कब्रिस्तान, ओम पुरवा कब्रिस्तान, जाजमऊ कब्रिस्तान आदि क्षेत्रों में पहुंचा। इस दौरान तकियादारों ने कब्रिस्तान में आने वाली समस्याओं के बारे में बताया। निरीक्षण में मुख्य रूप से नायब शहरकाजी कारी मोहम्मद सगीर आलम हबीबी, महामंत्री महबूब आलम खान, मौलाना शाह आलम बरकाती, मौलाना जकत उल्लाह सना, नूर आलम व हाफिज दानिश बरकाती आदि थे।

# निमोनिया को न समझें हल्का रोग

**कानपुर।** मौसम में हुए बदलाव से पारस हेल्थ में निमोनिया के केस बढ़े हैं। इससे लगभग हर उम्र के लोग प्रभावित हो रहे हैं। पल्मोनोलॉजिस्ट डॉ. शिवम दीक्षित ने कहा कि सर्दियों में निमोनिया और अक्सर शुरुआती सांस की बीमारियों को नजरअंदाज करने से होता है, जिसके लक्षणों को मौसमी बीमारी समझकर लापरवाही बरती जाती है, लेकिन समय पर जांच से बीमारी को गंभीर बनने व संक्रमण को फेफड़ों में गंभीर रूप से फैलने से रोका जा सकता है। सर्दी में लगातार खांसी, ठंड लगने के साथ बुखार, सांस लेने या खांसने पर सीने में दर्द, घरघराहट (सांस लेते समय सीटी जैसी या शोर वाली आवाज), सांस लेने में तकलीफ, थकान और भूख न लगने पर सचेत हो जाना चाहिए। पारस हेल्थ कानपुर के फैसिलिटी डायरेक्टर रजत बजाज ने कहा कि समय पर इलाज मिलने से निमोनिया को मैनेज किया जा सकता है।



डॉ. शिवम।

# कुलदीप के स्कूल आएगी वर्ल्ड कप ट्राफी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** भारत भ्रमण पर निकली टी-20 विश्वकप की चमचमाती ट्राफी शनिवार को भारतीय टीम के चाइनामैन गेंदबाज कुलदीप यादव के स्कूल केडीएमए पहुंचेगी। हालांकि इस अवसर पर कुलदीप और उनके कोच कपिल पांडे के अलावा उत्तर प्रदेश क्रिकेट संघ (यूपीसीए) के पदाधिकारियों की कमी अखरेगी। कुलदीप इस समय न्यूजीलैंड के खिलाफ टी-20 सीरीज में व्यस्त है और शनिवार को खेले जाने वाले सीरीज के पांचवें और अंतिम मैच के लिए तिरुवनंतपुरम में होंगे। वहीं उनके नियमित कोच कपिल पांडे का नाम केडीएमए की अतिथि सूची में नहीं है। कपिल ने कहा मुझे कार्यक्रम में नहीं बुलाया गया है। मुझे इसका मलाल नहीं है। एक कोच के लिए उसका बच्चा अच्छा प्रदर्शन करे, यही संतोष का विषय होता है। कुलदीप ने उनकी सलाह पर ही केडीएमए में दाखिला लिया था।

केडीएमए के चेयरमैन संजय कपूर ने बताया कि ट्राफी के स्वागत के लिए सभी तैयारियां पूरी की जा चुकी है। अकादमी के सभी होनहार युवा खिलाड़ी और छात्र कार्यक्रम में मौजूद रहेंगे। इस अवसर पर कुलदीप के पिता का सम्मान किया जाएगा। टी-20 ट्राफी युवा प्रतिभाओं का खेल के प्रति उत्साहवर्धन करेगी। यूपीसीए के सचिव प्रेम मनोहर गुप्ता के अनुसार ट्राफी टूर के लिये बीसीसीआई ने किसी एजेंसी से अनुबंध किया है जिसके तहत टी20 विश्वकप में चुने गये हर खिलाड़ी के स्कूल में ट्राफी ले जायी जायेगी।

**समझौता** | सीएसजेएमयू और ग्लाइडर्स इंडिया लिमिटेड के बीच एमओयू

# प्रोजेक्ट जी-चेतना से उद्योग, शिक्षा सहयोग को नई दिशा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** सीएसजेएमयू ने उद्योग-शिक्षा सहयोग के लिए ग्लाइडर्स इंडिया लिमिटेड के साथ प्राथमिक शैक्षणिक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। इस पहल को 'प्रोजेक्ट जी-चेतना' का नाम दिया गया है। जिसका उद्देश्य रक्षा एवं एयरोस्पेस तकनीकों के क्षेत्र में छात्रों के शैक्षणिक ज्ञान और व्यावहारिक कौशल को बढ़ाना है। एमओयू पर औपचारिक हस्ताक्षर ग्लाइडर्स इंडिया लिमिटेड के मुख्य प्रबंध निदेशक एमसी बाला सुब्रह्मणियम और सीएसजेएमयू के कुलपति प्रो. विनय कुमार पाठक ने किए।

इस दौरान विश्वविद्यालय के वरिष्ठ अधिकारी एवं उद्योग जगत के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे। बताया गया कि यह एमओयू पूरी तरह शैक्षणिक प्रकृति का है, जिसमें किसी प्रकार का व्यावसायिक या वित्तीय लेन-देन शामिल नहीं है। एमओयू के तहत विश्वविद्यालय और ग्लाइडर्स इंडिया लिमिटेड के बीच ज्ञान के आदान-प्रदान, छात्र कौशल विकास, संकाय सहभागिता तथा रक्षा एवं एयरोस्पेस क्षेत्र में उभरती तकनीकों के प्रति जागरूकता बढ़ाने पर सहयोग किया जाएगा। समझौते के तहत विशेषज्ञ व्याख्यान, कार्यशालाएं, अल्पकालिक प्रशिक्षण कार्यक्रम, संवाद सत्र तथा शोध-उन्मुख चर्चाओं जैसी गतिविधियों को आपसी सहमति एवं विश्वविद्यालय नियमों के अनुरूप आयोजित किया जा सकेगा। कुलपति प्रो. विनय कुमार पाठक ने कहा कि यह सहयोग छात्रों की व्यावहारिक दक्षताओं और पेशेवर क्षमताओं को सुदृढ़ करने में सहायक सिद्ध होगा। ग्लाइडर्स इंडिया लिमिटेड के अधिकारियों ने कहा कि इस सहयोग से उद्योग विशेषज्ञों और शिक्षाविदों के बीच संवाद को बढ़ावा मिलेगा, जिससे छात्र और शिक्षक रक्षा क्षेत्र से जुड़ी अनुप्रयुक्त तकनीकों, नवाचार और समस्या समाधान के व्यावहारिक पहलुओं को समझ सकेंगे।




एमओयू के दौरान सीएसजेएमयू के कुलपति प्रो विनय कुमार पाठक मौजूद रहे। अमृत विचार

## सिटी डायरी

### 2 फरवरी तक एक्सपो

**कानपुर।** सिल्क वीव्स एक्सपो का आयोजन शहर में 2 फरवरी तक मोतीझील में होगा। इस एक्सपो में बनारस के घाटों से लेकर बिहार के गांवों तक, बंगाल से तमिलनाडु तक, असम के पहाड़ों और राजस्थान के रेगिस्तानों से 20 से ज़्यादा तरह के सिल्क के परिधान एक ही छत के नीचे हैं। बनारसी, कोसा, जामदानी, भागलपुरी, जयपुरी, असम सिल्क इस एग्जीबिशन की खास पहचान हैं। यहाँ 15 अलग-अलग राज्यों के लगभग 75 स्टॉल हैं। यह इवेंट लाजपत भवन लॉन मोती झील में 2 फरवरी तक सुबह 11 बजे से रात 9 बजे तक हो रहा है।



एक्सपो में ग्राहकों की भीड़। अमृत विचार

### पुण्यतिथि मनाई गई

**कानपुर।** सरस्वती ज्ञान मंदिर इंटर कॉलेज में शुक्रवार को विद्यालय के संस्थापक रामनारायण अग्रवाल की पुण्यतिथि मनाई गई। इस दौरान डॉ शुभम वर्मा द्वारा गणेश वन्दना, तेरे तन में राम, श्याम - तेरी बंसी, कमी कमी भक्तों से काम पढ़े आदि भजन प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रबंधक अमित अग्रवाल ने संस्थापक के चित्र पर पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धाञ्जिली अर्पित की। इस दौरान विद्यालय की कोऑर्डिनेटर अनुराधा सिंह भी मौजूद रहीं। प्रधानाचार्य अंकित शुक्ला, संजीव चर्तुवेदी, रवीन्द्र नाथ शर्मा, रमाशंकर शुक्ला, रूपा श्रीवास्तव व रिचा तिवारी ने विचार व्यक्त किए।



मुख्य अतिथि का स्वागत किया गया।



प्रतियोगिता में विजयी बच्चे। अमृत विचार

### बच्चों ने दिखाई खेल प्रतिभा

**कानपुर।** दिल्ली पब्लिक स्कूल आजाद नगर में अन्तरविद्यालयी मिनी ओलंपिक्स का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा एक से पांच तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विद्यालय की प्रो वाइस चैयरपर्सन वंदना मिश्रा उपस्थित रहीं। विद्यालय की प्रधानाचार्या शिल्पा मनीष ने प्रतिभागियों का स्वागत किया। कार्यक्रम की शुरुआत हेड ब्वाय और हेड गर्ल द्वारा मशाल प्रज्वलित करके किया गया। मिनी ओलंपिक्स में फुटबॉल, क्रिकेट, टेबल टेनिस, स्केटिंग, पिरामिड, ताइक्वांडो आदि रोमांचक खेलों में बच्चों ने पूरे उत्साह और उमंग के साथ भाग लिया।

न्यूज ब्रीफ

### जम्मू तवी ट्रेन में हुई चेन पुलिंग, 15 मिनट रुकी रही ट्रेन

**शुक्लागंज उन्नाव, अमृत विचार :** शुक्रवार दोपहर लखनऊ से कानपुर जा रही जम्मू तवी एक्सप्रेस में किसी यात्री द्वारा चेन पुलिंग किए जाने से ट्रेन करीब 15 मिनट तक खड़ी रही। दोपहर करीब एक बजे अप लाइन से रनथू गुजर रही ट्रेन जैसे ही गेट नंबर 40 के पास पहुंची तभी अचानक चेन पुलिंग कर दी गई। जिससे ट्रेन रुक गई। बिना निर्धारित ठहराव के ट्रेन रुकने से हड़कंप मच गया। सूचना पर स्टेशन पर मौजूद जीआरपी पहुंची और जांच की। करीब 1:15 बजे ट्रेन को पुनः रवाना किया गया।

### पूरे दिन सर्द हवाओं ने झकझोरा, धूप रही बेअसर

**शुक्लागंज उन्नाव, अमृत विचार :** जनवरी के अंतिम सप्ताह में एक बार फिर मौसम ने करवट बदली है। शुक्रवार सुबह से ही आसमान में बादल रहे और हल्का कोहरा छाया रहा। सर्द हवाओं के कारण दिनभर लोग ठिठुरते रहे। दोपहर में धूप निकली लेकिन ठंडी हवाओं के चलते उसका असर दिखाई नहीं दिया। गुरुवार रात से ही सर्द हवाओं का प्रकोप शुरू हो गया था। कोहरे के कारण रात में आवागमन करने वाले लोग ठंड से कांपते दिखे। जगह-जगह जल रहे अलाव के पास लोग रुककर हाथ सेंकते दिखे। शुक्रवार सुबह कोहरे के कारण नवीन पुल, फोरलेन, आजाद नगर, हाईवे व बैराज मार्ग पर वाहन धीमी गति से रेंगते रहे। दोपहर में हल्की धूप निकलने से लोगों को राहत मिली, लेकिन सर्द हवाओं ने सर्दी का असर बरकरार रखा। शाम होते ही फिर कोहरा छा गया।

# बार काउंसिल चुनाव: पहले दिन यातायात व्यवस्था ध्वस्त

## आवागमन के लिए कचहरी पुल को पूरी तरह कर दिया गया था प्रतिबंधित जिस कारण जाम के झाम में फंसा शहर

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार:** कचहरी परिसर में बार काउंसिल के दो दिवसीय मतदान के पहले दिन शुक्रवार को यातायात व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई। शांतिपूर्ण ढंग से चुनाव कराने के लिए यातायात विभाग ने कचहरी पुल को आवागमन के लिए पूरी तरह प्रतिबंधित कर दिया गया था। जिसका सीधा असर शहर के अन्य मार्गों पर पड़ा। सुबह मतदान शुरू होने से लेकर शाम 5 बजे तक शहर जाम की चपेट में रहा।

कचहरी पुल बंद होने का सबसे मार्मिक दृश्य तब देखने को मिला जब सिविल लाइन जाने वाले यात्रियों, आमजन व अधिवक्ताओं को वाहनों से उतार दिया गया। ई-रिक्शा व ऑटो का प्रवेश वर्जित होने से बड़ी संख्या में लोगों को पैदल ही पुल पार करना पड़ा। बड़ा चौराहा पर चारों ओर से आने वाले वाहनों के कारण वहां भी जाम की स्थिति बनी रही। डायवर्जन का सारा बोझ हरदोई पुल पर आ गया। जिससे यहां भी लंबा जाम लग गया। दोपहिया वाहन चालक भी गलियों से निकलने का रास्ता तलाशते रहे। आवास विकास से कचहरी आने वाले सभी संपर्क मार्गों पर वाहनों की लंबी कतारें लगी रहीं। जिससे स्थानीय निवासियों का घर से निकलना मुश्किल हो गया। हालांकि, फोर्स की तैनाती की गई थी लेकिन बार काउंसिल चुनाव में उमड़ी वकीलों व समर्थकों की भारी भीड़ के सामने सुरक्षा घेरा और ट्रैफिक प्लान पूरी तरह फेल साबित हुआ। शाम 5 बजे जब मतदान संपन्न हुआ तब कहीं जाकर धीरे-धीरे वाहनों की आवाजाही सामान्य होना शुरू हुई।


हरदोई पुल से आवास विकास जाने वाले मार्ग पर लगा जाम। ● अमृत विचार

### कल भी रह सकती है चुनौती

चूंकि मतदान दो दिवसीय है अतः दूसरे दिन भी यातायात व्यवस्था को लेकर लोगों में संशय है। व्यापारियों व आमजन ने मांग की है कि कल के मतदान के दौरान वैकल्पिक मार्गों पर ट्रैफिक कर्मियों की संख्या बढ़ाई जाए। ताकि ऐसी स्थिति दोबारा न बने।

### बार काउंसिल के लिए पहले दिन हुआ मतदान

**उन्नाव :** बार काउंसिल ऑफ यूपी के सदस्य पद के लिए शुक्रवार को जिले के अधिवक्ताओं ने अपने पसंद के उम्मीदवारों के पक्ष में मतदान दिया। शनिवार को भी वोटिंग जारी रहेगी। मतदान को लेकर सुबह से ही मतदाताओं में उत्साह देखने को मिला। बता दें कि मुख्यालय सहित पुरवा व सफीपुर मुंसिफ न्यायालय में भी वकीलों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। बता दें कि 300 से अधिक प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। शुक्रवार को मतदाताओं को अपने पक्ष में करने के लिए प्रत्याशियों के समर्थकों में गहमा गहमी रही। अपना मतदाता क्रमांक बता कर वोट डालने की अपील मतदान समाप्त होने तक चलती रही। मतदान को लेकर सुरक्षा की भी कड़ी व्यवस्था रही। कोतवाली के साथ दही व अन्य थानों का फोर्स मौजूद रहा।

### फंदे से लटका मिला युवती का शव

**उन्नाव, अमृत विचार:** बारासगवर थानाक्षेत्र के भगवानखेड़ा गांव निवासी लक्ष्मी पाल की 21 वर्षीय बेटी गोल्डी ने घर की दूसरी मंजिल में बने कमरे में दुपट्टे के फंदे से लटककर जान दे दी। शुक्रवार सुबह कमरे में पहुंचे पिता के शव लटका देख होश उड़ गए। छोटे भाई विनय ने बताया कि वह 5 भाई-बहनों में छोटी थी। बड़े भाई महेश व सर्वेश दिल्ली में नौकरी करते हैं। बड़ी बहन शालिनी व मां रामदेवी घरेलू कार्य निपटा रही थी। भाई के मुताबिक परिजनों ने किसी बात को लेकर उसे डांटा था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच कर शव नीचे उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। एसओ ने बताया कि परिजनों ने आत्महत्या की सूचना दी थी। शव का पोस्टमार्टम कराया गया है।

# होटल संचालक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

● परिजनों ने जताया शक, पुलिस ने शुरू की मामले की जांच

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार:** सदर कोतवाली क्षेत्र के दोस्ती नगर चौकी के पास स्थित एक होटल के संचालक की देररात अचानक हालत बिगड़ गई। इस पर होटल के लोग उसे पास के निजी अस्पताल फिर जिला अस्पताल लाए। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने संचालन में साझीदार युवक व अस्पताल लाने वालों पर उन्होंने शक जताया। इस पर दो डॉक्टरों ने वीडियोग्राफी के बीच शव का पोस्टमार्टम किया। जिसमें उसकी हार्टअटैक से मौत होने की पुष्टि हुई है। लेकिन पेट में दवा मिलने पर ऐहतिहातन बिसरा भी सुरक्षित किया गया है।


पोस्टमार्टम हाउस में मौजूद पत्नी व परिजन व इनसेट में रामजी का फाइल फोटो।

औरास थानाक्षेत्र के भुरकुंडी गांव निवासी रामजी शर्मा (24) पुत्र सूर्यभान पहले विद्युत विभाग में ठेके पर कार्यरत था। लेकिन कई माह पूर्व वहां से काम छोड़ कर बीती 8 जनवरी से उसने सफीपुर निवासी विकास यादव के साथ सदर कोतवाली क्षेत्र के दोस्ती नगर के पास एक होटल शुरू किया था। बीती देर रात वहां उसकी अचानक हालत बिगड़ गई। इस पर उसे होटल में मौजूद जितेंद्र मोहन व शोभित पहले पास के निजी अस्पताल लाए। जहां से जबाव मिलने पर उसे लेकर जिला अस्पताल की इमरजेंसी पहुंचे। यहां डॉक्टर ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। पिता ने पुलिस को दी तहरीर में बेटे की मौत पर शक जताते हुए बताया कि घटना के समय होटल में चार युवक व एक युवती भी थी। परिजनों की आशंका पर पुलिस ने दो डॉक्टर में जितेंद्र मोहन व डॉ. मुशीर ने वीडियोग्राफी के बीच शव का पोस्टमार्टम कराया। जिसमें उसकी मौत तो हार्टअटैक से होने की बात सामने आई। लेकिन सूत्रों की मानें तो पेट में दवा भी मिली है। ओवरडोज की आशंका पर बिसरा सुरक्षित किया गया है। वहीं पुलिस ने होटल की डीवीआर कब्जे में ली है व युवकों से भी पूछताछ की है।

### रोजगार मेले में 150 अभ्यर्थियों का चयन

**उन्नाव, अमृत विचार :** राजकीय महाविद्यालय एवं जिला सेवायोजन कार्यालय के संयुक्त तत्वावधान में रोजगार मेले का आयोजन राजकीय महाविद्यालय उन्नाव परिसर में हुआ। मुख्य अतिथि जिला सेवायोजन अधिकारी प्रीति चन्द्रा व विशिष्ट अतिथि सहायक जिला सेवायोजन अधिकारी आस्था सिन्हा ने दीप प्रज्जवलन व फीता काटकर मेले का उद्घाटन किया। मेले में प्रदेश के करीब एक दर्जन कम्पनी के प्रतिनिधियों ने प्रतिभाग किया। लगभग 300 अभ्यर्थियों का साक्षात्कार कर 150 चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरित किया। इस अवसर पर महाविद्यालय में नवनिर्मित साइकिल स्टैंड का मुख्य अतिथि व महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. मीता अरोड़ा ने उद्घाटन किया। इस दौरान रोवर-रेंजर्स प्रमाण पत्र भी बांटे गए।

### गांधी जी की पुण्यतिथि पर बांटी गई स्वास्थ्य किट

**उन्नाव, अमृत विचार :** जिलाधिकारी गौरांग राठी की उपस्थिति में कलक्ट्रेट के पन्नालाल सभागार में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर आयोजित शहीद दिवस पर उनकी आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रख कर श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयोजित राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के तहत कुष्ठ रोग की जागरूकता विषयक संदेश को जिलाधिकारी द्वारा अफसरों व कर्मियों की उपस्थिति में पढ़कर सुनाया गया। जिसे उपस्थित अफसरों-कर्मियों ने दोहराया। इसमें जिलाधिकारी ने कुष्ठ रोग से मुक्त हो चुके व्यक्तियों को कुष्ठ रोग स्वास्थ्य किट देकर उनके उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। कार्यक्रम में एडीएम सुशील कुमार गोंड, एडीएम न्यायिक अमिताभ यादव, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. एचएन सिंह, जिला पर्यटन अधिकारी संतोष कुमार आदि अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।


स्वास्थ्य किट बांटते जिलाधिकारी गौरांग राठी।

### आयुष्मान कार्ड बनाने में लापरवाही पर फटकार

**उन्नाव, अमृत विचार :** विकासखंड सिकंदरपुर सरोसी के अन्तर्गत ग्राम पंचायत सैय्यद अब्बासपुर में ग्राम चौपाल (गांव की समस्या, गांव में समाधान) सीडीओ कृति राज की अध्यक्षता में संपन्न हुई। ग्राम चौपाल के दौरान मौजूद ग्रामीणों द्वारा सड़क निर्माण के लिए मांग की गई। मौजूद खंड विकारा अधिकारी सिकंदरपुर सरोसी को स्थलीय सत्यापन कराकर ग्राम पंचायत व क्षेत्र पंचायत का नियमानुसार निर्माण के निर्देश दिये गये। ग्रामीणों ने बताया कि गांव में नियुक्त सफाई कर्मचारी नियमित रूप से सफाई नहीं करता है। सहायक विकास अधिकारी को निर्देश दिये गये कि गांव में सफाई का रोस्टर जारी कर निर्धारित रोस्टर के अनुसार पूर्ण सफाई कराना सुनिश्चित करायें। ग्राम चौपाल में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अन्तर्गत प्राप्त हो रहे लाभों की जानकारी देते हुए हर परिवार को स्वयं सहायता समूह से जुड़ने के लिए प्रेरित किया गया।

# विश्व कुष्ठ रोग दिवस पर पीएचसी में दिलाई गई शपथ

● स्वास्थ्य कर्मियों ने भेदभाव मिटाने व कुष्ठ उन्मूलन का लिया संकल्प

**शुक्लागंज उन्नाव, अमृत विचार:** विश्व कुष्ठ रोग दिवस पर शुक्रवार को राजमार्ग स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में जिलाधिकारी के निर्देश पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस दौरान डॉक्टरों व स्वास्थ्य कर्मियों ने कुष्ठ रोग उन्मूलन व भेदभाव समाप्त करने की शपथ ली।

कार्यक्रम में डॉ. रश्मि वर्मा ने मौजूद स्वास्थ्य कर्मियों को शपथ दिलाते हुए कहा कि विकसित भारत अभियान के अंतर्गत कुष्ठ रोग से मुक्त बनाने के लिए सभी मिलकर कार्य करेंगे। बताया कि कुष्ठ रोग की पहचान आसान है और इसका उपचार संभव है। समय पर जांच व इलाज से मरीज पूरी तरह स्वस्थ हो सकते हैं। कहा कि स्वास्थ्य विभाग की टीमें रोगियों की शीघ्र पहचान के लिए घर-घर सर्वे व जागरूकता अभियान चलाएंगी। जिले में उपलब्ध सभी संसाधनों का उपयोग कर कुष्ठ रोग उन्मूलन का लक्ष्य हासिल किया जाएगा। साथ ही कुष्ठ प्रभावित व्यक्तियों व उनके परिवारों के प्रति भेदभाव को समाप्त करने का संकल्प लिया गया। इस दौरान ऋतु ओमर, अवनीश मिश्रा, सिद्धार्थ बाजपेई, सतीश, अभिषेक, मोनिका सक्सेना, इशरार आदि मौजूद रहे।

### 68 विद्यालयों में हुईं प्रयोगात्मक परीक्षाएं

**उन्नाव, अमृत विचार:** माध्यमिक शिक्षा परिषद प्रयागराज की इंटर की प्रयोगात्मक परीक्षाएं शुक्रवार को जिले के 68 इंटर कॉलेजों में संपन्न हुईं। जबकि 116 विद्यालयों में संपूर्ण विषय भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, जीव विज्ञान, गृह विज्ञान, भूगोल आदि की प्रयोगात्मक परीक्षाएं संपन्न हुईं। जिले के 208 विद्यालयों के छात्र-छात्राओं की भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, जीव विज्ञान, गृह विज्ञान, भूगोल, व्यावसायिक ट्रेड, सिलाई आदि की प्रयोगात्मक परीक्षाएं होनी हैं। कंट्रोल प्रभारी रामचंद्र सिंह ने बताया कि शुक्रवार को 68 केंद्रों में प्रयोगात्मक परीक्षाएं संपन्न हुईं। इसके चलते 116 विद्यालयों में संपूर्ण विषय की परीक्षाएं हो गई हैं। जबकि अन्य केंद्रों में कुछ विषयों की परीक्षाएं हुईं।

# एसआईआर: दस्तावेज जमा करने की होड़

● नोटिस मिलने व उसी दिन दस्तावेज जमा करने के निर्देश से लोगों को हो रही परेशानी

शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार:** नगर पालिका क्षेत्र के सभी बूथों पर विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण का कार्य जारी है। शुक्रवार को नगर पालिका परिसर में तीन एईआरओ की मौजूदगी में मतदाता सूची से संबंधित कार्य हुआ। हालांकि कई मतदाताओं ने अंतिम समय पर नोटिस मिलने व उसी दिन दस्तावेज जमा करने के निर्देश से परेशानी होने की बात कही।

पालिका में नायब तहसीलदार धीरज त्रिपाठी, अनुपमा सेंगर व रुचि बाजपेई की उपस्थिति में नाम जोड़ने व संशोधन की प्रक्रिया चली। मिश्रा कॉलोनी निवासी प्रकाशा देवी, रामप्रकाश व श्रीनगर के मो. हसीब, सुशील कुमार सहित कई लोग बूथों पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि उन्हें नाम बढ़वाने के लिए उसी दिन नोटिस देकर तुरंत दस्तावेज जमा करने को कहा गया। जिससे अफरा तफरी की स्थिति बन गई। बीएलओ ने बताया कि विवाह के बाद मायके से ससुराल गई युवतियों का सत्यापन करने में भी कठिनाई आ रही है। प्रशासन ने प्रक्रिया समय से पूर्ण कराने के निर्देश दिए हैं। वहीं शुक्रवार को क्षेत्र में नोटिस वाले 200 फार्म जमा कराये गये हैं।


नगर पालिका कार्यालय में मौजूद नायब तहसीलदार। ● अमृत विचार

### श्रीकृष्ण-रुक्मणी विवाह प्रसंग सुन भक्त भावविभोर

**शुक्लागंज उन्नाव, अमृत विचार :** श्री भगवती यज्ञ सेवा समिति के तत्वावधान में पोनी रोड श्रीनगर स्थित रामलीला मैदान में आयोजित 17वें श्री सहस्त्र चंडी महायज्ञ व श्रीमद्भागवत कथा में शुक्रवार को श्रीकृष्ण-रुक्मणी विवाह का प्रसंग सुनाया गया। कथा सुन श्रद्धालु भक्ति रस में डूब गए। वृंदावन से आए श्रीहित आकाश महाराज ने श्रीकृष्ण-रुक्मणी विवाह व रासलीला का वर्णन करते हुए कहा कि रासलीला का वास्तविक अर्थ जीवात्मा व परमात्मा का मिलन है। ब्रह्म व जीव का संगम ही रास है जो माया के आवरण से रहित व पूर्णतः शुद्ध है। यह सांसारिक नहीं बल्कि आत्मिक मिलन का प्रतीक है। कहा कि भगवान श्रीकृष्ण व गोपियों के बीच हुआ रास आत्मा के परमात्मा में लीन होने का संदेश देता है। भाजपा जिलाध्यक्ष अनुराग अवस्थी ने व्यास जी को पट्टिका पहनाकर सम्मानित किया। इस मौके पर यज्ञ यजमान राजेश बाजपेई, सुरेश दीक्षित, राजकुमार अग्रवाल, निर्भय मिश्रा, उमेश त्रिपाठी, सुरेश शुक्ला, हरीशंकर शुक्ला, अनूप शुक्ला, उमेश तिवारी, अशोक दुबे, भरत भुवनेश तिवारी व अनिल अवस्थी आदि मौजूद रहे।


कथा के दौरान मौजूद भाजपा जिलाध्यक्ष अनुराग अवस्थी, कथा व्यास श्रीहित आकाश महाराज व अन्य।

# खेलकूद में छात्रों में दिखाई प्रतिभा

● 45वीं जिला कीड़ा प्रतियोगिता व सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार:** राजकीय इंटर कॉलेज प्रांगण में 45वीं जिला कीड़ा प्रतियोगिता व सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इसका शुभारंभ सीडीओ कृति राज, एएसपी प्रेमचंद व बीएसए शैलेश पांडेय ने दीप प्रज्वलन के साथ किया।

बीते वर्ष के धावक ने मशाल लेकर दौड़ लगाई और मुख्य अतिथि के सामने 600 मीटर की बालिकाओं की दौड़ कराई गई। वहीं, अव्वल छात्रों को सीडीओ ने सम्मानित किया। इस अवसर पर कस्तूरबा गांधी विद्यालय की छात्राओं द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। समूह गान में बिछिया प्रथम, सिकंदरपुर सरोसी द्वितीय रही, खो-खो में मियागंज प्रथम व सरोसी द्वितीय रही। बालिका कबड्डी में मियागंज प्रथम रहा। 600 मीटर में जूनियर वर्ग की खुशी प्रथम, 200 मीटर में बालिका वर्ग में उपासना प्रथम, गोला फेंक में रजत पदक मानसी को मिला। इसमें संगठन जिलाध्यक्ष अनुपम मिश्रा, मंत्री रामजन्म सिंह, गजेंद्र वर्मा, अमित तिवारी, प्रदीप वर्मा, बृजेश पांडे, भरत चित्रांशी, कपिल त्रिवेदी आदि रहे। संचालन विश्वनाथ तिवारी ने व अतिथियों का स्वागत बीईओ मुख्यालय संजय यादव ने किया।


प्रतियोगिता में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करतीं छात्राएं। ● अमृत विचार

### राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में शिक्षिका रुचि वर्मा का किया गया चयन

**उन्नाव, अमृत विचार :** राज्य स्तरीय कला, क्राफ्ट व पपेट्री प्रतियोगिता का आयोजन 12 से 19 जनवरी तक राज्य शैक्षिक, अनुसंधान व प्रशिक्षण परिषद उप्र लखनऊ में किया गया। 27 जनवरी को इसका परिणाम घोषित किया गया। इसमें प्राथमिक स्तर पर जिला स्तरीय प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर चयनित प्राथमिक विद्यालय पृथ्वीखेडा बीघापुर की शिक्षिका रुचि वर्मा ने प्रदेश में चौथी रैंक प्राप्त कर जिले का नाम रोशन किया है। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में चयनित शिक्षिका रुचि वर्मा के यह शानदार उपलब्धि हासिल करने पर प्राचार्या डायटअमिता सिंह, प्रवक्ता डायट अंजू यादव, डा. उमा प्रसाद पटेल, रमेश चन्द्र गुप्ता ने बधाई व शुभकामनाएं दी हैं।

# कांग्रेस के अलग-अलग गुटों ने महात्मा गांधी को दी श्रद्धांजलि

**शुक्लागंज उन्नाव, अमृत विचार:** मिश्रा कॉलोनी स्थित गांधी चौक पर शुक्रवार को महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर नगर कांग्रेस कमेटी के दो अलग-अलग गुटों ने पहुंचकर श्रद्धांजलि दी। इसमें कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रपिता को नमन कर 'रघुपति राघव राजा राम' की धुन भी गाई।

कांग्रेस नेता मयंक बाजपेई के नेतृत्व में एक गुट ने गांधी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया और उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। वक्ताओं ने कहा कि महात्मा गांधी ने पूरे विश्व को अहिंसा व सत्य का संदेश दिया। जिसे आज भी अपनाने की जरूरत है। वहीं दूसरे गुट ने पुत्तीलाल के नेतृत्व में प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर व मोमबत्तियां जलाकर श्रद्धांजलि दी। दोनों गुटों के कार्यक्रम अलग-अलग हुए। इस मौके पर बाबूलाल गुप्ता, रामकिशोर पाल, संजय सिंह, विश्वंनाथ दास, रविंद्र पाल, पिंटू तिवारी, मो. हनीफ, मो. इजरायल, दीपक मिश्रा, महेश मिश्रा, अखिलेश त्रिवेदी, जयराम, रंगीलाल शर्मा, नितिन जायसवाल, रामचेतन भास्कर, अर्जुन बाजपेयी के अलावा दूसरे गुट से रवि शंकर गुप्ता, जय पाल साहू आदि मौजूद रहे।

### चोरी की रिपोर्ट दर्ज न होने पर एसपी से शिकायत

**शुक्लागंज उन्नाव, अमृत विचार :** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के पिंडोखा गांव में बंद घर का ताला तोड़कर चोरों ने नगदी व लाखों के जेवरात पार कर दिए। पीड़िता ने पुलिस पर रिपोर्ट दर्ज न करने का आरोप लगा एसपी से कार्रवाई की गुहार लगाई है। पिंडोखा गांव निवासी राजदुलारी पत्नी जगदीश पासी ने एसपी को दिए प्रार्थनापत्र में कहा कि 17 जनवरी की रात वह अपने दूसरे घर पर थी। जबकि देवरानी सुमन परिवार के साथ वैष्णो देवी गई थी। तभी चोरों ने पीछे का दरवाजा तोड़कर घर में घुसकर अलमारी व बक्से तोड़ दिए। चोरी में सोने-चांदी के जेवरातों में मंगलसूत्र, नथ, कान के झाला, बाली, झुमकी, करधनी, पायल समेत अन्य आभूषण व 65 हजार रुपये शामिल हैं। इसके अलावा उसकी सास के चांदी के जेवर भी चोरी गए। घटना की सूचना 18 जनवरी को पुलिस को दी लेकिन आरोप है कि अब तक रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई। पीड़िता ने मामले की जांच कर कार्रवाई की मांग की है। इंस्पेक्टर अजय सिंह ने बताया कि मामला संज्ञान में नहीं है। जांच कराकर कार्यवाही की जायेगी।

खेलकूद | डॉ. सुखदेव प्रसाद गुप्ता अंडर-16 जनपदीय क्रिकेट लीग का पांचवां मैच

# शास्त्री क्लब ने कल्याणी को एक रन से हराया

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार:** जिला क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित डॉ. सुखदेव प्रसाद गुप्ता अंडर-16 जनपदीय क्रिकेट लीग का पांचवा मैच शुक्रवार को खेला गया। शास्त्री क्लब ने कल्याणी क्रिकेट क्लब को बेहद करीबी मुकाबले में मात्र 1 रन से हराकर जीत दर्ज की।

मैच की शुरुआत में शास्त्री क्लब ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का निर्णय लिया। जो उनके लिए चुनौतीपूर्ण साबित हुआ। पूरी टीम 30 ओवरों में मात्र 24 ओवर ही टिक सकी और 90 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। कप्तान देवांश ने सर्वाधिक 24 रन व ओम शर्मा ने 10 रन बनाए। 91 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी कल्याणी क्रिकेट क्लब की टीम जीत के बेहद करीब पहुंचकर लड़खड़ा गई। कल्याणी क्लब की पूरी टीम 29 ओवरों में 89 रन पर सिमट गई। यश ने 19, प्रद्युम्न ने 14 व नितिन ने 12 रन बनाए। लेकिन वे टीम को जीत नहीं दिला सके। मैच के बाद जिला क्रिकेट एसोसिएशन के उपाध्यक्ष राजेंद्र त्रिपाठी ने यश सिंह को उनकी शानदार गेंदबाजी के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' का पुरस्कार दिया। इसमें ओम मिश्रा, सचिन तिवारी, अजय त्रिवेदी, आशीष, अरशद राजा आदि उपस्थित रहे। जिला क्रिकेट एसोसिएशन के महामंत्री पीके मिश्रा ने बताया कि प्रतियोगिता का छठा मैच 3 फरवरी को सुबह 9 बजे से बैंकर्स इलेवन बनाम कल्याणी क्रिकेट क्लब के बीच सप्रू क्रिकेट स्टेडियम शुक्लागंज में होगा।


विजेता टीम के साथ मौजूद क्रिकेट एसोसिएशन के पदाधिकारी। ● अमृत विचार





हमें बीते हुए समय के लिए परेशान नहीं होना चाहिए, न ही हमें भविष्य के बारे में चिंतित होना चाहिए। विवेकशील लोग केवल वर्तमान क्षण में ही जीते हैं।

**–चाणक्य**, दार्शनिक

# सुखद आर्थिक संकेत

आर्थिक सर्वेक्षण 2025-26 एक ऐसे समय में आया है, जब वैश्विक अर्थव्यवस्था भू-राजनीतिक तनाव, व्यापार विखंडन और वित्तीय अस्थिरता के दौर से गुजर रही है। ऐसे विकट समय में यह सुखद है कि 7.4% वास्तविक जीडीपी वृद्धि का अनुमान भारत को लगातार चौथे वर्ष सबसे तेज़ी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था के रूप में स्थापित करता है। यह उपलब्धि भारतीय बाजार के आत्मविश्वास को मजबूत करती है, किंतु इसके सामाजिक और संरचनात्मक आयामों का संतुलित मूल्यांकन आवश्यक है। मांग और निवेश विकास का दोहरा इंजन है। ऐसे में निजी उपभोग का 7% की वृद्धि यह संकेत देती है कि अपेक्षाकृत कम मुद्रास्फीति और स्थिर रोजगार ने क्रयशक्ति को सहारा दिया है।

ग्रामीण क्षेत्रों में कृषि की मजबूती और शहरी क्षेत्रों में मांग का आधार विस्तृत हुआ है। सकल स्थिर पूंजी निर्माण में 7.8% वृद्धि और पूंजीगत व्यय का 4% तक पहुंचना अवसंरचनात्मक विकास को बल देगा, जिससे भविष्य में निर्माण, स्टील, सीमेंट और लॉजिस्टिक्स जैसे क्षेत्रों को लाभ होगा, हालांकि उच्च सार्वजनिक पूंजीगत व्यय के साथ राज्यों का बढ़ता राजकोषीय घाटा जो तकरीबन सवा तीन फीसद है, चिंताजनक है। दीर्घकालिक वित्तीय अनुशासन के लिए यह एक चेतावनी है। यदि विकास ऋण-निर्भर हो जाए, तो भविष्य में ब्याज भार सामाजिक व्यय को सीमित कर सकता है। बैंकों का बट्टा खाता या जीएनपीए 2.2% और निवल एनपीए 0.5% तक गिरना वित्तीय क्षेत्र की सुदृढ़ता का संकेत है। 55 करोड़ जनधन खाते, 36 लाख करोड़ से अधिक मुद्रा ऋण वितरण और 21.6 करोड़ डीमैट खाते इस क्षेत्र की स्थिरता और समावेशन सत्यापित करते हैं। यह आंकड़ा बाजार में वित्तीय भागीदारी के विस्तार को दर्शाता है कि निवेश संस्कृति और उद्यमिता को बल मिला है, हालांकि खुदरा निवेशकों की तेज़ी से बढ़ती संख्या पूंजी बाजार में अस्थिरता के जोखिम भी लाती है। सेवाओं का निर्यात 387.6 अरब डॉलर तक पहुंचना भारत की तकनीकी और पेशेवर क्षमता को दर्शाता है। परंतु माल व्यापार घाटा अभी भी चुनौती है। सेवा-आधारित वृद्धि टिकाऊ है, पर विनिर्माण के बिना व्यापक रोजगार सृजन कठिन रहेगा। रिकॉर्ड खाद्यान्न उत्पादन और बागबानी क्षेत्र का विस्तार ग्रामीण आय को सहारा देते लगते हैं। पीएम-किसान के तहत 4.09 लाख करोड़ रुपये का हस्तांतरण उनकी आय सुरक्षा को मजबूत करता है, लेकिन आय-सहायता दीर्घकालिक उत्पादकता सुधार का विकल्प नहीं हो सकती। रोजगार के मोर्चे पर 56.2 करोड़ कार्यरत आबादी और विनिर्माण में 6% वृद्धि सकारात्मक संकेत तो हैं। सेमीकंडक्टर मिशन और एआई पारिस्थितिकी तंत्र दीर्घकालिक प्रतिस्पर्धा सुनिश्चित कर सकते हैं, परंतु तकनीकी परिवर्तन से पारंपरिक रोजगारों पर दबाव भी बढ़ेगा।

आर्थिक सर्वेक्षण एक सशक्त, विविध और लचीली अर्थव्यवस्था की तस्वीर प्रस्तुत करता है। बाजार के लिए यह विश्वास और विकास का दस्तावेज़ है, पर विकास की यह रफ्तार तभी सार्थक होगी, जब वृद्धि के लाभ समान रूप से वितरित हों, राजकोषीय अनुशासन कायम रहे और रोजगार सृजन केंद्र में रहे। अन्यथा ऊंची वृद्धि दर सामाजिक असमानता की खाई को गहरा सकती है।

## प्रसंगवश

# नई शिक्षा नीति का बेटियों की तालीम पर असर

शिक्षा केवल ज्ञान प्राप्ति का माध्यम नहीं, बल्कि सामाजिक परिवर्तन का सबसे प्रभावशाली साधन रही है। नई शिक्षा नीति 2020 इसी परिवर्तन की बड़ी परिकल्पना लेकर आई, परंतु इस नीति को यदि सबसे संवेदनशील दृष्टि से देखा जाए, तो यह भारतीय बेटियों के भविष्य से गहराई से जुड़ी हुई दिखाई देती है। वर्षों से सामाजिक बंधन, आर्थिक सीमाएं, घरेलू जिम्मेदारियां और लैंगिक भेदभाव लड़कियों की शिक्षा में बाधा बनते रहे हैं। ऐसे में यह नीति केवल शैक्षिक सुधार नहीं, बल्कि उन लाखों बेटियों के लिए उम्मीद की किरण हैं, जो शिक्षा के सहारे अपने जीवन की दिशा बदलना चाहती हैं।



**डॉ. सुनिधि मिश्रा**
शिक्षिका

नई संरचना 5+3+3+4 और प्रारंभिक बाल्यावस्था शिक्षा पर दिया गया जोर बालिकाओं के लिए विशेष रूप से महत्वपूर्ण है। अक्सर देखा गया है कि लड़कियां प्राथमिक स्तर से आगे नहीं बढ़ पातीं। अब खेल-आधारित, गतिविधि-आधारित और मातृभाषा में सीखने की प्रक्रिया, उन्हें शिक्षा से जोड़कर रखने मंद सहायक हो सकती है। जब पढ़ाई डर का विषय न होकर आनंद का अनुभव बनती है, तो परिवार भी बालिकाओं की शिक्षा के प्रति अधिक सकारात्मक होते हैं। प्रारंभिक साक्षरता और संख्यात्मक ज्ञान पर ध्यान उनकी बुनियाद को मजबूत करता है, जिससे आगे की शिक्षा उनके लिए सरल हो जाती है।

इस नीति का सबसे क्रांतिकारी पहलू है लचीलापन। मल्टीपल एंट्री-एग्ज़िट, विषय चयन की स्वतंत्रता और कौशल-आधारित शिक्षा उन बालिकाओं के लिए वरदान साबित हो सकती है, जो विवाह, पारिवारिक जिम्मेदारियों या आर्थिक परिस्थितियों के कारण पढ़ाई बीच में छोड़ देती थीं। अब वे अपनी सुविधा अनुसार शिक्षा को फिर से शुरू कर सकती हैं। यह व्यवस्था शिक्षा को एक बार मिलने वाला अवसर न बनाकर जीवनभर उपलब्ध रहने वाला अवसर बनाती है। कौशल और व्यावसायिक शिक्षा पर दिया गया जोर बेटियों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

अब शिक्षा केवल पुस्तकों तक सीमित नहीं, बल्कि रोजगार, उद्यमिता और तकनीकी दक्षता से जुड़ती है। डिजिटल कौशल, कंप्यूटर शिक्षा और व्यावसायिक प्रशिक्षण उन्हें आर्थिक रूप से सक्षम बना सकता है। यह आत्मनिर्भरता ही उन्हें समाज में सम्मान और निर्णय लेने की शक्ति देती है। डिजिटल शिक्षा ने नई संभावनाएं खोली हैं। ऑनलाइन कक्षाएं, ई-लर्निंग सामग्री और वर्चुअल संसाधन उन बालिकाओं तक शिक्षा पहुंचा सकते हैं, जो सामाजिक कारणों से स्कूल नहीं जा पातीं। पर यही डिजिटल विस्तार एक चुनौती भी है। ग्रामीण क्षेत्रों में इंटरनेट और स्मार्ट उपकरणों की कमी का सबसे अधिक प्रभाव लड़कियों पर पड़ता है। कई घरों में यदि एक ही मोबाइल है, तो उसका उपयोग पहले लड़कों को मिलता है। यह डिजिटल विभाजन बेटियों के अवसरों को सीमित कर देता है।

मातृभाषा में शिक्षा का प्रावधान बालिकाओं के लिए सहज सीख का माध्यम बनता है। वे अपनी भाषा में बेहतर समझ विकसित कर पाती हैं, जिससे आत्मविश्वास बढ़ता है। पर अभिभावकों की चिंता यह भी है कि अंग्रेज़ी की कमी भविष्य के अवसरों को सीमित कर सकती है। इस संतुलन को साधना नीति के सफल क्रियान्वयन की कुंजी है। आंकड़े बताते हैं कि प्राथमिक स्तर पर बालिकाओं का नामांकन बढ़ा है, पर माध्यमिक स्तर पर ड्रॉपआउट दर अब भी चिंता का विषय है। कम उम्र में विवाह, घरेलू कार्यों का बोझ, सुरक्षा की चिंता और आर्थिक दबाव बालिकाओं की शिक्षा को रोक देते हैं।

# ग्रीनलैंड: शक्ति से बड़ा विज्ञान का सच





**राजेश श्रीनेत**
वरिष्ठ पत्रकार

भू-राजनीति ने ग्रीनलैंड को अचानक वैश्विक विमर्श के केंद्र में ला खड़ा किया है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ग्रीनलैंड पर कब्जे की बयानबाज़ी से अंतर्राष्ट्रीय राजनीति में हलचल मचा रहे हैं। रणनीतिक और आर्थिक कारणों का हवाला देते हुए उन्होंने ग्रीनलैंड को अमेरिका के हित में बताया है। दूसरी ओर डेनमार्क और यूरोपीय देशों ने इस दावे को सिरे से खारिज किया है, जिससे राजनयिक तनाव बढ़ता दिख रहा है, लेकिन यह विशाल द्वीप किसी एक दौर की रणनीतिक प्रतिस्पर्धा तक सीमित नहीं रहा है। विज्ञान के लिए ग्रीनलैंड दशकों से एक अनोखी प्रयोगशाला रहा है, जहां पृथ्वी के अतीत, वर्तमान और भविष्य को एक साथ पढ़ा जा सकता है।

उत्तरी अटलांटिक और आर्कटिक महासागर के बीच स्थित यह द्वीप क्षेत्रफल में लगभग 21.6 लाख वर्ग किलोमीटर है, यानी भारत के आकार के लगभग दो-तिहाई के बराबर, लेकिन इसकी आबादी केवल 56 हजार के आसपास है। इतनी कम जनसंख्या और विशाल बर्फीला भूभाग इसे वैज्ञानिक अनुसंधान के लिए आदर्श बनाते हैं, क्योंकि यहां मानवीय हस्तक्षेप अपेक्षाकृत न्यूनतम है और प्राकृतिक प्रक्रियाएं अपेक्षाकृत शुद्ध रूप में देखी जा सकती हैं।

ग्रीनलैंड की आइस शीट लगभग 17 लाख वर्ग किलोमीटर में फैली है और औसतन इसकी मोटाई 1.5 से दो किलोमीटर तक मानी जाती है। यदि ग्रीनलैंड की पूरी बर्फ पिघला दी जाए, तो विश्व के समुद्र स्तर में लगभग सात मीटर की वृद्धि हो सकती है। यही कारण है कि जलवायु परिवर्तन के अध्ययन में यह क्षेत्र केंद्रीय महत्व रखता है। सेटेलाइट्स के आंकड़ों के अनुसार 1990 के दशक के बाद से ग्रीनलैंड हर साल औसतन 250 से 280 अरब टन बर्फ खो रहा है। केवल 2019 में ही लगभग 530 अरब टन बर्फ पिघली, जिसे अब तक का सबसे तेज पिघलाव माना जाता है। यह आंकड़े केवल स्थानीय परिवर्तन नहीं, बल्कि दुनिया के तटीय शहरों, द्वीपीय देशों और समुद्री पारिस्थितिकी तंत्र के भविष्य से भी जुड़े हुए हैं।

ग्रीनलैंड में की जाने वाली आइस-कोर ड्रिलिंग ने पृथ्वी के जलवायु इतिहास को समझने में क्रांतिकारी योगदान दिया है। इनसे यह पता चलता है कि लाखों साल पहले वातावरण में कार्बन डाइऑक्साइड और मीथेन का स्तर कितना था और तापमान में किस तरह के उतार-चढ़ाव आए। कुछ आइस-कोर रिकॉर्ड लगभग 1.2 लाख साल पुराने हैं, जबकि नवीनतम परियोजनाओं का लक्ष्य 20 लाख साल तक पुराने जलवायु संकेतों को निकालना है। इन आंकड़ों ने यह स्पष्ट किया है कि वर्तमान समय में कार्बन डाइऑक्साइड का स्तर औद्योगिक युग से पहले की तुलना में लगभग 50 प्रतिशत अधिक है।

जलवायु के अलावा, ग्रीनलैंड भूविज्ञान और खनिज विज्ञान के लिए भी महत्वपूर्ण है। यहां दुर्लभ खनिजों और रेयर अर्थ एलिमेंट्स के बड़े भंडार होने के संकेत मिले हैं, जिनका उपयोग आधुनिक तकनीक, इलेक्ट्रिक वाहनों और रिन्यूएबल एनर्जी प्रणालियों में होता है। वैज्ञानिक सर्वेक्षण बताते हैं कि ग्रीनलैंड में यूरेनियम, जिंक, निकेल, तांबा और दुर्लभ पृथ्वी तत्वों की संभावनाएं मौजूद हैं, हालांकि बर्फ के नीचे छिपी यह भूगर्भीय संपदा अब तक सीमित रूप में ही दोहन के योग्य रही है। जलवायु परिवर्तन के कारण जैसे-जैसे बर्फ पीछे हट रही है, वैसे-वैसे भूविज्ञान के नए प्रश्न भी सामने आ रहे हैं। जैसे कि पिघलती बर्फ के नीचे की चट्टानों का व्यवहार और भूकंपीय गतिविधियों पर इसका असर।

समुद्री विज्ञान के क्षेत्र में भी ग्रीनलैंड की भूमिका अहम है। यहां से निकलने वाली ठंडे मीठे पानी की धाराएं अटलांटिक महासागर की थर्मोहेलाइन सर्कुलेशन को प्रभावित करती हैं, जिसे अक्सर महासागरीय कन्वेयर बेल्ट कहा जाता है। यह प्रणाली यूरोप और उत्तरी अमेरिका की जलवायु को संतुलित रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। अध्ययनों के अनुसार, ग्रीनलैंड से बढ़ता हुआ मीठा पानी इस परिसंचरण को धीमा कर सकता है, जिससे उत्तरी अटलांटिक क्षेत्र में ठंडे और अनिश्चित मौसम की संभावना बढ़ सकती है। कुछ मॉडल बताते हैं कि यदि पिघलाव इसी गति से जारी रहा, तो इस सदी के अंत तक महासागरीय परिसंचरण की ताकत में 10 से 20 प्रतिशत तक की कमी आ सकती है।

जीव विज्ञान और पारिस्थितिकी के लिए भी ग्रीनलैंड एक खुली प्रयोगशाला जैसा है। यहां के आर्कटिक जीव जैसे ध्रुवीय भालू, सील, व्हेल और माइक्रोस्कोपिक प्लवक जलवायु परिवर्तन के प्रति अत्यंत संवेदनशील हैं। समुद्री तापमान में मामूली वृद्धि और बर्फ के घटते क्षेत्र का सीधा असर इनके जीवन चक्र पर पड़ता है। उदाहरण के लिए हाल के अध्ययनों में पाया गया है कि बर्फ के पिघलने से समुद्री शैवाल और प्लवक की मौसमी वृद्धि का समय बदल रहा है, जिसका प्रभाव पूरी खाद्य श्रृंखला पर पड़ता है। यह परिवर्तन स्थानीय समुदायों की आजीविका और पारंपरिक जीवन शैली को भी प्रभावित कर रहा है।

ग्रीनलैंड में वैज्ञानिक अनुसंधान का एक सामाजिक आयाम भी है। यहां की इनुइट आबादी (इनुइट कनाडा, ग्रीनलैंड, अलास्का और रूस के आर्कटिक क्षेत्रों में रहने वाले स्वदेशी लोग हैं) सदियों से बर्फ, समुद्र और मौसम के सूक्ष्म संकेतों के आधार पर जीवन यापन करती आई है। आधुनिक विज्ञान और पारंपरिक ज्ञान के मेल से पर्यावरणीय परिवर्तनों को अधिक गहराई से समझने की कोशिश की जा रही है। कई अनुसंधान परियोजनाओं में स्थानीय समुदायों को सक्रिय भागीदार बनाया गया है, ताकि आंकड़ों के साथ अनुभवजन्य ज्ञान भी संरक्षित रह सके।

आज जब भू-राजनीति ग्रीनलैंड को रणनीतिक ठिकानों, समुद्री मार्गों और संसाधनों के नजरिए से देख रही है, तब यह याद रखना जरूरी है कि यह द्वीप पहले से ही विज्ञान का एक मौन साक्षी रहा है। यहां की बर्फ में पृथ्वी का इतिहास दर्ज है।

> विज्ञान के लिए ग्रीनलैंड दशकों से एक अनोखी प्रयोगशाला रहा है, जहां पृथ्वी के अतीत, वर्तमान और भविष्य को एक साथ पढ़ा जा सकता है।

## आमने सामने



अपनी किताबों में लोग छपवाते हैं कि कोई लोदी है तो कोई गजनी है ये सब हिन्दुस्तानी लुटेरे थे। ये बाहर से नहीं आए थे। राजनीतिक सुविधा को ध्यान में रखते हुए लोग कहते हैं कि उन्होंने ये तोड़ दिया और वो तोड़ दिया। सब हिन्दुस्तानी थे।

**–हामिद अंसारी**
पूर्व उपराष्ट्रपति

अंसारी की टिप्पणी कोई अलग घटना नहीं है, बल्कि यह उस पैटर्न का हिस्सा है, जिसमें कांग्रेस से जुड़े लोग बार-बार भारत के मध्यकालीन इतिहास को साफ-सुथरा दिखाने का प्रयास करते हैं। शरजील इमाम और उमर खालिद को युवा नेता बताने के बाद अब कांग्रेस इकोसिस्टम महमूद गजनवी जैसे शासक का महिमामंडन कर रहे हैं।

**–शहजाद पूनावाला**, भाजपा प्रवक्ता



# मुद्राओं की कमजोरी व सोना-चांदी का बढ़ता प्रभुत्व



**प्रो. आरके जैन**
शिक्षाविद्

सोना-चांदी की ऐतिहासिक ऊंचाईयां केवल बाजार की खबर नहीं, बल्कि बदलती हुई वैश्विक चेतना का स्पष्ट संकेत हैं। यह तेजी किसी अचानक उत्साह का परिणाम नहीं, बल्कि लंबे समय से जमा होते असुरक्षा और अविश्वास का विस्फोट हैं। जब दुनिया का आर्थिक तंत्र डगमगाने लगता है, तब निवेशक लाभ की संभावनाओं से अधिक सुरक्षा की तलाश में निकल पड़ते हैं। आज वही स्थिति दिखाई दे रही है। शेयर बाजारों की अस्थिरता और मुद्राओं की कमजोरी ने लोगों को सदियों पुराने भरोसे की ओर लौटने के लिए मजबूर किया है। सोना और चांदी की चमक दरअसल इस बात का प्रमाण है कि वैश्विक व्यवस्था पर विश्वास कमजोर पड़ चुका है।

अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव इस तेजी की सबसे बड़ी वजह बनकर उभरे हैं। अमेरिका और चीन के बीच व्यापार युद्ध की नई परतें, यूरोप की राजनीतिक अस्थिरता, मध्य पूर्व में लगातार सुलगते संघर्ष और लैटिन अमेरिका के संकट ने वैश्विक बाजारों में भय का वातावरण बना दिया है। निवेशक अब यह मानने लगे हैं कि आने वाला समय टकराव और अनिश्चितता से भरा हो सकता है। ऐसे माहौल में जोखिमपूर्ण परिसंपत्तियां आकर्षण खो देती हैं। पूंजी स्वभाव से ही डरपोक होती है और खतरे की आहट मिलते ही सुरक्षित ठिकानों की ओर भागती है। सोना और चांदी इसी डर का स्वाभाविक आश्रय बनते हैं। यह तेजी बताती है कि दुनिया स्थिरता नहीं बल्कि सुरक्षा खोज रही है।

केंद्रीय बैंकों की रणनीति ने इस प्रवृत्ति को और मजबूती प्रदान की है। जब देश अपनी मुद्रा और आर्थिक संप्रभुता को लेकर चिंतित होते हैं, तब वे सोने की ओर लौटते हैं। बड़े पैमाने पर सोने की खरीद केवल निवेश नहीं, बल्कि एक रणनीतिक संदेश होती हैं। यह संकेत देता है कि वैश्विक वित्तीय व्यवस्था में तनाव बढ़ सकता है। जब केंद्रीय बैंक सोने को प्राथमिकता देते हैं, तब बाजार को यह स्पष्ट संदेश मिलता है कि भविष्य में मुद्रा जोखिम गहरा सकता है। आम निवेशक भी इस संकेत को समझता है और उसी दिशा में कदम बढ़ाता है। इस सामूहिक विश्वास से कीमतें केवल मांग के कारण नहीं, बल्कि मनोवैज्ञानिक मजबूती के कारण भी बढ़ती हैं।

चांदी की तेजी इस पूरी कहानी में एक नया और महत्वपूर्ण अध्याय जोड़ती है। यह धातु अब केवल सुरक्षित निवेश का साधन नहीं रही, बल्कि आधुनिक तकनीकी विकास की अनिवार्य जरूरत बन चुकी है। सौर ऊर्जा इलेक्ट्रिक वाहन डिजिटल उपकरण और औद्योगिक उत्पादन में चांदी की मांग तेजी से बढ़ रही है। वैश्विक ऊर्जा परिवर्तन ने इसकी उपयोगिता को कई गुना बढ़ा दिया है। दूसरी ओर आपूर्ति सीमित है, जिससे कीमतों पर दबाव स्वाभाविक रूप से बढ़ता है। निवेशक अब चांदी को केवल संकट में सुरक्षा नहीं, बल्कि भविष्य के विकास का माध्यम भी मान रहे हैं। यही दोहरी भूमिका इसकी कीमतों को और अधिक अस्थिर, लेकिन आकर्षक बना रही है।

आर्थिक अनिश्चितता और मौद्रिक नीतियों की दुविधा ने इस उछाल को और गहराई दी है। मुद्रास्फीति की मार और ब्याज दरों को लेकर असमंजस ने कागजी मुद्रा की विश्वसनीयता पर सवाल खड़े कर दिए हैं। जब लोगों को लगता है कि उनकी मुद्रा धीरे-धीरे मूल्य खो रही है, तब वे ठोस संपत्तियों की ओर रुख करते हैं। सोना और चांदी इस संदर्भ में मूल्य संरक्षण का सबसे पुराना और भरोसेमंद साधन माने जाते हैं। यह केवल आर्थिक गणना नहीं, बल्कि मानसिक सुरक्षा की तलाश है। लोग भविष्य को लेकर चिंतित हैं और वर्तमान में अपने धन को सुरक्षित रखना चाहते हैं। यही भावना इस रिकॉर्ड तेजी की असली ऊर्जा बन चुकी है।

भारतीय बाजार में इस तेजी का प्रभाव केवल निवेश तक सीमित नहीं है, बल्कि सामाजिक जीवन को भी गहराई से प्रभावित कर रहा है। सोना भारतीय संस्कृति में केवल धातु नहीं, बल्कि परंपरा और भावनाओं का प्रतीक है। शादी विवाह और त्योहारों से जुड़ी उम्मीदें अब महंगाई की दीवार से टकरा रही हैं। आम परिवार के लिए आभूषण खरीदना पहले से कहीं अधिक कठिन हो गया है। इसके बावजूद निवेश के स्तर पर यह समय अवसर भी प्रस्तुत करता है। डिजिटल गोल्ड सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड और अन्य वित्तीय विकल्पों ने निवेश को पहले से अधिक सुलभ बना दिया है। लोग धीरे-धीरे भौतिक संग्रह से अधिक वित्तीय सुरक्षा की ओर बढ़ रहे हैं।

इतनी ऊंची कीमतों पर निवेश करते समय सावधानी अनिवार्य हो जाती है। बाजार भावनाओं से चलता है और भावनाएं तेजी से बदल सकती हैं। वैश्विक तनाव यदि किसी मोड़ पर कम होता है, तो कीमतों में उतार-चढ़ाव भी आ सकता है, इसलिए विवेक संतुलन और दीर्घकालिक दृष्टि सबसे जरूरी है। सोना और चांदी को त्वरित लाभ के साधन के बजाय सुरक्षा कवच के रूप में देखना अधिक उचित होगा। यह समय लालच से अधिक समझदारी की परीक्षा है। जो निवेशक भावनाओं के बजाय रणनीति के साथ कदम रखेंगे, वही इस दौर से लाभ उठा पाएंगे।

> सोना-चांदी की ऐतिहासिक ऊंचाइयां केवल बाजार की खबर नहीं, बल्कि बदलती हुई वैश्विक चेतना का स्पष्ट संकेत हैं।

## सोशल फोरम

# आदर की परंपरा

किसी के आगे झुककर उसे 'आदर' देना मनुष्यों द्वारा बनाई गई एक क्रिया मात्र है। ये हम मनुष्यों ने बनाया है। जैसे हमने भाषा बनाई। दुनिया में बहुत सारी सभ्यताएं और प्रांत हैं, जहां किसी को आदर देने की बड़ी अलग-अलग क्रियाएं हैं। जैसे- केनिया का मसाई कबीला किसी पर थूक कर उसे आदर और सम्मान देता है। दुनिया में पहले बहुत सारे कबीलों का आदर और सत्कार का तरीक़ा बिल्कुल अलग-अलग हुआ करता था, मगर जैसे-जैसे मनुष्य अपने कबीलों को छोड़कर शहरों, प्रांतों और देशों में बसने लगा, उसने आदर प्रकट करने की यूनिवर्सल प्रक्रिया को मानना शुरू कर दिया। आजकल हमारी ज्यादातर सामाजिक क्रियाएं और परंपराएं वही हैं, जो लगभग हर देशों और प्रांतों में मान्य हैं।



**सिद्धार्थ ताबिश**
लेखक

अगर आप किसी ईश्वर के आगे झुक रहे हैं और उसे ये पसंद आ रहा है तो वो ईश्वर आप ही के जैसा नहीं हुआ? अगर मसाई कबीले का ईश्वर होता तो वो आपको थूकने का हुक्म देता या किसी और परंपरा का, वो ईश्वर होता तो उस हिसाब से आपसे आदर मांगता। जैसे अरब के लोग झुक कर प्रार्थना करते हैं और अपने ख़ुदा को आदर देते हैं।

आप किसी भी धर्म को मानते हैं या किसी भी ईश्वर की आराधना करते हैं, आप जो भी करते हैं सब खुद से बनाई और स्वयं से समझी गई परंपराएं और क्रियाओं का निर्वहन करते हैं। जैसे आप भिंडी को भिंडी बोलते हैं और अंग्रेज़ उसे 'ओकरा' या 'लेडी फिंगर'। आप किसी अंग्रेज़ के सामने अगर 'भिंडी' कहेंगे और उसे हिंदी नहीं आती है तो वो उसे समझ नहीं आएगा। ऐसे ही आपका बनाया ईश्वर है। आप उसके आगे झुकेंगे, अरबी या संस्कृत में बात करेंगे, तभी वो समझेगा.. नहीं तो वो नहीं समझेगा।

आपका ईश्वर आपका ही प्रतिबिंब होता है। आप कितना भी कहें कि वो सर्वव्यापी है। ये है वो है, वो सब आप ही हैं। सर्वव्यापी और बाकी सारी भाषाएं और परिभाषाएं आपकी ही बनाई हुई हैं और आप उसी गुणों को धारण करने वाले को ईश्वर बोलते हैं। आप ने ही उसे ये धारण करवाई है और आपने ही उसे आदर सूचक क्रिया 'झुकना' को ही एकमात्र आदर समझाया है। कोई आपके सामने झुके तो आप खुश होते हैं, इसलिए आप सोचते हैं कि आपका ईश्वर भी ख़ुश हो रहा होगा, जबकि झुकने को आप ही आदर समझते हैं, दुनिया का कोई अन्य प्राणी नहीं!

**–फेसबुक वॉल से**

## सामयिकी

# एविएशन सेक्टर में ठोस कदम उठाने की जरूरत

हवाई यात्रा को लंबे समय तक सबसे सुरक्षित यात्रा माध्यम माना जाता रहा है। आंकड़े भी यही गवाही देते हैं कि सड़क, रेल और जलमार्ग की तुलना में विमान दुर्घटनाएं कहीं कम होती हैं। आधुनिक तकनीक, कड़े सुरक्षा मानक, प्रशिक्षित पायलट और अत्याधुनिक एयर ट्रैफिक कंट्रोल सिस्टम ने हवाई यात्रा को भरोसेमंद बनाया है। इसके बावजूद, पिछले कुछ वर्षों से एविएशन सेक्टर पर लगातार सवाल उठने लगे हैं। रह-रहकर सामने आ रही हवाई दुर्घटनाएं इस भरोसे को झकझोर रही हैं।

इन दुर्घटनाओं के पीछे कई कारण छिपे हैं। कहीं तकनीकी खामियां जिम्मेदार हैं, तो कहीं मानवीय चूक। कई बार विमान का रख-रखाव तय मानकों के अनुसार नहीं होता, तो कभी पायलटों पर बढ़ता कार्य दबाव और लंबी ड्यूटी भी दुर्घटनाओं का कारण बन जाती हैं। मौसम की अनदेखी, एयर ट्रैफिक मैनेजमेंट में लापरवाही और सुरक्षा नियमों में ढील भी खतरे को बढ़ा देती है। निजीकरण और मुनाफे की होड़ ने कई बार सुरक्षा को दूसरे पायदान पर खड़ा कर दिया है और यही सबसे बड़ा खतरा है।



**सुनील कुमार महला**
वरिष्ठ पत्रकार

हमारे देश में सड़क दुर्घटनाएं पहले से ही एक गंभीर समस्या हैं, जहां हर साल हजारों लोग अपनी जान गंवाते हैं। रेल और जल दुर्घटनाएं भी कम नहीं हैं, लेकिन जब विमान दुर्घटनाएं होती हैं, तो वे समाज को ज्यादा झकझोरती हैं, क्योंकि आम धारणा यही रही है कि आसमान में यात्रा सबसे सुरक्षित है। ऐसी घटनाएं यह एहसास कराती हैं कि जीवन आज कहीं भी पूरी तरह सुरक्षित नहीं रह गया है।

हाल ही में महाराष्ट्र के बारामती में हुए एक दुखद विमान हादसे में महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार के निधन की खबर ने पूरे देश को स्तब्ध कर दिया है। यह पहला अवसर नहीं है, जब किसी बड़े राजनीतिक नेता की मृत्यु विमान या हेलीकॉप्टर दुर्घटना में हुई हो। गुजरात के अहमदाबाद में 12 जून 2025 को एयर इंडिया का एक विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया था, जिसमें गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी का निधन हुआ। 8 दिसंबर 2021 को तमिलनाडु के कुन्नूर के पास हुए हेलिकॉप्टर हादसे में भारत के पहले प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल बिपिन रावत की मृत्यु हो गई थी। 30 अप्रैल 2011 को अरुणाचल प्रदेश के तत्कालीन मुख्यमंत्री दोरजी खांडू और चार अन्य लोगों की मृत्यु उस समय हो गई, जब उन्हें तवांग से ईटानगर ले जा रहा हेलिकॉप्टर पश्चिमी कामेंग जिले में दुर्घटनाग्रस्त हो गया।

वर्ष 2005 में उद्योगपति और हरियाणा के मंत्री ओम प्रकाश जिंदल तथा कृषि मंत्री सुरेंद्र सिंह की भी एक हेलिकॉप्टर दुर्घटना में मृत्यु हो गई थी। आंध्र प्रदेश के तत्कालीन मुख्यमंत्री वाईएस राजशेखर रेड्डी, जिन्हें वाईएसआर के नाम से जाना जाता था, की दो सितंबर 2009 को एक हेलिकॉप्टर हादसे में मृत्यु हो गई थी। इसके अलावा कांग्रेस के वरिष्ठ नेता माधवराव सिंधिया की 30 सितंबर 2001 को एक विमान दुर्घटना में मृत्यु हुई थी। 23 जून 1980 को संजय गांधी की भी एक हवाई दुर्घटना में मृत्यु हो गई थी, जब वे दिल्ली फ्लाइंग क्लब का विमान उड़ा रहे थे। लोकसभा अध्यक्ष और तेलुगु देशम पार्टी के नेता जीएम सी बालयोगी की तीन मार्च 2002 को हेलिकॉप्टर दुर्घटना में जान चली गई थी।

इन सभी घटनाओं ने भारत में तेजी से बढ़ते एविएशन सेक्टर की सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। दुर्घटनाएं पूरी तरह टाली नहीं जा सकतीं। अधिकांश हादसे ऐसे होते हैं, जिन्हें समय रहते सावधानी, सख्त निगरानी और नियमों के ईमानदार पालन से काफी हद तक रोका जा सकता है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 117/एल/320-ए, नवीन नगर काकादेव, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- दिग्विजय सिंह***
0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/85730 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।( नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

# इतिहास व रहस्य का संगम लेपाक्षी

लेपाक्षी मंदिर आंध्र प्रदेश के अनंतपुर जिले के एक छोटे से गांव में है, जिसे लेपाक्षी गांव के नाम से ही जाना जाता है। इसके सबसे पास का शहर हिंदूपुर है। यह हिंदूपुर शहर से 15 किलोमीटर पूर्व में तथा बेंगलुरु के 120 किलोमीटर उत्तर में स्थित है। मंदिर को कुर्म सैला के विशाल पहाड़ों के बीच चट्टान को काटकर ग्रेनाइट के पत्थरों की सहायता से बनाया गया है। यह पहाड़ एक कछुए के आकार में हैं, इसलिए इन्हें कुर्म सैला/ कुर्मासेलम के नाम से जाना जाता हैं। संस्कृत भाषा में कछुए को कुर्म कहा जाता है।



अजय त्रिवेदी
उप निदेशक युवा कल्याण

## कुर्म सैला की गोद में बसा मंदिर

लेपाक्षी मंदिर कुर्म सैला नामक पहाड़ियों के बीच स्थित है। ये पहाड़ कछुए के आकार के हैं, इसलिए इन्हें कुर्म सैला या कुर्मासेलम कहा जाता है। संस्कृत में 'कुर्म' का अर्थ कछुआ होता है। मंदिर का निर्माण इन विशाल चट्टानों को काटकर ग्रेनाइट पत्थरों से किया गया है। पहली दृष्टि में ही यह स्पष्ट हो जाता है कि यह केवल एक धार्मिक स्थल नहीं, बल्कि शिल्प और स्थापत्य का जीवंत इतिहास है।


## रामायण से जुड़ी अमर कथा

लेपाक्षी की पहचान रामायण काल की एक अत्यंत करुण और वीर गाथा से जुड़ी है। मान्यता है कि भगवान श्रीराम अपने भाई लक्ष्मण और माता सीता के साथ वनवास के अंतिम चरण में यहां ठहरे थे। इसी दौरान रावण ने मारीच की सहायता से माता सीता का अपहरण किया। पुष्पक विमान से लंका ले जाते समय यह दृश्य जटायु ने देख लिया। जटायु ने रावण से आकाश में भीषण युद्ध किया, लेकिन अंततः रावण ने उसका एक पंख काट दिया। घायल जटायु राम नाम लेते हुए इसी भूमि पर गिर पड़े। जब श्रीराम माता सीता की खोज में यहां पहुंचे, तो उन्होंने जटायु को कराहते हुए पाया।



## 'ले-पाक्षी' से बना लेपाक्षी

श्रीराम ने जटायु का सिर अपनी गोद में रखा और बार-बार "ले पाक्षी, ले पाक्षी" कहते रहे, जिसका तेलुगु भाषा में अर्थ है- 'उठो पक्षी।' जटायु ने माता सीता के अपहरण की पूरी कथा सुनाई और श्रीराम की गोद में ही अपने प्राण त्याग दिए। श्रीराम ने पुत्रवत जटायु का अंतिम संस्कार किया। तभी से इस स्थान का नाम लेपाक्षी पड़ा और मंदिर लेपाक्षी मंदिर के नाम से प्रसिद्ध हुआ।



## विश्व का विशाल एकाश्म शिवलिंग

लेपाक्षी मंदिर में स्थित स्वयंभू शिवलिंग को विश्व का सबसे बड़ा एकाश्म शिवलिंग माना जाता है। इसे एक ही चट्टान को काटकर बनाया गया है। इसके पीछे सात मुखों वाला विशाल शेषनाग विराजमान है, जो मंदिर को और भी दिव्य, भव्य और रहस्यमय बना देता है। लेपाक्षी की यात्रा केवल एक मंदिर दर्शन नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति, रामायण की गाथा और प्राचीन स्थापत्य से साक्षात्कार है। यहां हर पत्थर, हर स्तंभ और हर कथा इतिहास और आस्था की कहानी कहती है। लेपाक्षी से लौटते समय मन में यही भाव रहता है कि कुछ स्थल केवल देखे नहीं जाते, वे भीतर तक उतर जाते हैं।

## स्वयंभू शिवलिंग और प्राचीन मान्यताएं

लेपाक्षी मंदिर का इतिहास अत्यंत प्राचीन माना जाता है, जिसकी जड़ें सतयुग से जोड़ी जाती हैं। मान्यता है कि यहां स्थित स्वयंभू शिवलिंग की स्थापना महर्षि अगस्त्य ने की थी। रामायण काल में दो और शिवलिंग स्थापित किए गए—एक भगवान श्रीराम द्वारा और दूसरा भक्त हनुमान द्वारा। लंबे समय तक ये शिवलिंग खुले आकाश के नीचे रहे और बाद में मंदिर का निर्माण हुआ।



## वीरभद्र और शक्ति की उपासना

दक्ष प्रजापति के यज्ञ और माता सती के आत्मदाह के बाद भगवान शिव के रूद्र रूप वीरभद्र के प्रकट होने की कथा भी इस मंदिर से जुड़ी है। मान्यता है कि महर्षि अगस्त्य ने भगवान शिव के इसी वीरभद्र रूप को समर्पित विशाल शिवलिंग और मंदिर का निर्माण यहां करवाया था, जिससे यह स्थान शक्ति और तपस्या का केंद्र बन गया।

## माता सीता का चरणचिह्न

मंदिर परिसर में एक विशाल पैर की छाप दिखाई देती है, जिसे माता सीता का चरणचिह्न माना जाता है। लोक मान्यता के अनुसार जब रावण माता सीता को लंका ले जा रहा था और जटायु घायल होकर यहां गिरे थे, तब माता सीता ने श्रीराम को संदेश देने के लिए यह छाप छोड़ी थी। इस स्थान पर खड़े होकर रामायण की करुण कथा मानो सजीव हो उठती है।





## विजयनगर काल का स्थापत्य वैभव

16 वीं शताब्दी में विजयनगर साम्राज्य के दौरान विरुपन्ना और विरन्ना नामक दो भाइयों ने इस विशाल मंदिर का निर्माण करवाया। मंदिर की स्थापत्य शैली, नक्काशी, स्तंभ और भित्ति-चित्र विजयनगर कला के उत्कृष्ट उदाहरण हैं। मंदिर निर्माण की तिथि को लेकर मतभेद हैं, लेकिन सामान्यत: इसका निर्माण 1520 से 1585 ईस्वी के बीच पूर्ण माना जाता है। कहा जाता है कि मंदिर की अद्भुत बनावट के पीछे कुछ रहस्यमयी शक्तियों का भी योगदान रहा है, क्योंकि इसकी संरचना आज भी इंजीनियरों और स्थापत्य विशेषज्ञों को चकित करती है।

## नृत्य मंडप और झूलता हुआ स्तंभ

विजयनगर काल में मंदिर के भीतर भव्य नृत्य मंडप का निर्माण किया गया। मान्यता है कि भगवान शिव और माता पार्वती का विवाह इसी स्थान पर हुआ था। नृत्य मंडप कभी 70 स्तंभों पर टिका हुआ था। यहां का सबसे बड़ा रहस्य है हैंगिंग पिलर एक ऐसा स्तंभ, जो धरती से कुछ सेंटीमीटर ऊपर उठा हुआ है। 1902 ईसवी में एक अंग्रेज इंजीनियर हैमिल्टन ने इसका रहस्य जानने का प्रयास किया, जिससे एक स्तंभ ऊपर उठ गया, लेकिन टूटा नहीं। आज भी श्रद्धालु इसके नीचे से कपड़ा निकालने का प्रयास करते हैं और इसे मनोकामना पूर्ति से जोड़ते हैं।

# कभी एशिया की सबसे बड़ी कंपनी थी केमू

उत्तराखंड के कुमाऊं में अंग्रेजों द्वारा मोटर मार्ग बनाने से पहले बैलगाड़ी ही यातायात का प्रमुख साधन हुआ करती थी। बैलगाड़ी वाले मार्ग प्रमुख रूप से तीन थे, जिन्हें ' कोर्ट रोड ' कहा जाता था। 1911 में नैनीताल तक सड़क का निर्माण हुआ, तो 1915 में हल्द्वानी से नैनीताल के मध्य यातायात शुरू हुआ। 1920 में मोटर यातायात को अल्मोड़ा से रानीखेत तक बढ़ाया गया। 1921 से 1938 तक कुमाऊं में 13 मोटर कंपनियां पंजीकृत थी, जिनमें मुख्य रूप से हिल मोटर ट्रांसपोर्ट, हरवंश ट्रांसपोर्ट , फौंसिका ट्रांसपोर्ट, नैनीताल मोटर ट्रांसपोर्ट, कुमाऊं मोटर सर्विस कंपनी आदि थी। इन तेरह कंपनियों को आपसी प्रतिस्पर्धा के कारण हानि उठानी पड़ती थी। अधिकतर कंपनियां घाटे में थी। 1939 में घाटे के कारण नैनीताल मोटर ट्रांसपोर्ट कंपनी डूब गई।

घाटे को देखते हुए इन सभी कंपनियों ने एकीकरण का निर्णय लिया और 1939 में कुमाऊं मोटर्स ऑनर्स यूनियन लिमिटेड (केमू) की स्थापना हुई। एक दौर में यह कंपनी एशिया की सबसे बड़ी निजी ट्रांसपोर्ट कंपनी मानी जाती थी।



दीपक नौगांई
शिक्षक

केमू की स्थापना में ट्रांसपोर्ट कंपनियों के मालिकों के अलावा कई स्थानीय लोगों का भी सहयोग था, जिनमें गोविंद बल्लभ पंत प्रमुख थे। शुरुआत में केमू के महाप्रबंधक काठगोदाम निवासी एंग्लो इंडियन ईजेड फौंसिका थे। उन्होंने कंपनी को आगे बढ़ाने में काफी मेहनत की और नई बसों का बेड़ा जोड़कर कंपनी को एक नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया। वे काठगोदाम स्थित फौंसिका स्टेट में रहा करते थे, जहां कंपनी का ऑफिस भी था। बाद में उन्होंने अपनी जमीन स्कूल और चर्च के निर्माण हेतु दान में दे दी। देवीदत्त तिवारी केमू के पहले सचिव थे, जबकि हरवंश सिंह और लाला बालमुकुंद कंपनी के डॉयरेक्टर थे। बाद में यह कार्यालय काठगोदाम स्थित नरीमन भवन में स्थानांतरित कर दिया गया, जो आज भी वही से संचालित किया जा रहा है। यह भवन मुंबई से आए पासरी नरीमन द्वारा बनाया गया था। केमू कार्यालय की दो शाखाएं रामनगर और टनकपुर में भी खोली गईं। कभी केमू कंपनी में 250 के आसपास वाहन थे। हजारों लोगों को केमू ने रोजगार दिया, तो लोगों को कुमाऊं के दूरस्थ इलाकों तक भी पहुंचाया, लेकिन धीरे-धीरे चुनौतियां बढ़ती गईं। सरकारी परिवहन की बसों की संख्या बढ़ने और उन्हें मुनाफे वाले रास्तों में चलाने के कारण केमू की आय घटती गई और कंपनी घाटे में जाने लगी, लेकिन इन सबके बावजूद केमू का महत्व आज भी बरकरार है।




केमू को आज भी पहाड़ों की लाइफलाइन माना जाता है, जो कठिन और दुर्गम रास्तों में बसें चलाती हैं। खड़ी चढ़ाइयों, तंग सड़कों और कठिन मौसम का सामना करते हुए ये बसें लोगों को उन गांवों तक पहुंचाती हैं, जहां अभी भी रोडवेज या निजी परिवहन सेवा उपलब्ध नहीं है।

# ज्वाइनिंग की जद्दोजहद और सीनियरिटी की दौड़



## जॉब का पहला दिन

यूं तो नौकरी में लगभग 23 वर्षों का समय गुजर गया है, किंतु उस समय की कुछ धुंधली यादें आज भी जहन में हैं, जिन्हें आपसे साझा कर रहा हूं। सुबह-सुबह डाकिया महोदय घर आए और उन्होंने नियुक्ति आदेश की प्रति प्राप्त कराई, तो जैसे लगा कि दुनिया की सारी खुशियां मिल गईं। झट से हम भी सीधे सीएमओ कार्यालय गए और वहां से मेडिकल कराया तथा बगल में बीएनएसडी इंटर कालेज, कानपुर नगर गए, जहां से इंटर तक शिक्षा प्राप्त की थी, वहां के प्रधानाचार्य महोदय से चरित्र प्रमाण-पत्र प्राप्त किया। सारे काम इतनी तेज गति से किए गए कि 11:30 बजे प्रातः ज्वाइनिंग लेने अपर जिलाधिकारी (नगर) के कार्यालय पहुंचे, तो जानकारी दी गई कि वह नहीं हैं, तो अपर जिलाधिकारी (वि/रा) महोदय के कार्यालय पहुंचे और ज्वाइनिंग लेटर के साथ चिकित्सीय प्रमाण-पत्र व चरित्र प्रमाण-पत्र (जैसाकि नियुक्ति आदेश में अंकित था) प्रस्तुत किया। अपर जिलाधिकारी (वि/रा) महिला अधिकारी थीं, उन्होंने घूरते हुए मुझे देखा और कहा कि इतनी जल्दी कैसे करा लाए? उन्होंने प्रस्तुत चरित्र प्रमाण-पत्र मानने से इंकार किया कहा कि मैं इसको नहीं मानती। जिलाधिकारी कार्यालय में ही तैनात बनारसी तिवारी से मेरे पूर्व के गुरु-चेला के संबंध थे, तो उन्होंने मेरी मदद की और दो चरित्र प्रमाण-पत्र अन्य अधिकारियों से तत्काल बनवा दिए।

आधे घंटे के अंदर फिर मैं मैडम के कक्ष में पहुंच गया। मैडम फिर बोलीं मैं ये भी नहीं मानूंगी। मैडम के चैंबर में अन्य लोग भी बैठे थे, उनके सामने मैडम से थोड़ी सी बहस भी हो गई, क्योंकि मुझे ऐसा महसूस हो रहा था कि मैडम जानबूझकर मुझे ज्वाइन नहीं कराना चाह रही हैं। मैडम भी आगबबूला हो गईं। मैंने फिर कहा कि अब आप जिन अधिकारीगण को बता दें, मैं उनसे ही बनवाकर ले आता हूं। पब्लिक में से कुछ लोग मेरी ओर से बोले कि मैडम इस लड़के ने चार कैरेक्टर दे दिए हैं और कहां से लाएगा? मेरी कोशिश थी कि मेरी ज्वाइनिंग उसी दिन हो जाए ताकि सीनियरटी का फायदा मिल जाए। तब मैडम बोलीं अच्छा जाओ दो और बनवाकर ले आओ। अगर 4 बजे तक आ जाओगे तो ज्वाइनिंग दे दूंगी नहीं तो अगले दिन ही ज्वाइन करना।




नितिन प्रकाश गुप्ता
कानपुर

तिवारी जी ने पुनः मेरी मदद की और दो चरित्र प्रमाण-पत्र अपने निकटस्थ अधिकारीगण से बनवा दिए। मैं 3:00 बजे पुनः मैडम के सामने पेश हो गया और कहाकि आपके कहे अनुसार दो और बनवा लाया हूं। मैंडम ने फिर घूरते हुए मेरे ज्वानिंग लेटर पर अनुमति प्रदान कर दी। कुल मिलाकर पहला दिन सिर्फ ज्वाइनिंग की जद्दोजहद में ही निकल गया। ज्वाइनिंग के बाद ऑफिस के वरिष्ठ साथियों से मिला। बाद में ये जानकारी हुयी कि मैडम किसी और की ज्वाइनिंग पहले कराना चाहती थीं ताकि उसे सीनियरटी मिल सके, लेकिन मेरे सतत प्रयास से ऐसा हो न सका। खैर बाद में मैडम ने मेरी लगन और मेहनत को देखते हुए मुझे पूरा सपोर्ट किया और मुझे अपने लड़के की तरह मानने लगीं। इस तरह नौकरी का पहला दिन सिर्फ ज्वाइनिंग की जद्दोजहद में ही निकल गया।

# लेखन: अभिव्यक्ति की सशक्त विधा



भाषा हमारे पूर्वजों की अर्जित सामूहिक संपत्ति है। भाषा की उत्पत्ति हमारे पूर्वजों ने इसलिए की थी कि हम अपने गोपनीय मनोभावों का जो अदृश्य है, अज्ञात है, उसको सामने वाले तक पहुंचाया जा सके और साकार या दृष्य रूप में प्रस्तुत या उपस्थित किया जा सके। संदेशों का संप्रेषण किसी भी समाज में भाषा की उपस्थिति का मुख्य कारण रहा है। आज यह जरूर कहा जा रहा है कि जिस भाषा को हमारे पूर्वजों ने गोपनीयता के प्रकाशन के लिए तैयार किया था, आज उसी भाषा से हम अपने मनोभावों के गोपन का कार्य कर रहे हैं। भाषा ने अतीत, वर्तमान और भविष्य तीनों लोकों को प्रकाशित कर रखा है। भाषा में व्यक्त किए जा रहे अनुभवों एवं संवेदनाओं को पीढ़ी-दर-पीढ़ी सुरक्षित-संरक्षित करने हेतु लिपि का पूर्वजों ने संज्ञान किया और भाषा को लिपिबद्ध किया। लिपिबद्ध होने पर भाषा के अंतर्गत बोलचाल या बातचीत के अतिरिक्त ज्ञान और संवेदनाओं के विस्तार के लिए ज्ञान के दो रूपों शास्त्र एवं साहित्य की परिकल्पना करते हुए विभिन्न प्रकार के शास्त्रों और साहित्य की विभिन्न विधाओं में लेखन कार्य प्रारंभ किया गया।



## भाषा का घनत्व और संपादकीय

वेदांग के नाम पर छह शास्त्रों से हमारे अध्ययन की शुरुआत आज छह सौ विषयों तक पहुंच चुकी है। वहीं पर साहित्य में महाकाव्य, खंडकाव्य, तुकांत-अतुकांत कविताएं और गद्य के क्षेत्र में निबंध, नाटक, एकांकी, ललित निबंध, रेखा चित्र, रिपोर्ताज, फीचर, संस्मरण, डायरी, पत्र , आत्मकथा, जीवनी, ब्लॉग जैसी विधाएं सामने आई हैं और निरंतर विकसित हो रही हैं। साहित्य और शास्त्र का विभाजन शब्द की अर्थ प्रक्रिया पर निर्धारित की गई है। यदि शब्द से एक निश्चित अर्थ की प्राप्ति हो रही है और अर्थ विचलन नहीं है, तो उसे शास्त्र में प्रयुक्त किया गया और अर्थ की दृष्टि से इसे 'विचारित सुस्थ' कहा गया। शास्त्र में अभिधा अर्थ ही प्रथम और अंतिम है। जबकि साहित्य में अभिधा, लक्षणा, व्यंजना, तात्पर्य जैसे अर्थों की परिकल्पना करते हुए, उसे 'अविचारित रमणीय' नाम दिया गया है। इस अविचारित रमणीय अर्थों वाली दुनिया, जिसे हम साहित्य कहते हैं, जो विभिन्न विधाओं में है। उसमें भाषा का लिखित रूप अपने सर्वोत्तम रूप में संपादकीय में देखा जा सकता है। अर्थ की दृष्टि से भाषा का घनत्व संपादकीय का प्राणतत्व है।

## लेखन जगत की अनिवार्यता

पत्र-पत्रिकाओं के प्रकाशन एवं पुस्तकों के संपादन के साथ ही 'संपादकीय' हमारे लेखन जगत की अनिवार्यता बन गई है। उदंत मार्तण्ड से लेकर अद्यतन दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक, द्वैमासिक, त्रैमासिक, षट्मासिक, वार्षिक जैसी अवधिवाली पत्र-पत्रिकाओं में संपादकीय एक विशिष्ट सामूहिक अभिव्यक्ति का माध्यम है। संपादकीय में किसी भी संस्था, संगठन, संघ से संबंधित विचारधारा को पारदर्शी तरीके से कम से कम शब्दों में रखने का विधान किया गया है। संपादकीय के द्वारा शासन-सत्ता की चुनौतियों का सामना करते हुए संपादक स्थानीय, राष्ट्रीय एवं वैश्विक समस्याओं पर अपने संस्थान के दृष्टिकोण को प्रस्तुत करने का कार्य करता है। लगभग ज्ञान को प्रकाशित करने वाले प्रत्येक अनुशासन में पत्रिकाएं निकल रही हैं। साहित्य में समग्रता को समेटते हुए और विधापरक पत्रिकाओं की भी प्रगति देखी जा सकती है। स्वतंत्रता आंदोलन की लड़ाई से लेकर आपातकाल तक संपादकों की दमदार संपादकीय देखी जा सकती है। आपातकालीन संपादकीय प्रयोगों की एक गौरवशाली शानदार श्रृंखला है। आज तक समस्याओं एवं चुनौतियों का जितना सामना संपादकीय के द्वारा किया गया है, उतना किसी अन्य विधा के द्वारा संभव नहीं हुआ है। गौरतलब है कि भाषा के इस महत्वपूर्ण उपक्रम को अभी तक विधा की मान्यता नहीं दी गई है। हिन्दी साहित्य के इतिहासों से संपादकीय विधा का इतिहास गायब है। जब विधा माना नहीं गया तो इतिहास , उद्भव- विकास लिखने की आवश्यकता भी नहीं रह गई। चर्चित साहित्यिक पत्रिका हंस में गौतम नवलखा ने कई वर्ष पूर्व संपादकीय को एक विधा के रूप में मान्यता देने के लिए एक लेख लिखा था। हंस के 'संपादकीय' गद्य की किसी विधा से ज्यादा चर्चित रहे हैं। आलोचना, पूर्वाग्रह या पहले की पत्रिकाओं के संपादकीय से साहित्य की नीति तय हो जाती थी।

आज भी बौद्धिक समाज और प्रतियोगी परीक्षाओं के विद्यार्थियों के लिए संपादकीय कितनी महत्वपूर्ण हैं, यह बात हम सब जानते हैं। पादकीय गद्य की अप्रतिम, अद्वितीय, अनन्य विधा है। मां पाटेश्वरी विश्वविद्यालय के हिंदी साहित्य के पाठ्यक्रम में कुलपति महोदय की कुशल निर्देशन के द्वारा अकादमिक क्षेत्र में यह नवाचार संभव हो सका है। हिन्दी जगत के यशस्वी रचनाकार आचार्य विश्वनाथ प्रसाद तिवारी द्वारा संपादित 'दस्तावेज' त्रैमासिक साहित्यिक पत्रिका का एक संपादकीय 'शब्द और कर्म' पाठ्यक्रम में लगाया गया। संपादकीय जगत के इतिहास में यह संपादकीय अद्भुत स्थान रखता है। संपादकीय का एक गौरवशाली इतिहास रहा है। संपादकीय के विभिन्न रूप विषय और समय गत पत्र-पत्रिकाओं में देखे जा सकते हैं। संपादकीय के तकनीकी पक्षों का अध्ययन अध्यापन होता रहा है, किंतु अब संपादकीय विधा के उद्भव और विकास पर भी विद्वानों का ध्यान गया है। अब इस विधा का भी समग्रता से इतिहास प्रस्तुत किया जाएगा।

*-प्रो. शैलेंद्र नाथ मिश्र, बलरामपुर*

| बाजार | सेंसेक्स ↓ | निफ्टी ↓ |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 82,269.78 | 25,320.65 |
| गिरावट | 296.59 | 98.25 |
| प्रतिशत में | 0.36 | 0.39 |

सोना 1,69,000 प्रति 10 ग्राम

चांदी 3,84,500 प्रति किलो

अमृत विचार

कानपुर, शनिवार, 31 जनवरी 2026

www.amritvichar.com



## न्यूज ब्रीफ

### अकासा का इंडियन ऑयल से हरित विमान ईंधन के लिए करार

**हैदराबाद।** देश की सबसे बड़ी तेल विपणन कंपनी इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन ने विंग्स इंडिया 2026 में नवोदित विमान सेवा कंपनी अकासा एयर के साथ हरित विमानन ईंधन की भविष्य की आपूर्ति की संभावनाओं पर मिलकर काम करने के लिए एक आशय पत्र (एलओआई) पर हस्ताक्षर किये। एलओआई में हरित विमान ईंधन की संभावित आपूर्ति के माध्यम से एयरलाइन के हरित ऊर्जा के इस्तेमाल के लक्ष्यों का समर्थन करने के लिए दोनों कंपनियों के बीच सहयोग के लिए एक ढांचा स्थापित करने का प्रस्ताव है। पारंपरिक विमान ईंधन में हरित विमान ईंधन को मिलाकर हवाई यात्रा से ग्रीनहाउस गैसों के उत्सर्जन को कम किया जाता है।

### जयपुर में 'इंडिया स्टोन मार्ट' प्रदर्शनी पांच फरवरी से

**जयपुर।** पत्थर उद्योग पर केंद्रित प्रदर्शनी 'इंडिया स्टोन मार्ट 2026' यहां पांच फरवरी से शुरू होगी। उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राज्यवर्धन राठौड़ ने कहा कि जयपुर में पांच से आठ फरवरी तक होने वाले इस आयोजन से राजस्थान के पत्थर उद्योग को प्रोत्साहन मिलेगा। यह कार्यक्रम नीति संवाद, तकनीक और वैश्विक सहयोग का अंतरराष्ट्रीय मंच बनेगा। उन्होंने कहा कि पत्थर उद्योग क्षेत्र से जुडे सभी हितधारकों को अंतरराष्ट्रीय मंच उपलब्ध कराने के लिए वर्ष 2000 में शुरू हुए 'इंडिया स्टोन मार्ट' का यह 13वां संस्करण है। इसमें चीन, तुर्की, ईरान, थाइलैंड, इटली सहित अन्य देशों से प्रदर्शक भी शामिल होंगे।

### स्पाइसजेट 10 फरवरी से इंफाल के लिए शुरू करेगी पहली उड़ान

**गुवाहाटी।** एयरलाइन कंपनी स्पाइसजेट मणिपुर की राजधानी इंफाल के लिए अपनी पहली उड़ान सेवा शुरू करने जा रही है। कंपनी ने कहा कि 10 फरवरी से स्पाइसजेट कोलकाता, गुवाहाटी और मुंबई से इंफाल के लिए बोइंग 737 विमान से दैनिक उड़ानें संचालित करेगी। ये उड़ान मार्ग पूर्वोत्तर राज्य तक पहुंच को आसान बनाएंगे, यात्रियों को क्षेत्र में सहज और भरोसेमंद संपर्क सुविधा प्रदान करेंगे, साथ ही मनोरंजन और व्यावसायिक यात्रा दोनों के लिए विकल्पों को बढ़ाएंगे।

# आम बजट में राजकोषीय घाटे के बजाय ऋण-जीडीपी अनुपात पर जोर देगा केंद्र

## करीब 55 प्रतिशत पहुंच चुका है राजकोषीय घाटा, 4 से 5 प्रतिशत माना जाता है सामान्य

नई दिल्ली, एजेंसी

आने वाले आम बजट में केंद्र सरकार की ओर से किसी खास राजकोषीय घाटे के आंकड़े को लक्षित करने के बजाय ऋण-जीडीपी अनुपात को कम करने पर जोर दिया जाएगा, जो इस समय लगभग 55 प्रतिशत है। ऐसा इसलिए है क्योंकि देश एफआरबीएम कानून में दिए गए राजकोषीय सुदृढ़ीकरण के मार्ग के लगभग अंत तक पहुंच गया है।

भारत जैसी बढ़ती और विकासशील अर्थव्यवस्था के लिए 3-4 प्रतिशत का राजकोषीय घाटा सहज और उचित माना जाता है, जिसका उद्देश्य वित्तीय स्थिरता के साथ आर्थिक विस्तार को संतुलित करना है। संशोधित राजकोषीय दायित्व और बजट प्रबंधन (एफआरबीएम)



अधिनियम के तहत, 2025-26 के लिए राजकोषीय घाटे का लक्ष्य जीडीपी के 4.5 प्रतिशत से नीचे रखा गया था। इसलिए केंद्र सरकार ने ऋण-जीडीपी अनुपात को एक नया मानक घोषित किया है। अगले छह साल का मसौदा एक फरवरी, 2025 को जारी एफआरबीएम वक्तव्य में घोषित किया गया था।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने जुलाई, 2024 के अपने बजट भाषण में कहा था, मेरे द्वारा 2021 में घोषित राजकोषीय सुदृढ़ीकरण के मार्ग ने हमारी अर्थव्यवस्था की बहुत अच्छी सेवा की है और हमारा लक्ष्य अगले वर्ष घाटे को 4.5 प्रतिशत से नीचे लाना है। सरकार इस पथ पर बने रहने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा था कि 2026-27 के बाद से हमारा प्रयास प्रत्येक वर्ष राजकोषीय घाटे को इस तरह रखने का होगा कि केंद्र सरकार का ऋण जीडीपी के प्रतिशत के रूप में घटते क्रम पर रहे। यह कठोर वार्षिक राजकोषीय लक्ष्यों के बजाय अधिक पारदर्शी और परिचालन रूप से लचीले राजकोषीय मानकों की ओर बदलाव को प्रोत्साहित करता है। इसे राजकोषीय प्रदर्शन के अधिक विश्वसनीय माप के रूप में भी मान्यता दी गई है, क्योंकि यह पिछले और वर्तमान वित्तीय निर्णयों के मिलेजुले प्रभावों को दर्शाता है।

### केंद्र का राजकोषीय घाटा बजट अनुमान के 54.5 % पर

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार का राजकोषीय घाटा दिसंबर के अंत तक 8.55 लाख करोड़ रुपये रहा जो 2025-26 के बजट लक्ष्य का 54.5 प्रतिशत है। पिछले वर्ष इसी अवधि में यह 56.7 प्रतिशत था। शुक्रवार को इस संबंध में सरकारी आंकड़े जारी किए गए। सरकार का अनुमान है कि 2025-26 के दौरान राजकोषीय घाटा (व्यय और राजस्व के बीच का अंतर) जीडीपी का 4.4 प्रतिशत यानी 15.69 लाख करोड़ रुपये रहेगा। महालेखा नियंत्रक की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार, केंद्र सरकार को दिसंबर, 2025 तक कुल प्राप्तियां 25.25 लाख करोड़ रुपये रही, जो बजट अनुमान का 72.2 प्रतिशत है। दिसंबर तक केंद्र सरकार का कुल व्यय 33.8 लाख करोड़ रुपये रहा। यह 2025-26 के बजट अनुमान का 66.7 प्रतिशत है। इसमें से 25.93 लाख करोड़ रुपये राजस्व मद में और 7.87 लाख करोड़ रुपये पूंजी मद में खर्च किए गए।

# भारत ने ऊर्जा क्षेत्र में हर चुनौती को अवसर में बदला: हरदीप पुरी

अनिल त्रिगुणायत, गोवा



हरदीप पुरी से सर्वश्रेष्ठ ऑयल कंपनी का पुरस्कार लेते ओएनजीसी के अधिकारी।

अमृत विचारः पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने शुक्रवार को कहा कि विगत कई दिनों से विश्व में उथल-पुथल मची हुई है। सत्ता संतुलन को लेकर तनातनी तो है ही, ऊर्जा के वर्चस्व को लेकर भी स्थिति तनावपूर्ण बनी हुई है। ऐसी परिस्थिति में भी भारत सरकार अपने ऊर्जा उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा को लेकर कृतसंकल्प है। हमारे देश में ऊर्जा की मांग और आपूर्ति सुदृढ़ बनी हुई है। भारत में ऊर्जा कीमतें दुनिया में सबसे कम हैं।

27 से 30 जनवरी के मध्य गोवा राज्य स्थित ओएनजीसी परिसर में आयोजित "भारत ऊर्जा सप्ताह" के समापन अवसर पर पुरी ने वैश्विक ऊर्जा बाजार में भारत के मजबूत तैयारी के साथ सतत खड़ा होने की अपनी प्रतिबद्धता जताई। उन्होंने कहा कि वैश्विक ऊर्जा के क्षेत्र में हमारा देश संवाद का बड़ा केंद्र बना हुआ है। देश की ऊर्जा रणनीति विविधीकरण, सशक्कतता व भविष्य के अनुकूल बदलावों पर आधारित है। ऊर्जा आपूर्ति के स्रोत के विविधीकरण और स्वच्छ की ओर तीव्रतम बदलाव के जरिए हमने संबंधित चुनौतियों को अवसर में बदला है। पुरी ने जोर देते हुए कहा कि भारत ऊर्जा की उपलब्धता किफायती दामों पर करता रहेगा, निरंतरता सुनिश्चित करता रहेगा। उन्होंने पारंपरिक ईंधनों में अनवरत निवेश के साथ साथ कंप्रेस्ड बायो गैस (सीबीजी), हरित हाइड्रोजन, स्वदेशी स्वच्छ ऊर्जा पर कार्य करने की जिजीविषा दिखाई। पुरी ने कहा कि भारत में पारंपरिक ऊर्जा जरूरी रहेगी, लेकिन इथेनॉल ब्लेंडिंग से लेकर सीबीजी, हाइड्रोजन व बायो ऊर्जा के उत्पादन तथा नवाचार पर हम पूरा जोर लगाए हैं। हमारा मंत्रालय हरित ऊर्जा उत्पादन को लेकर भगीरथ प्रयास कर रहा है। इस सम्मेलन में आए ऊर्जा विशेषज्ञों ने माना कि घरेलू स्तर पर ऊर्जा अन्वेषण, स्वच्छ ऊर्जा का विस्तार और स्थिर मूल्य निर्धारण से भारत की ऊर्जा आत्मनिर्भरता बढ़ी है। इस संदर्भ में पेट्रोलियम मंत्री ने बताया कि भारत ने वैश्विक ऊर्जा बाजारों में निरंतर प्रदर्शन किया है। आगे भी अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा चर्चा में केंद्रीय भूमिका निभाता रहेगा।

### भारत ऊर्जा सप्ताह सम्मेलन

- कहा, विश्व में अस्थिरता के बावजूद भी ऊर्जा की घरेलू मांग व आपूर्ति रही सुदृढ़
- भारत में ऊर्जा की कीमतें दुनिया में सबसे कम, उत्तम सुविधाओं में कमी नहीं

### जामनगर सर्वश्रेष्ठ रिफाइनरी

भारत ऊर्जा सप्ताह सम्मेलन के समापन अवसर पर स्टार्टअप्स, ऊर्जा अकादमियों व उद्योग में नवाचार, तकनीकी उत्कृष्टता तथा नेतृत्व को मान्यता देने वाले पुरस्कार दिए गए। इसी कड़ी में जामनगर को सर्वश्रेष्ठ रिफाइनरी का अवॉर्ड। शोध और विकास के लिए इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन को, पाइपलाइन परिवहन के लिए भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन को तथा ओएनजीसी को सर्वश्रेष्ठ "ऊर्जा खोजकर्ता" का सर्वश्रेष्ठ कंपनी का पुरस्कार दिया गया।

# 15 साल में सबसे तेज... ताइवान की जीडीपी 8.6 प्रतिशत बढ़ी

ताइपे, एजेंसी

- एआई आधारित वैश्विक मांग और निर्यात से आया तेज उछाल

ताइवान की अर्थव्यवस्था वर्ष 2025 में 8.6 प्रतिशत की दर से बढ़ी है, जो 15 वर्षों में सबसे तेज है। यह वृद्धि मुख्य रूप से कृत्रिम मेधा (एआई) से जुड़ी वैश्विक मांग और निर्यात में तेज उछाल का नतीजा है। ताइवान की सांख्यिकी एजेंसी की तरफ से शुक्रवार को जारी अग्रिम अनुमानों के मुताबिक, यह वृद्धि दर 2010 के बाद सबसे अधिक है और अर्थशास्त्रियों के पूर्वानुमानों से कहीं बेहतर रही।

निर्यात-आधारित उद्योगों, खासकर प्रौद्योगिकी क्षेत्र ने इस आर्थिक विस्तार में अहम भूमिका निभाई। आंकड़ों के मुताबिक ताइवान का कुल निर्यात 2025 के दौरान सालाना आधार पर करीब 35 प्रतिशत बढ़ा। इसमें प्रौद्योगिकी से जुड़े उत्पादों एआई सर्वर, सेमीकंडक्टर (चिप) और सटीक उपकरणों की हिस्सेदारी सर्वाधिक रही। जनवरी की शुरुआत में ताइवान ने अमेरिकी प्रशासन के साथ एक व्यापार समझौता किया था जिसके तहत अमेरिका ने ताइवान से आयात पर शुल्क 20 प्रतिशत से घटाकर 15 प्रतिशत कर दिया। इसके बदले में ताइवान ने सेमीकंडक्टर और एआई जैसे क्षेत्रों में अमेरिका में 250 अरब डॉलर के निवेश का वादा किया है। विशेषज्ञों का कहना है कि ऊंचे आधार प्रभाव के कारण आगे चलकर वृद्धि की रफ्तार धीमी हो सकती है। डॉयचे बैंक ने 2026 में ताइवान की आर्थिक वृद्धि 4.8 प्रतिशत रहने का अनुमान जताया है।

# शेयर बाजार में तीन दिन से चल रही तेजी थमी सेंसेक्स 297 अंक टूटा

**मुंबई।** शेयर बाजार में पिछले तीन कारोबारी सत्रों से जारी तेजी पर शुक्रवार को विराम लगा और बीएसई सेंसेक्स में 297 अंक और एनएसई निफ्टी 98 अंक टूट गया। धातु, आईटी शेयरों में बिकवाली के साथ एक फरवरी को पेश होने वाले बजट से पहले निवेशकों के सतर्क रुख से बाजार नुकसान में रहा।

विदेशी संस्थागत निवेशकों की पूंजी निकासी और रुपये में कमजोरी से भी निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई। बीएसई सेंसेक्स 296.59 अंक यानी 0.36 प्रतिशत टूटकर 82,269.78 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 625.34 अंक तक नीचे आ गया था। पचास एनएसई निफ्टी 98.25 अंक यानी 0.39 प्रतिशत की गिरावट के साथ 25,320.65 अंक पर बंद हुआ। टाटा स्टील में सबसे ज्यादा 4.57 प्रतिशत की गिरावट आई। आईसीआईसीआई बैंक, पावर ग्रिड, एचसीएल टेक, टेक महिंद्रा, इन्फोसिस और कोटक महिंद्रा बैंक में भी गिरावट रही।

# भारतीय निर्यातकों को मिलेगा बड़ा बाजार : मूडीज

**नई दिल्ली।** मूडीज रेटिंग्स ने कहा कि यूरोपीय संघ (ईयू) के साथ व्यापार समझौता भारत को अपने व्यापारिक संबंधों में विविधता लाने में मदद करेगा। साथ ही अमेरिकी शुल्कों के कारण बढ़ती अनिश्चितता के बीच निर्यातकों को व्यापक बाजार तक पहुंच मिलेगी।

भारत और यूरोपीय संघ के बीच समझौते की घोषणा 27 जनवरी को हुई थी। इसके इसी साल हस्ताक्षरित और लागू होने की संभावना है। मूडीज ने कहा, भारत के लिए, यह समझौता व्यापारिक संबंधों को चुनिंदा रूप से विविधतापूर्ण बनाने के उसके प्रयासों को दर्शाता है। साथ ही यह अमेरिका के शुल्क बढ़ाने से पैदा होने वाली व्यापारिक अस्थिरता के खिलाफ बचाव प्रदान करता है।

# विदेशी मुद्रा भंडार 709.41 अरब डॉलर के रिकॉर्ड स्तर पर

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक के मुताबिक देश का विदेशी मुद्रा भंडार 23 जनवरी को समाप्त सप्ताह के दौरान 8.05 अरब डॉलर बढ़कर 709.41 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गया। पिछले सप्ताह में ये 14.16 अरब डॉलर बढ़कर 701.3 अरब डॉलर रहा था।



मुद्रा भंडार सितंबर 2024 में 704.89 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंचा था, लेकिन हाल के दिनों में इस पर दबाव देखा गया। खासकर तब जब रुपये में अत्यधिक उतार-चढ़ाव को रोकने के लिए मुद्रा भंडार का उपयोग किया गया। केंद्रीय बैंक के आंकड़ों के अनुसार, 23 जनवरी को समाप्त सप्ताह के दौरान मुद्रा भंडार का अहम हिस्सा मानी जाने वाली विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियां 2.36 अरब डॉलर बढ़कर 562.88 अरब डॉलर हो गईं। डॉलर के रूप में व्यक्त की जाने वाली विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियों में विदेशी मुद्रा भंडार में रखे गए यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर अमेरिकी मुद्राओं में मूल्य वृद्धि या मूल्यह्रास के प्रभाव शामिल होते हैं।

## राष्ट्रीय

# राकांपा के दोनों धड़ों के विलय की जिला परिषद चुनाव के बाद घोषणा होना तय

## अजित पवार के निधन से पहले अंतिम दौर में पहुंच चुकी थी वार्ता, अब और तेजी आने की उम्मीद

मुंबई, एजेंसी

महाराष्ट्र के दिवंगत उप मुख्यमंत्री अजित पवार के विमान हादसे में हुए निधन के बाद उनके नेतृत्व वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) और उनके चाचा एवं राजनीति के दिग्गज माने जाने वाले शरद पवार नीत राकांपा (शप) के प्रस्तावित विलय की प्रक्रिया में तेजी आ सकती है। दावा किया जा रहा है कि विलय की घोषणा जिला परिषद और पंचायत समिति चुनाव नतीजों के फौरन बाद हो सकती है।

पार्टी सूत्रों के मुताबिक बुधवार को अजित पवार की विमान हादसे में मौत की दुखद घटना के बावजूद सत्तारूढ़ राकांपा और राकांपा (शप) के वार्ताकारों ने विलय की प्रक्रिया के पूरी तरह सही दिशा में आगे बढ़ने का दावा किया है। सूत्रों ने बताया कि पुणे और पिंपरी-चिंचवड महानगरपालिका चुनावों में एक साथ मैदान में उतरकर जमीनी स्थिति का जायजा लेने के बाद अजित पवार ने विलय प्रक्रिया को पूरा करने के लिए सावधानीपूर्वक समयबद्ध योजना तैयार की थी। दोनों दलों के सूत्रों ने स्वतंत्र रूप से पुष्टि की कि विलय की बातचीत अंतिम चरण में है। कहा जा रहा है कि परिवार और पार्टी को फिर एकजुट करने की प्रक्रिया पहले से चल रही थी। अजित पवार ने खुद वरिष्ठ नेताओं के साथ मतभेदों को दूर करने के लिए कई दौर की बातचीत की थी।

अजित पवार के पिछले चार दशकों से करीबी विश्वासपात्र रहे किरण गूजर ने दावा किया है कि दिवंगत नेता राकांपा के दोनों धड़ों का विलय करने के प्रति दृढ़ संकल्पित थे। गूजर ने बृहस्पतिवार को बताया कि जित पवार दोनों धड़ों के विलय को लेकर दृढ़ थे। उन्होंने पांच दिन पहले बताया था कि इसकी प्रक्रिया पूरी हो चुकी है और अगले कुछ दिनों में विलय होने वाला है। गुजर ने कहा, पवार साहब, सुप्रिया सुले और अन्य नेताओं के साथ सकारात्मक बातचीत चल रही थी और साफ संकेत थे कि शरद पवार इस कदम का समर्थन करेंगे।





अजित पवार के निधन के बाद उन्हें श्रद्धांजलि देने के लिए पुणे में जगह-जगह होर्डिंग लगाए गए हैं।

### सीआईडी को सौंपी गई विमान हादसे की जांच

**मुंबई।** विमान दुर्घटना में उपमुख्यमंत्री अजीत पवार की मृत्यु की जांच राज्य के अपराध जांच विभाग (सीआईडी) को सौंप दी गई है। शुरुआत में यह जांच पुणे ग्रामीण पुलिस कर रही थी। पुणे ग्रामीण पुलिस ने दुर्घटना के संबंध में बीएनएस की धारा 194 के तहत आकस्मिक मृत्यु का मामला दर्ज किया था। सरकार ने पुणे ग्रामीण पुलिस को अब तक जुटाए गए मामले के विवरण और सुबूत राज्य सीआईडी को सौंपने का निर्देश दिया है। उन्होंने बताया कि राज्य सीआईडी ने अपनी जांच शुरू कर दी है।

### विलय के बाद भी सरकार को खतरा नहीं, पर बदलेंगे सियासी समीकरण

राकांपा (शप) से जुड़े सूत्रों ने बताया कि बुधवार को हुए विमान हादसे से पहले दोनों पक्ष बातचीत के फाइनल दौर में पहुंच चुके थे, और आगामी जिला परिषद और पंचायत समिति चुनावों के समापन के तुरंत बाद आठ फरवरी को विलय की घोषणा किए जाने की योजना थी। अजित पवार के नेतृत्व वाली राकांपा के पास महाराष्ट्र विधानसभा में 40 सीट हैं। इनमें अजित पवार के निधन से उनकी बारामती सीट खाली हो गई है। शरद पवार नीत धड़े के 10 विधायक हैं। सबकी निगाहें इस बात पर हैं कि क्या विलय के बाद भी राकांपा भाजपा के नेतृत्व वाली 'महायुति' सरकार का हिस्सा बनी रहेगी। हालांकि, राकांपा के राज्य सरकार से अलग होने की स्थिति में भी संख्याबल के आधार पर देवेंद्र फडणवीस सरकार को कोई खतरा नहीं है। वर्तमान में भाजपा, राकांपा और शिंदे नीत शिवसेना के गठबंधन महायुति के पास 288 सदस्यीय विधानसभा में 235 विधायक हैं। इनमें 57 सीटें शिवसेना शिंदे गुट की हैं।

### सुनेत्रा होंगी विधायक दल की नेता

**मुंबई।** महाराष्ट्र के मंत्री छगन भुजबल ने शुक्रवार को कहा कि राकांपा की विधायक दल की बैठक 31 जनवरी को होगी, जिसमें दिवंगत उपमुख्यमंत्री अजित पवार की पत्नी सुनेत्रा को नेता चुना जाएगा। भुजबल ने मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने स्पष्ट कर दिया है कि उपमुख्यमंत्री के रूप में उनका शपथ ग्रहण समारोह यदि शनिवार को ही होता है, तो उन्हें कोई आपत्ति नहीं है, बशर्ते इस संबंध में निर्णय पार्टी के विधायक दल द्वारा लिया जाए।

# फोन से फर्जी एसएमएस भेजकर ठगी करने वाला विंगो एप सरकार ने किया ब्लॉक

**नई दिल्ली।** सरकार ने विंगो एप को उपयोगकर्ताओं (यूजर्स) के फोन से फर्जी एसएमएस भेजने और उनका इस्तेमाल बड़े पैमाने पर साइबर अपराध करने के आरोप में ब्लॉक कर दिया है। केंद्रीय गृह मंत्रालय और उसकी साइबर अपराध रोधी एजेंसी भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र (आई4सी) ने एंड्रॉइड एप के खिलाफ कई शिकायतें मिलने के बाद यह कार्रवाई की। ये संदेश रोज 1.53 करोड़ लोगों तक पहुंचते थे।

एजेंसी के मुताबिक एप उपयोगकर्ता अनजाने में साइबर अपराधियों की संदेश आधारित एसएमएस धोखाधड़ी नेटवर्क में भागीदार बन रहे थे। शिकायतों के बाद सरकार ने एप के नियंत्रण केंद्र को ब्लॉक कर दिया। आई4सी ने बताया कि 1.53 लाख उपयोगकर्ताओं वाले चार टेलीग्राम चैनल और एप का प्रचार करने वाले 50 से अधिक यूट्यूब वीडियो भी ब्लॉक कर दिए गए हैं। आई4सी के अनुसार, एक बार उपयोगकर्ता द्वारा एप डाउनलोड करने के बाद यह साइबर अपराध करने के लिए उपयोगकर्ता के फोन के माध्यम से संदेश भेजना शुरू कर देता था। एजेंसी ने बताया कि एप से मिलने वाले छोटे-छोटे दैनिक भुगतानों के लालच में आकर 1.53 लाख से अधिक उपयोगकर्ता अनजाने में इन साइबर अपराधों का हिस्सा बन गए।

# गजनी को भारतीय लुटेरा बताने पर भाजपा हामिद अंसारी पर हमलावर

नई दिल्ली, एजेंसी

- विदेशी आक्रमणकारियों के महिमा मंडन का लगाया आरोप

भाजपा ने शुक्रवार को महमूद गजनी को भारतीय लुटेरा कहने के लिए पूर्व उपराष्ट्रपति एम हामिद अंसारी की कड़ी आलोचना की और आरोप लगाया कि कांग्रेस और उसके समर्थक विदेशी आक्रमणकारियों का महिमामंडन करते हैं और हिंदू विरोधी अत्याचारियों का गुणगान करते हैं।

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि विदेशी आक्रमणकारियों और लुटेरों के प्रति अंसारी का स्नेह उनकी बीमार मानसिकता को दर्शाता है। अंसारी ने एक साक्षात्कार के दौरान कहा था कि महमूद गजनी समेत इतिहास की किताबों में जिन्हें विदेशी आक्रमणकारी और लुटेरा बताया गया है, वे वास्तव में भारतीय लुटेरे थे। अंसारी ने कहा, मैंने हमेशा कहा है कि इतिहास की किताबों में जिन्हें हम विदेशी आक्रमणकारी बताते हैं, उनमें एक लोदी है, कोई एक गजनी है और कुछ अन्य। वे सभी भारतीय लुटेरे थे। पूर्व उपराष्ट्रपति को एक पत्रकार को दिए साक्षात्कार में यह कहते हुए सुना गया कि, वे बाहर से नहीं आए थे। राजनीतिक रूप से यह कहना सुविधाजनक है कि उन्होंने इसे और उसे नष्ट कर दिया। लेकिन वे सभी भारतीय थे।

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने सोमनाथ मंदिर को नष्ट और अपवित्र करने वाले गजनी की प्रशंसा करने के लिए पूर्व उपराष्ट्रपति की कड़ी आलोचना की। पूनावाला ने 'एक्स' पर कहा, शरजील इमाम और उमर खालिद को युवा कहने के बाद अब कांग्रेस समर्थक और हामिद अंसारी सोमनाथ मंदिर को नष्ट करने वाले गजनी की प्रशंसा कर रहे हैं। वे महमूद गजनी की प्रशंसा करते हैं, वे सोमनाथ स्वाभिमान पर्व का विरोध करते हैं, वे औरंगजेब और हिंदुओं पर अत्याचार करने वालों के अपराधों को छिपाते हैं।

# कर्नाटक: ठेकेदारों का 38,000 करोड़ बकाया पूरे राज्य में काम बंद करने की दी धमकी

बेंगलुरु, एजेंसी

- सिद्दारमैया ने पिछली भाजपा सरकार पर लगाया बकाया छोड़ने का आरोप

कर्नाटक में ठेकेदारों ने करीब 38,000 करोड़ रुपये की बकाया राशि का भुगतान न होने पर पूरे राज्य में काम रोकने और हड़ताल करने की धमकी दी है। भाजपा और कांग्रेस के नेता इस स्थिति के लिए एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप में लगे हुए हैं। मुख्यमंत्री सिद्दारमैया ने पिछली भाजपा सरकार पर बकाया छोड़ने का आरोप लगाया है।

कर्नाटक राज्य ठेकेदार संघ के अध्यक्ष मंजूनाथ ने शुक्रवार को कहा कि मुख्यमंत्री सिद्दारमैया से बार-बार अपील के बावजूद कई मुद्दे अब भी अनसुलझे हैं। उन्होंने चिक्काबल्लापुर के ठेकेदार मुनेगौड़ा के चिंताजनक मामले पर भी जोर दिया, जिन्होंने पैसों की तंगी का हवाला देकर आत्महत्या की कोशिश की थी। उन्होंने कहा, हमने ठेकेदारों के बकाये के लिए अलग-अलग विभाग और मंत्रियों से कई बार आग्रह किया। सरकार हमारी समस्याओं पर ध्यान नहीं दे रही है। हम मुख्यमंत्री से अपील करते हैं कि वे तुरंत ठेकेदारों की बैठक बुलाएं। अगर हमारी समस्याएं हल नहीं हुईं तो फरवरी से काम ठप कर दिया जाएगा। हमने 5 मार्च को हड़ताल करने की योजना भी बनाई है। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी को भी लिखा है। मुख्यमंत्री सिद्दारमैया ने कहा कि बकाया बिल पिछली भाजपा सरकार ने छोड़े थे।

### भाजपा ने सरकार पर भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने का आरोप लगाया

यह मामला अब एक बड़े राजनीतिक विवाद में तब्दील हो गया है। राज्य भाजपा ने आरोप लगाया है कि कांग्रेस सरकार ने भुगतान में देरी करके और भ्रष्टाचार को बढ़ावा देकर कर्नाटक को एक एटीएम बना दिया है, हालांकि सत्ताधारी दल ने इन दावों को खारिज कर दिया है। रिपोर्टों में दावा किया गया है कि निविदा की मंजूरी में भ्रष्टाचार और बिचौलियों के प्रभाव ने स्थिति को और खराब कर दिया है, विशेष रूप से शहरी विकास विभाग में, जहां बड़ी फर्मों के पक्ष में छोटे ठेकेदारों को हाशिये पर धकेल दिया गया है। बकाया बिल सबसे अधिक जल संसाधन और लोक निर्माण विभाग में हैं।





# बापू एक व्यक्ति नहीं सोच हैं, जिसे अहंकारी सत्ता ने की मिटाने की असफल कोशिश : राहुल गांधी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने शुक्रवार को महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर उन्हें नमन किया और कहा कि बापू एक व्यक्ति नहीं, बल्कि सोच हैं जो कभी मिट नहीं सकती क्योंकि गांधी भारत की आत्मा में अमर हैं। उन्होंने यह भी कहा कि इस सोच को कभी अंग्रेजी साम्राज्य ने, कभी नफरत की विचारधारा ने और कभी अहंकारी सत्ता ने मिटाने की असफल कोशिश की।

उन्होंने 'एक्स' पर पोस्ट किया, राष्ट्रपिता ने हमें आज़ादी के साथ यह मूलमंत्र दिया कि सत्ता की ताक़त से बड़ी सत्य की शक्ति होती है और हिंसा व भय से बड़े अहिंसा और साहस। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि यह सोच मिट नहीं सकती, क्योंकि गांधी भारत की आत्मा में अमर हैं। राहुल गांधी ने कहा, बापू को उनके शहीदी दिवस पर विनम्र श्रद्धांजलि।

## ये कौन चित्रकार...



जम्मू-कश्मीर के अनेक इलाकों में जमकर बर्फबारी हुई है। ताजा बर्फ से पहाड़, घर, सड़कें सफेद चादर में लिपट गई हैं। घरों और पेड़ों पर बर्फ ने विविध मनमोहक आकृतियां बना दी हैं। अनंतनाग जिले में ताजा बर्फबारी के बाद का एक मनमोहक दृश्य।

# भविष्य की ऊर्जा



## एक अनिवार्य परिवर्तन

आज दुनिया ऊर्जा विकल्पों को लेकर दोराहे पर खड़ी है। एक तरफ हमारी आधुनिक सभ्यता की भूख बढ़ती जा रही है और दूसरी तरफ जिन पारंपरिक स्रोतों (कोयला, तेल, गैस) ने हमें यहां तक पहुंचाया, वे तेजी से समाप्त हो रहे हैं। अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी की रिपोर्टों के अनुसार, जीवाश्म ईंधन न केवल सीमित हैं, बल्कि जलवायु परिवर्तन के सबसे बड़े कारक भी हैं। वैश्विक तापमान में वृद्धि और पारिस्थितिक असंतुलन ने दुनिया के देशों को चिंतित कर दिया है।भविष्य के ऊर्जा विकल्प अब केवल विकल्प नहीं बल्कि अनिवार्यता बन चुके हैं। हम एक ऐसे युग की ओर बढ़ रहे हैं जहां ऊर्जा का उत्पादन केवल आर्थिक लाभ के लिए नहीं, बल्कि पृथ्वी को बचाने के लिए किया जाएगा। सौर, पवन, भू-तापीय और सबसे महत्वपूर्ण रूप से हरित हाइड्रोजन इस परिवर्तन के केंद्र में हैं।

### भारत में ऊर्जा नवाचार

- सौर ऊर्जा की छलांग : भारत ने इंटरनेशनल सोलर एलायंस (आईएसए) की नींव रखी। भारत दुनिया के सबसे बड़े सौर पार्क स्थापित कर रहा है।
- पीएम कुसुम योजना : किसानों को सौर पंप प्रदान कर उन्हें ऊर्जा उत्पादक बनाने की दिशा में मिनिस्टरी ऑफ न्यू एंड रिन्यूएबल एनर्जी (एमएनआरई) सक्रिय है।
- इलेक्ट्रिक मोबिलिटी : फेम-2 योजना के जरिए इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) को बढ़ावा दिया जा रहा है।
- परमाणु ऊर्जा : थोरियम परमाणु रिएक्टरों पर अनुसंधान में भारत अग्रणी।

### अतंर्राष्ट्रीय ऊर्जा मंच की भूमिका

- संवाद का मंच : अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा मंच (आईईएफ) तेल और गैस के उत्पादक और उपभोक्ता देशों के बीच एक सेतु का कार्य करता है ताकि वैश्विक बाजारों में ऊर्जा उत्पादन की स्थिरता बनी रहे।
- ऊर्जा सुरक्षा : यह सुनिश्चित करना कि ऊर्जा की आपूर्ति निर्बाध बनी रहे और कीमतों में अत्यधिक उतार-चढ़ाव न हो।
- डेटा पारदर्शिता : ज्वाइंट आर्गनाइजेशन डाटा इनीशिएटिव के माध्यम से, अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा मंच (आईईएफ) ऊर्जा आंकड़ों में पारदर्शिता लाता है, जिससे देशों को बेहतर नीति निर्धारण में मदद मिलती है।
- संक्रमण का प्रबंधन : आईईएफ वर्तमान में पारंपरिक ऊर्जा से स्वच्छ ऊर्जा की ओर बढ़ने के लिए तकनीकी और वित्तीय सहयोग को बढ़ावा दे रहा है।

### हरित हाइड्रोजन

- हरित हाइड्रोजन वह हाइड्रोजन है जिसका उत्पादन इलेक्ट्रोलिसिस प्रक्रिया के माध्यम से किया जाता है, जिसमें अक्षय ऊर्जा (सौर या पवन) का उपयोग करके पानी को हाइड्रोजन और ऑक्सीजन में तोड़ा जाता है। ऊर्जा विकल्प में इसका प्रमुख स्थान है, इसे भविष्य का ईंधन कहा जाता है क्योंकि इसका दहन होने पर केवल पानी निकलता है, कोई प्रदूषण नहीं। इसे भारी उद्योगों (स्टील, सीमेंट) और लंबी दूरी के परिवहन (जहाज, ट्रक) में इस्तेमाल किया जा सकता है जहां बैटरी काम नहीं करती।

### भारत में स्थिति

- भारत ने राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन शुरू किया है, जिसका लक्ष्य 2030 तक प्रति वर्ष 5 मिलियन टन उत्पादन करना है। भारत का लक्ष्य दुनिया में सबसे सस्ती हरित हाइड्रोजन का उत्पादन करना है। भारत हरित हाइड्रोजन का वैश्विक निर्यातक बन रहा है।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### गाजा की रफा चौकी फिर खोलेगा इजराइल

**यरुशलम।** इजराइल ने शुक्रवार को कहा कि वह गाजा की मिस्र के साथ लगी रफा सीमा चौकी को रविवार को फिर से खोल देगा। करीब दो साल बाद इस चौकी को फिर से खोले जाने से फलस्तीनियों को क्षेत्र में प्रवेश करने और बाहर निकलने की अनुमति मिलेगी। गाजा को सहायता पहुंचाने के समन्वय के लिए जिम्मेदार इजराइली सैन्य इकाई सीओजीएटी ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि केवल सीमित आवाजाही की अनुमति दी जाएगी। रफा सीमा चौकी को खोला जाना अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की गाजा युद्धविराम योजना की दिशा में महत्वपूर्ण कदम होगा।

### अफगानिस्तान का पहला कैंसर केंद्र खुला

**अफगानिस्तान।** अफगानिस्तान के सार्वजनिक स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि काबुल में अफगानिस्तान का पहला विशेष कैंसर केंद्र खुल गया है। मंत्रालय ने गुरुवार को कहा कि राष्ट्रीय कैंसर निदान एवं उपचार अस्पताल के रूप में आधिकारिक तौर पर नामित इस नए चिकित्सा केंद्र ने परिचालन शुरू कर दिया है और यह देश भर के कैंसर रोगियों को निदान और विशेष देखभाल प्रदान करेगा। अफगानिस्तान के स्वास्थ्य मंत्री नूर जलाल जलाली ने चिकित्सा विशेषज्ञों को तैयार करने के लिए विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू करने की योजना की घोषणा की।

### मानव तस्करी में भारतीय पर मुकदमा

**न्यूयॉर्क।** कनाडा से अमेरिका की उत्तरी सीमा के रास्ते भारतीय नागरिकों की अवैध तस्करी में संलिप्तता के आरोप में 22 वर्षीय भारतीय व्यक्ति पर यहां मुकदमा चलाया गया है। शिवम नामक व्यक्ति पर अमेरिका में विदेशी नागरिकों को अवैध रूप से प्रवेश कराने की साजिश रचने और निजी वित्तीय लाभ के उद्देश्य से विदेशी नागरिकों को अवैध रूप से अमेरिका लाने के आरोप लगाए गए हैं। न्यूयॉर्क की एक संघीय अदालत ने इस साजिश में उसकी भूमिका के लिए बुधवार को उसके खिलाफ आरोप तय किए।

### भारतीय मूल के तस्कर को 20 साल की जेल

**लंदन।** उत्तर-पश्चिम इंग्लैंड की एक अदालत ने भारतीय मूल के एक तस्कर को हथियारों और मादक पदार्थों से जुड़े कई अपराधों की साजिश रचने के आरोप में 20 साल जेल की सजा सुनाई। 47 वर्षीय नागेंदर गिल ने कार्ल इयान जोन्स (59) और हार्ली वाइज (29) के साथ साजिश में एन्क्रिप्टेड कम्युनिकेशन प्लेटफॉर्म एनक्रोचैट पर इंडियनओशियन नाम का प्रयोग किया।

# अमेरिका ने यूरोप के कई ठिकानों पर तैनात किए एफ-35ए विमान

## ईरान से हाल में बढ़े तनाव के बीच इन विमानों के गंतव्य को लेकर लग रहे कयास

- राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दी है ईरान पर हमला करने की धमकी

**वॉशिंगटन, एजेंसी**

अमेरिकी वायुसेना ने ईरान के साथ बढ़े हाल के तनाव के बीच अपनी पांचवीं पीढ़ी के एफ-35ए लड़ाकू विमानों को यूरोप में तैनात करना शुरू कर दिया है। हालांकि, इन विमानों का अंतिम गंतव्य फिलहाल स्पष्ट नहीं है। द वॉर ज़ोन पोर्टल ने ओपन-सोर्स डेटा के हवाले से यह जानकारी दी। रिपोर्ट के अनुसार, ये एफ-35ए लड़ाकू विमान पहले वेनेजुएला से जुड़े एक अमेरिकी ऑपरेशन के तहत प्यूर्टो रिको में तैनात थे और अब पुर्तगाल के लाजेस एयर बेस पर उतरे हैं।

सोशल मीडिया पर उपलब्ध एक वीडियो में इन विमानों की लैंडिंग देखी गई है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि इससे पहले अमेरिकी एफ/ए-18जी लड़ाकू विमान भी स्पेन की ओर उड़ान भर चुके हैं। द वॉर ज़ोन के मुताबिक, जून 2025 में ईरान पर किए गए अमेरिकी हमले के दौरान ईरानी वायु रक्षा प्रणाली को निष्क्रिय करने में एफ-35ए विमानों ने अहम भूमिका निभाई थी। गौरतलब है कि दिसंबर 2025 के अंत में ईरान में स्थानीय मुद्रा रियाल के कमजोर होने से महंगाई बढ़ने की आशंकाओं के बीच विरोध प्रदर्शन शुरू हुए थे। कई शहरों में ये प्रदर्शन हिंसक हो गए और प्रदर्शनकारियों व पुलिस के बीच झड़पें हुईं। इस दौरान सरकार विरोधी नारे भी लगाए गए। रिपोर्टों में सुरक्षा बलों और प्रदर्शनकारियों के हताहत होने की भी खबरें आई हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पिछले सप्ताह कहा था कि एक विशाल नौसैनिक बेड़ा तेज़ी से और पूरी ताकत के साथ ईरान की ओर बढ़ रहा है। उन्होंने चेतावनी दी थी कि यदि कोई समझौता नहीं होता है, तो भविष्य में ईरान पर होने वाला कोई भी अमेरिकी हमला पहले से कहीं अधिक गंभीर होगा। ट्रंप इससे पहले ईरान में प्रदर्शनकारियों के समर्थन की घोषणा कर चुके हैं।



### क्यूबा को तेल निर्यातक देशों पर अतिरिक्त टैरिफ

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने क्यूबा पर अतिरिक्त दबाव डालने के उद्देश्य से इस द्वीपीय देश को तेल निर्यात करने वाले देशों पर अतिरिक्त आयात शुल्क लगाने वाले एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए हैं। अमेरिका ने अपनी राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए अतिआवश्यक कदम बताते हुए गुरुवार को यह कदम उठाया है, जिसके तहत उन सभी देशों से अमेरिका में आयातित वस्तुओं पर अतिरिक्त आयात शुल्क लगाया जाएगा, जो क्यूबा को तेल की आपूर्ति करते हैं। इसके पीछे तर्क दिया गया कि क्यूबा अमेरिका के प्रति शत्रुता रखने वाले रूस, चीन और ईरान जैसे देशों से संबंध रखता है। हिज़्बुल्लाह और हमास समूहों को भी पनाह देता है।

### आईआरजीसी को आतंकी कहना गलत

**तेहरान।** ईरान ने यूरोपीय संघ (ईयू) की ओर से इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) को आतंकवादी संगठन घोषित करने के फैसले की कड़ी निंदा की है। ईरानी विदेश मंत्रालय ने एक बयान में ईयू के विदेश मंत्रियों के इस फैसले को अवैध, अनुचित और पाखंडपूर्ण बताते हुए इसे ईरान के खिलाफ कार्रवाई करार दिया। बयान में कहा गया है कि आईआरजीसी ईरान के आधिकारिक सशस्त्र बलों का अभिन्न हिस्सा है। देश के संविधान के तहत ईरान की संप्रभुता और सुरक्षा बनाए रखने, क्षेत्रीय स्थिरता की रक्षा करने और आतंकवाद से लड़ने में इसकी भूमिका बेजोड़ और सम्मानजनक रही है।

## अमेरिका भारत को सौंपेगा तीन प्राचीन कांस्य की मूर्तियां

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका भारत को तीन प्राचीन कांस्य मूर्तियां लौटाएगा जिन्हें देश के मंदिरों से अवैध रूप से हटा दिया गया था। वाशिंगटन डीसी स्थित स्मिथसोनियन नेशनल म्यूज़ियम ऑफ एशियन आर्ट ने कहा कि तीन मूर्तियां भारत सरकार को वापस की जाएंगी। गहन जांच के बाद इन मूर्तियों के स्रोत का पता लगाया गया और रिपोर्ट में यह कहा गया कि इन मूर्तियों को मंदिरों से अवैध रूप से हटाया गया था। संग्रहालय के बयान में कहा गया है कि भारत सरकार ने मूर्तियों में से एक को दीर्घकालिक ऋण पर देने पर सहमति व्यक्त की है। इस तरह की व्यवस्था के तहत संग्रहालय को वस्तु की उत्पत्ति, उन्हें हटाए जाने और वापसी की पूरी कहानी को सार्वजनिक रूप से साझा करने की अनुमति मिल जाएगी। ये मूर्तियां चोल काल (लगभग 990 ईस्वी) की शिव नटराज, चोल काल (12वीं शताब्दी) की सोमस्कंद और विजयनगर काल (16वीं शताब्दी) की संत सुंदरार विद परवई हैं। ये मूर्तियां दक्षिण भारतीय कांस्य ढलाई की समृद्ध कलात्मकता का उदाहरण हैं, जिन्हें पारंपरिक रूप से मंदिर की शोभा यात्राओं में ले जाया जाता था। बयान में कहा गया है कि शिव नटराज प्रतिमा को दीर्घकालिक ऋण पर रखा जाना है।

## बहुध्रुवीयता की जरूरत पर संरा प्रमुख का जोर

- भारत-यूरोपीय संघ में व्यापार समझौते का दिया हवाला

**संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी**

संयुक्त राष्ट्र प्रमुख एंतोनियो गुतारेस ने भारत और यूरोपीय संघ (ईयू) के बीच हुए मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) का हवाला देते हुए बहुध्रुवीयता का समर्थन करने की आवश्यकता पर जोर दिया और अमेरिका एवं चीन का परोक्ष संदर्भ देते हुए कहा कि वैश्विक समस्याओं का समाधान एक ही ताकत का हुकुम चलने से नहीं होगा।

गुतारेस ने 2026 के लिए अपनी प्राथमिकताएं बताते हुए यहां गुरुवार को कहा कि वर्तमान समय में यह स्पष्ट है कि दुनिया का सबसे शक्तिशाली देश अमेरिका है।... हम देख रहे हैं और कई लोगों का भी भविष्य के संदर्भ में विचार है कि दो ध्रुव हैं- एक अमेरिका केंद्रित और एक चीन केंद्रित। उन्होंने कहा, अगर हम एक स्थिर दुनिया चाहते हैं, अगर हम ऐसी दुनिया चाहते हैं जिसमें शांति कायम रह सके, जिसमें विकास व्यापक हो सके और जिसमें अंततः हमारे मूल्य कायम रहें तो हमें बहुध्रुवीयता का समर्थन करने की जरूरत है। संयुक्त राष्ट्र महासचिव ने कहा कि हमें अलग-अलग देशों के बीच घनिष्ठ संबंधों के ताने-बाने का समर्थन करने की जरूरत है और मैं हालिया व्यापार समझौतों को बहुत उम्मीदों के साथ देखता हूं। आपके पास यूरोपीय संघ के साथ मर्कोसुर (दक्षिण अमेरिकी व्यापार गुट) है। यूरोपीय संघ के साथ इंडोनेशिया है, भारत-ईयू का समझौता है। कनाडा और ब्रिटेन के साथ चीन से समझौता है इसलिए मेरी मानना है कि यह नेटवर्क वास्तविक बहुध्रुवीय परिस्थितियां बना सकता है जिसमें संयुक्त राष्ट्र चार्टर के मूल्यों का वर्चस्व रहे।

### दो शक्तियों के बीच न विभक्त हो विश्व

भारत और यूरोपीय संघ ने मुक्त व्यापार समझौते पर मंगलवार को हस्ताक्षर किए जिसे अब तक का सबसे बड़ा समझौता बताया जा रहा है। गुतारेस ने जोर देकर कहा कि वैश्विक संरचनाओं और संस्थानों को नए समय और वास्तविकताओं की जटिलता एवं अवसर को प्रतिबिंबित करना चाहिए, संयुक्त राष्ट्र प्रमुख ने अमेरिका और चीन का परोक्ष जिक्र करते हुए कहा कि वैश्विक समस्याओं का समाधान एक ही ताकत का हुकुम चलने से नहीं होगा। न ही उनका समाधान दो शक्तियों द्वारा दुनिया को प्रतिद्वंद्वी प्रभाव-क्षेत्रों में बांटने से होगा।

## ढाका-कराची हवाई सेवा शुरू

**ढाका।** बिमान बांग्लादेश एयरलाइंस ने गुरुवार को ढाका-कराची-ढाका मार्ग पर सीधी उड़ान सेवा शुरू की। उद्घाटन उड़ान बीजी-341 गुरुवार रात 8 बजे ढाका से रवाना हुई। अगस्त 2024 में प्रोफेसर मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व में अंतरिम सरकार के गठन के बाद से बांग्लादेश और पाकिस्तान के बीच संबंधों में नजदीकी देखी जा रही है। दोनों देशों के बीच सैन्य प्रतिनिधिमंडलों सहित विभिन्न स्तरों पर प्रतिनिधिमंडलों का लगातार आदान-प्रदान हो रहा है। बिमान बांग्लादेश एयरलाइंस द्वारा कराची के लिए सीधी उड़ान की शुरुआत को दोनों देशों को और करीब लाने की दिशा में कदम के रूप में देखा जा रहा है। वर्ष 1971 में नौ महीने युद्ध के बाद बांग्लादेश पाकिस्तान से अलग हुआ था।

## गाजावासियों को मिले ट्रंप के पुनर्निर्माण विचारों का लाभ

- फलस्तीन के विदेश मंत्री वारसेन अगाबेकियन शाहीन ने रखी बात

**नई दिल्ली, एजेंसी**

फलस्तीन की विदेश मंत्री वारसेन अगाबेकियन शाहीन ने शुक्रवार को कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के गाजा पट्टी के पुनर्निर्माण के विचार से फलस्तीन को शायद कोई आपत्ति न हो, लेकिन ऐसा केवल तभी होगा जब ऐसी योजना का लाभ फलस्तीनियों को मिले, न कि उसे उन पर थोपा जाए। शाहीन ने एक साक्षात्कार में यह भी कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप के शाति बोर्ड में भारत की भागीदारी मददगार साबित हो सकती है।

ट्रंप के गाजा पट्टी को पश्चिम एशिया का लोकप्रिय स्थान बनाने के विचार से जुड़े सवाल पर शाहीन ने कहा कि यह लोकप्रिय स्थान उसके (गाजा) अपने लोगों के लिए होना चाहिए। मेरा मतलब है, क्यों नहीं? अगर यह लोकप्रिय स्थान गाजावासियों, फलस्तीनियों के आनंद लेने के लिए है, तो ठीक है। लेकिन अगर यह फलस्तीनियों के बिना दूसरों के आनंद लेने के लिए है, तो इस पर हमारी ना है। उनकी ये टिप्पणियां गाजा के पुनर्निर्माण पर वैश्विक ध्यान केंद्रित होने और ट्रंप द्वारा प्रस्तावित अमेरिकी नेतृत्व वाले शांति बोर्ड के बीच आई हैं। शांति लाने के ऐसे किसी भी प्रयास का स्वागत करते हुए, शाहीन ने इस बात पर जोर दिया कि गाजा के पुनर्निर्माण के विचार को फलस्तीनी राजनीतिक अधिकारों से अलग नहीं देखा जा सकता।

## न्यूजीलैंड ने शांति बोर्ड में शामिल होने का प्रस्ताव ठुकराया

**न्यूजीलैंड।** न्यूजीलैंड सरकार ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के शांति बोर्ड में शामिल होने के प्रस्ताव को ठुकरा दिया है। आरएनजेड रेडियो स्टेशन ने न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन के बयान का हवाला देते हुए यह जानकारी दी। गुरुवार को जारी रिपोर्ट के अनुसार, सरकार ने बोर्ड के वर्तमान स्वरूप में शामिल न होने का फैसला किया है। न्यूजीलैंड के विदेश मंत्री विंस्टन पीटर्स ने एक अलग बयान में कहा कि चूंकि कई देश पहले ही इस पहल में शामिल हो चुके हैं, इसलिए न्यूजीलैंड इसमें कोई खास योगदान नहीं देगा। 16 जनवरी को ट्रंप ने शांति बोर्ड के गठन की घोषणा की थी, जिसमें अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो सहित कई लोग शामिल हुए थे।

# अमेरिका पर भड़के पीएम कार्नी, बोले कनाडा की संप्रभुता का करें सम्मान

- अल्बर्टा के अलगाववादियों के साथ गुप्त बैठक पर नाराजगी

**ओटावा, एजेंसी**

कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने कहा है कि वह उम्मीद करते हैं कि अमेरिका कनाडा की संप्रभुता का सम्मान करेगा। यह बयान उन मीडिया रिपोर्टों के बाद आया है, जिनमें कहा गया था कि अमेरिकी अधिकारियों ने कनाडा के अल्बर्टा प्रांत को अलग करने की वकालत करने वाले एक समूह से मुलाकात की है।

कार्नी ने राज्य के प्रमुखों के साथ बैठक के बाद एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में यह बात कही। उनसे अमेरिकी अधिकारियों और अल्बर्टा प्रॉस्पेरिटी प्रोजेक्ट के बीच हुई बैठकों के बारे में सवाल पूछा गया था। एपीपी वह समूह है, जो प्रांत की स्वतंत्रता पर जनमत संग्रह के लिए दबाव बना रहा है। कार्नी ने कहा कि मैं अमेरिकी प्रशासन से कनाडा की संप्रभुता का सम्मान करने की उम्मीद करता हूं। उन्होंने यह भी कहा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ उनकी बातचीत में अलगाववाद का मुद्दा कभी सामने नहीं आया। अल्बर्टा प्रांत की प्रमुख डेनियल स्मिथ ने कहा, मैं उम्मीद करूंगी कि अमेरिकी प्रशासन कनाडा की संप्रभुता का सम्मान करेगा और वे अल्बर्टा की लोकतांत्रिक प्रक्रिया के बारे में चर्चा अल्बर्टा वासियों और कनाडाई लोगों तक ही सीमित रखेंगे। वह अपनी सरकार के प्रतिनिधि को अमेरिकी प्रशासन तक अपनी चिंताएं पहुंचाने का निर्देश देंगी।

### ब्रिटिश कोलंबिया ने करार दिया देशद्रोह


ब्रिटिश कोलंबिया के प्रमुख डेविड एबी ने इसे देशद्रोह करार दिया। यह विवाद तब शुरू हुआ जब फाइनेंशियल टाइम्स ने खबर दी कि एपीपी के नेताओं ने पिछले साल अप्रैल से अब तक वाशिंगटन में अमेरिकी विदेश विभाग के अधिकारियों के साथ कई बार मुलाकात की है। यह समूह एक और बैठक की कोशिश कर रहा है, ताकि स्वतंत्रता के पक्ष में सफल मतदान होने की स्थिति में प्रांत की मदद के लिए 500 अरब अमेरिकी डॉलर ऋण सुविधा मांगी जा सके।

## आज का भविष्यफल

-पं.मनोज कुमार द्विवेदी

आज की ग्रह स्थिति : 31 जनवरी, शनिवार 2026 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-माघ, पक्ष-शुक्ल पक्ष, त्रयोदशी 08.25 तक तत्पश्चात चतुर्दशी 1 फरवरी 05.52 तक तत्पश्चात पूर्णिमा।

## आज का पंचांग




**दिशाशूल**- पूर्व, **ऋतु**- शिशिर।
**चन्द्रबल**- मेष, मिथुन, सिंह, कन्या, धनु, मकर।
**ताराबल**- भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
**नक्षत्र**-पुनर्वसु 1 फरवरी 01.34 तक तत्पश्चात पुष्य।

**मेष** – आज पर्यटन से जुड़े व्यावसायियों के लिए दिन बहुत ही अच्छा है। दूसरों के मामलों में अनावश्यक राय न दें। कुछ बारीक गलतियां कर सकते हैं, जिनके कारण आपको बड़ा नुकसान झेलना पड़ सकता है। भाषा का सही प्रयोग करें।

**वृष** – आज मनोबल में कमी के कारण काम में पूरा मन नहीं लगा पा रहे हैं। आपको कारोबार में नए तरीकों को प्रयोग करना पड़ सकता है। आपके प्रतिद्वंद्वी भी आपका सम्मान करेंगे। परिवार के साथ शॉपिंग के लिए जा सकते हैं।

**मिथुन** – आज नया व्यवसाय शुरू कर सकते हैं। विरोधियों से मुक्ति मिलेगी। आपको पुराने अनुभवों का लाभ मिलेगा। आपके व्यवहार में कुछ सकारात्मक परिवर्तन होंगे, जिससे आपके परिजन काफी प्रसन्न होंगे।

**कर्क** – आज प्रेमी जन से अधिक बहस न करें। विद्यार्थियों के लिए दिन बहुत ही अच्छा है। अपने लक्ष्य को लेकर काफी सजग रहेंगे। कार्यक्षेत्र में कुछ राजनीति का सामना करना पड़ेगा। अनावश्यक बातों को लेकर तनाव में हो सकते हैं।

**सिंह** – आज आपके सामने अचानक कई परेशानियां खड़ी हो सकती हैं। नए वाहन में कुछ खराबी आ सकती है। गूढ़ विद्याओं को सीखने के प्रति इच्छा जागृत होगी। व्यवसाय में आय को लेकर थोड़े चिंतित हो सकते हैं।

**कन्या** – आज व्यापार में बड़ी साझेदारी हो सकती है। माता के स्वास्थ्य की चिंता हो सकती है। आपको पढ़ाई पर अधिक ध्यान देना चाहिए। दांपत्य संबंधों में अविश्वास की भावना न आने दें। विद्यार्थियों को शिक्षकों का अपेक्षित सहयोग नहीं मिल पा रहा है।

**तुला** – आज किसी बड़ी व्यावसायिक मीटिंग के लिए जा सकते हैं। प्रेमी जन के साथ एकांत में समय बिताएंगे। अपनी प्रतिभा का जबरदस्त उपयोग कर पाएंगे। छोटे-भाई बहनों को लेकर थोड़ी चिंता हो सकती है।

**वृश्चिक** – आज किसी महत्वपूर्ण कार्य को लेकर थोड़ी समस्या हो सकती है। धन उधार न दें वरना वापस मिलने में कठिनाई हो सकती है। अपरिचितों पर विश्वास करने से बचना चाहिए। दूसरों के झगड़ों में पड़ने से बचें।

**धनु** – आज आपका मन प्रसन्न रहेगा। नकदी की समस्या हल हो सकती है। नया रोजगार शुरू करने के लिए दिन बहुत ही अच्छा है। आपकी दिनचर्या व्यवस्थित रहेगी। घर के नवीनीकरण की योजना बना सकते हैं। नई संपत्ति खरीदने के योग बन रहे हैं।

**मकर** – आज रुका हुआ धन आपको वापस नहीं मिलेगा। अत्यधिक वाचालता और क्रोध के कारण आपके संबंध प्रभावित होंगे। यात्रा के दौरान परेशानी महसूस होगी। विवाहेतर संबंधों को लेकर आकर्षित हो सकते हैं।

**कुंभ** – आज का दिन आपके लिए शुभ फलप्रदायक होने वाला है। राजनीति से जुड़े लोग आपकी कूटनीतिक क्षमता का प्रयोग करते हुए कोई बड़ा काम कर सकते हैं। दांपत्य संबंधों में प्रेम बढ़ेगा। विरोधी आपके सामने परास्त होंगे।

**मीन** – आज अपने तौर-तरीकों में बदलाव ला सकते हैं। अति आत्मविश्वास में आकर काम करने से बचें। बुद्धिमान मित्रों से सलाह लेकर काम करना हितकर होगा। उच्च पद पर आसीन लोगों को महत्वपूर्ण पेपर्स को संभालकर रखना चाहिए।

## सुडोकू-47

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 6 | | | 5 | | 2 | | 3 |
| | 3 | 9 | 6 | 1 | 8 | 5 | | |
| | 5 | | | | 7 | | | |
| 5 | 9 | | | | | | 2 | |
| | 8 | | | 3 | | | 5 | |
| | 4 | | | | | | 1 | 7 |
| | | | 4 | | | | 3 | |
| | | 4 | 2 | 7 | 3 | 9 | 6 | |
| 6 | | 3 | | 8 | | | 4 | 1 |

## सुडोकू - 46 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 1 | 6 | 4 | 7 | 8 | 5 | 2 | 9 |
| 5 | 8 | 2 | 6 | 9 | 3 | 4 | 7 | 1 |
| 7 | 4 | 9 | 5 | 2 | 1 | 6 | 3 | 8 |
| 9 | 2 | 7 | 8 | 3 | 6 | 1 | 4 | 5 |
| 8 | 3 | 4 | 1 | 5 | 7 | 2 | 9 | 6 |
| 1 | 6 | 5 | 9 | 4 | 2 | 3 | 8 | 7 |
| 2 | 5 | 3 | 7 | 1 | 9 | 8 | 6 | 4 |
| 6 | 7 | 1 | 2 | 8 | 4 | 9 | 5 | 3 |
| 4 | 9 | 8 | 3 | 6 | 5 | 7 | 1 | 2 |



> पिछले दो वर्षों से अभिषेक शर्मा शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं और न सिर्फ अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में बल्कि आईपीएल में भी गेंदबाजी आक्रमण का डटकर सामना कर रहे हैं। मुझे लगता है कि हम उन पर किस तरह से दबाव बनाते हैं यह हमारे लिए सबसे महत्वपूर्ण है।
>
> -मैट हेनरी


# स्टेडियम

कानपुर नगर, शनिवार, 31 जनवरी 2026

अमृत विचार

www.amritvichar.com


## हाईलाइट

### पीटी उषा के पति श्रीनिवासन का निधन

**कोझिकोड (केरल)।** भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद पीटी उषा के पति वी श्रीनिवासन का शुक्रवार तड़के निधन हो गया। वह 67 वर्ष के थे। पारिवारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों के अनुसार श्रीनिवासन आज सुबह अपने आवास पर बेहोश हो गए। उन्हें तुरंत पास के अस्पताल ले जाया गया, लेकिन उन्हें बचाया नहीं जा सका। भाजपा सूत्रों ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने श्रीनिवासन के निधन पर शोक व्यक्त किया है। उन्होंने बताया कि मोदी ने उषा से फोन पर बात करके अपनी संवेदना व्यक्त की। केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के पूर्व इंस्पेक्टर श्रीनिवासन ने उषा के शानदार खेल और राजनीतिक करियर के दौरान हमेशा उनका हौसला बनाए रखा।

### चुनौती के लिए तैयार भारतीय अंडर-17 टीम

**पोखरा (नेपाल)।** भारत की अंडर-17 महिला फुटबॉल टीम सैफ अंडर-19 महिला चैंपियनशिप 2026 में अपना पहला मैच मेजबान नेपाल के खिलाफ शनिवार को यहां पोखरा रंगशाला स्टेडियम में खेलेगी। नयी मुख्य कोच पामेला कोंटी की अगुवाई में अंडर-17 टीम इस बड़ी आयु वर्ग के टूर्नामेंट का इस्तेमाल एएफसी अंडर-17 महिला एशियाई कप की तैयारियों के तौर पर कर रही है जो 30 अप्रैल से चीन में खेला जाएगा। कोंटी ने टूर्नामेंट से पहले प्रेस कांफ्रेंस में टीम के साथ अपने पहले टूर्नामेंट की उत्सुकता के बारे में बात करते हुए कहा हम यहां नेपाल में आकर खुश हैं। मैं लगभग एक हफ्ते से टीम के साथ हूं, और हमने अनंतपुर (आंध्र प्रदेश) में अच्छी ट्रेनिंग की है। हमारी टीम युवा है क्योंकि हम अंडर-17 हैं।

### गुकेश का सामना अरविंद चिदंबरम से

**विक आन जी (नीदरलैंड्स)।** विश्व चैंपियन डी गुकेश तुर्की के यागिज कान एर्दोगमस पर जीत के बाद टाटा स्टील मास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट के 11वें दौर में हमवतन अरविंद चिदंबरम का सामना करेंगे। साल के पहले सुपर टूर्नामेंट में अब केवल तीन दौर का खेल बाकी हैं। दस दौर का खेल होने के बाद उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव 6.5 अंकों के साथ आगे चल रहे हैं। उनके साथी खिलाड़ी जावोखिर सिंदारोव, जर्मनी के मैथियास ब्लूबाउम और स्थानीय स्टार जॉर्डन वैन फोरस्ट उनसे आधे अंक पीछे हैं।

### इंडोनेशिया मास्टर्स के क्वार्टर फाइनल में सिंधु

**जकार्ता।** पी वी सिंधु दाइहात्सु इंडोनेशिया मास्टर्स 2026 के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई हैं, जहां शुक्रवार को उनका मुकाबला टॉप सीड चेन यू फी से होगा। चेन के हेड-टू-हेड रिकॉर्ड में 7-6 से आगे होने के कारण, क्वार्टर फाइनल मुकाबला कड़ा होने की उम्मीद है। सिंधु ने डेनमार्क की लाइन होजमार्क कजर्सफेल्ट को 43 मिनट में 21-19, 21-18 से हराकर अपनी जगह पक्की की। सातवीं सीड लक्ष्य सेन भी आगे बढ़े और हांगकांग के जेसन गुनावन को एक और 43 मिनट के मुकाबले में 21-10, 21-11 से हराकर थाईलैंड के पानित्चाफोन टीरारत्सकुल से भिड़ेंगे।

# पांचवें टी-20 में सैमसन की फॉर्म और अक्षर की फिटनेस पर होगी नजर

**तिरुवनंतपुरम, एजेंसी**

खिताब का प्रबल दावेदार भारत टी-20 विश्व कप से पहले शनिवार को यहां जब न्यूजीलैंड के खिलाफ पांचवें और अंतिम टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैच में खेलने के लिए उतरेगा तो उसे उम्मीद रहेगी कि संजू सैमसन अपने घरेलू दर्शकों के सामने फॉर्म में वापसी करने और अक्षर पटेल फिटनेस हासिल करने में सफल रहेंगे।

विशाखापत्तनम में खेले गए चौथे टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैच में भारत ने प्रयोग करते हुए पांच मुख्य गेंदबाजों को ही खिलाया तथा ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या और शिवम दुबे से गेंदबाजी नहीं करवाई। भारत यह मैच हार गया था लेकिन इससे श्रृंखला के परिणाम पर कोई असर नहीं पड़ा क्योंकि भारतीय टीम पहले ही इसे अपने नाम कर चुकी थी। जैसा कि श्रृंखला के पिछले मैचों में देखा गया, भारत अपने गेंदबाजी विभाग में एक बार फिर फेरबदल कर सकता है। भारतीय टीम प्रबंधन पिछले दो मैचों में आराम देने के बाद मिस्ट्री स्पिनर वरुण चक्रवर्ती को मौका दे सकता है। बल्लेबाजी विभाग में शायद ज्यादा बदलाव न हों, लेकिन टीम प्रबंधन सैमसन पर नजर रखेगा। अपनी निर्भीक बल्लेबाजी के लिए मशहूर सैमसन इस श्रृंखला में रन बनाने के लिए जूझ रहे हैं। उनकी फॉर्म के बजाय उनकी तकनीकी कमजोरी चिंता का विषय है जिससे उनका आत्मविश्वास भी डगमगा गया है। वह सात फरवरी से शुरू होने वाले विश्व कप से पहले बड़ी पारी खेलने के लिए बेताब होंगे। सैमसन अब अपनी गृह नगर में खेलेंगे और यहां के अपने समर्थकों के सामने शायद वह अपनी खोई हुई लय को फिर से प्राप्त कर लें।

टीम के आगमन के बाद भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) द्वारा साझा किए गए एक वीडियो से यह स्पष्ट हो गया कि वह देश के इस हिस्से में सुपरस्टार हैं। कप्तान सूर्यकुमार यादव को हवाई अड्डे के निकास द्वार पर अपने ''चेट्टा'' (बड़े भाई) के लिए मजाक में रास्ता साफ करते हुए देखा गया, जहां सैकड़ों प्रशंसक सैमसन और उनके साथियों की एक झलक पाने के लिए कतार में खड़े थे।





अभ्यास सत्र के दौरान फील्डिंग कोच टी दिलीप के साथ संजू सैमसन (बाएं) और न्यूजीलैंड टीम के खिलाड़ी। एजेंसी

- न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज पहले ही जीत चुका है भारत

**टीम**

**भारत :** सूर्यकुमार यादव (कप्तान), अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन (विकेटकीपर), श्रेयस अय्यर, हार्दिक पंड्या, शिवम दुबे, अक्षर पटेल (उप-कप्तान), रिंकू सिंह, जसप्रीत बुमराह, हर्षित राणा, अर्शदीप सिंह, कुलदीप यादव, वरुण चक्रवर्ती, ईशान किशन (विकेटकीपर), रवि बिश्नोई।

**न्यूजीलैंड :** मिचेल सैंटनर (कप्तान), माइकल ब्रैसवेल, मार्क चैपमैन, डेवोन कॉनवे (विकेटकीपर), जैकब डफी, जैक फाक्स, मैट हेनरी, काइल जैमीसन, बेवन जैकब्स, डैरिल मिचेल, जेम्स नीशम, ग्लेन फिलिप्स, रचिन रविंद्र, ईश सोढ़ी, लॉकी फर्ग्यूसन।

**समय : शाम सात बजे शुरू से**

# जोकोविच-अल्काराज में होगी बादशाहत की जंग


## ऑस्ट्रेलियाई ओपन : गत चैंपियन सिनर और ज्वेरेव सेमीफाइनल में हारे



**मेलबर्न, एजेंसी**

शीर्ष रैंकिंग पर काबिज कार्लोस अल्काराज और 24 बार के मेजर चैंपियन नोवाक जोकोविच शुक्रवार को अपने अपने उतार-चढ़ाव वाले पांच सेट के रोमांचक सेमीफाइनल जीतकर ऑस्ट्रेलियन ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष एकल फाइनल में पहुंच गए।

अल्काराज ने पांच घंटे 27 मिनट तक चले मुकाबले में एलेक्जेंडर ज्वेरेव को 6-4, 7-6 (5), 6-7 (3), 6-7 (4), 7-5 से हराकर पहली बार ऑस्ट्रेलियाई ओपन के फाइनल में जगह बनाई। इस तरह यह ऑस्ट्रेलियाई ओपन का अब तक का सबसे लंबा सेमीफाइनल बन गया। इस कारण गत चैंपियन यानिक सिनर और जोकोविच का मैच देर से शुरू हुआ। पर जोकोविच ने आखिरकार 3-6, 6-3, 4-6, 6-4, 6-4 से जीत हासिल की। जोकोविच लगातार चार मेजर में सेमीफाइनल से बाहर होने का सिलसिला खत्म करने के बाद अपने 11वें ऑस्ट्रेलियाई ओपन फाइनल में पहुंचे। बाईस साल के अल्काराज चारों ग्रैंड स्लैम पर प्रतियोगिताओं के फाइनल में पहुंचने वाले सबसे कम उम्र के पुरुष खिलाड़ी बन गए हैं और करियर ग्रैंड स्लैम पूरा करने वाले अब तक के सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बनने का लक्ष्य बना रहे हैं। स्पेन के अल्काराज ने अच्छी शुरुआत की पर पहले दो सेट जीतने के बाद वह अगले दो सेट में टाइब्रेकर में हार गए। ज्वेरेव पांचवें और निर्णायक सेट में एक समय मैच के लिए सर्विस कर रहे थे पर अल्काराज ने ब्रेक प्वाइंट लेकर वापसी की और फिर इसके बाद जर्मनी के अपने प्रतिद्वंद्वी को मौका नहीं दिया।





### महिला एकल का खिताबी मुकाबला आज

**मेलबर्न।** दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी एरिना सबालेंका शनिवार को यहां जब ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट के महिला एकल के फाइनल में एलिना रयबाकिना का सामना करने के लिए कोर्ट पर उतरेगी तो वह 2023 की अपनी सफलता के बजाय पिछले साल विभिन्न प्रतियोगिताओं के फाइनल में मिली हार के सबक से प्रेरणा लेने की कोशिश करेगी। यह उन तीन अन्य ग्रैंड स्लैम फाइनल जैसा भी नहीं होगा जो सबालेंका ने जीते हैं, जिनमें यूएस ओपन में हाल ही में जीता गया फाइनल भी शामिल है। सबालेंका 2025 में पांच टूर्नामेंट के फाइनल में हार गई थी और वह उनसे मिली सीख को अपना मजबूत पक्ष बनाना चाहती है। सबालेंका ने कहा मैं जानती हूं कि उन सभी फाइनल मैच में क्या गलती हुई थी जिनमें मैं हारी। पिछले साल मुझे बहुत कुछ सीखने को मिला, खुद के बारे में बहुत कुछ सीखने को मिला और इस सत्र में ऐसा दोबारा नहीं होगा। सबालेंका को पिछले साल फाइनल में मिली हार की सूची में नवंबर में डब्ल्यूटीए फाइनल्स का निर्णायक मुकाबला भी शामिल है, जब वह रयबाकिना से तीन सेटों में हार गई थीं, जिन्होंने पुरस्कार राशि के रूप में रिकॉर्ड 5.2 मिलियन डॉलर जीते थे।



ऑस्ट्रेलियाई ओपन के मिक्स्ड डबल्स ट्रॉफी के साथ ऑस्ट्रेलिया की ओलिविया गैडेकी (बाएं) और जॉन पीयर्स। एजेंसी

### ओलिविया और जॉन को मिश्रित युगल का खिताब

**मेलबर्न।** ओलिविया गाडेकी और जॉन पीयर्स 1989 के बाद ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट में लगातार दूसरे साल मिश्रित युगल का खिताब जीतने वाली पहली जोड़ी बन गई है। वाइल्ड कार्ड से प्रवेश पाने वाली गाडेकी और पीयर्स की ऑस्ट्रेलियाई जोड़ी ने शुक्रवार को फाइनल में क्रिस्टीना म्लाडेनोविक और मैनुअल गिनार्ड की फ्रांसीसी जोड़ी को 4-6, 6-3, 10-8 से हराया। फाइनल सेट के टाइब्रेकर में गाडेकी और पीयर्स की जोड़ी 7-5 से पिछड़ गई, लेकिन इसके बाद उन्होंने शानदार वापसी की और 9-7 की बढ़त बना ली। मैच प्वाइंट पर गिनार्ड ने बैकहैंड शॉट नेट में मार दिया, जिससे रॉड लेवर एरिना में ऑस्ट्रेलिया की जोड़ी अपना खिताब बचाने में सफल रही।

# गुजरात जाएंट्स ने प्लेऑफ में जगह बनाई

**बडोदरा, एजेंसी**

**महिला प्रीमियर लीग**

- मुंबई इंडियंस को 11 रनों से हराया

कप्तान एशले गार्डनर (46/एक विकेट) और जॉर्जिया वेयरहम (नाबाद 44) की दमदार पारियों के बाद गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत गुजराज जाएंट्स ने शुक्रवार को महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के 19वें मुकाबले में मुंबई इंडियंस को 11 रनों से हराया। गुजरात ने एलिमिनेटर में अपनी जगह पक्की कर ली है। मुंबई की इस हार ने यूपी वॉरियर्ज़ की उम्मीदों को भी जिंदा रखा है।

168 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी मुंबई इंडियंस की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसे कप्तान हरमनप्रीत कौर की (नाबाद 82) रनों के बावजूद 11 रनों से हार का सामना करना पड़ा। हरमनप्रीत कौर ने 48 गेंदों में आठ चौके और चार छक्के लगाये। मुम्बई ने शुरुआत में 37 के स्कोर तक अपने तीन विकेट गंवा दिये थे। हेली मैथ्यूज (छह), संजीवन सजना (26) तथा नेट साइवर ब्रंट (दो) रन बनाकर आउट हुई। इसके बाद कप्तान हरमनप्रीत कौर ने एमेलिया केर के साथ चौथे विकेट के लिये 45 रन जोड़े। 12वें ओवर में जॉर्जिया वेयरहम ने एमेलिया केर (20) को आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा। 17वें ओवर में राजेश्वरी गायकवाड ने अमनजोत कौर (13) को मुम्बई इंडियंस को पांचवां झटका दिया। मुंबई इंडियंस निर्धारित 20 ओवरों में सात विकेट पर 156 रन ही बना सकी और 11 रनों से मुकाबला हार गई।

गुजरात जायंट्स के लिए सोफी डिवाइन और जॉर्जिया वेयरहम को दो-दो विकेट मिले। काश्वी गौतम, राजेश्वरी गायकवाड और एश्ले गार्डनर ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले आज यहां गुजरात जायंट्स ने टॉस जीतकर निर्धारित 20 ओवरों में चार विकेट पर 167 रनों का स्कोर बनाया। गुजरात जाएंट्स के लिए कप्तान एश्ले गार्डनर ने 28 गेंदों में सात चौके और एक छक्का लगाते हुए 46 रनों की पारी खेली। जॉर्जिया वेयरहम ने 26 गेंदों में चार चौके और दो छक्के उड़ाते हुए नाबाद 44 रन बनाये। वहीं अनुष्का शर्मा ने 31 गेंदों में चार चौके और एक छक्का लगाते हुए 33 रन बनाये। सोफी डिवाइन ने 21 गेंदों में 25 रनों की पारी खेली।



जीत का जश्न मनातीं गुजरात जाएंट्स की खिलाड़ीं। एजेंसी

# शिवम की घातक गेंदबाजी से यूपी ने विदर्भ को बराबरी पर रोका

**नागपुर, एजेंसी**

**रणजी ट्रॉफी**

शिवम मावी (सात विकेट) की घातक गेंदबाजी की बदौलत उत्तर प्रदेश ने राणजी ट्रॉफी एलीट ग्रुप ए मुकाबले के दूसरे दिन शुक्रवार को विदर्भ को पहली पारी में 237 के बराबरी वाले स्कोर पर रोकने के बाद स्टंप्स के समय तक 75 रन पर अपने दो विकेट गंवा दिए हैं।

आज यहां विदर्भ ने कल के 33 रन से आगे खेलना शुरु किया। सुबह के सत्र में शिवम मावी ने अमन मोखाड़े (28) को आउट कर उत्तर प्रदेश को पहली सफलता दिलाई। 21वें ओवर में मावी ने रोहित बीनकर (आठ) और रविकुमार समर्थ (शून्य) का भी शिकार कर लिया। मावी ने 23वें ओवर में सत्यम भोयर (19) को आउटकर विदर्भ को चौथा झटका दिया। एक समय विदर्भ ने 95 के स्कोर पर अपने छह विकेट गंवा दिये थे। ऐसे संकट के समय दानिश मालेवर और नचिकेत भूटे ने पारी को संभाला और सातवें विकेट के लिए 126 रन जोड़कर विदर्भ को संकट से निकाला। 69वें ओवर में मावी ने दानिश मालेवर को आउटकर इस साझेदारी का अंत किया। दानिश मालेवर ने 117 गेंदों में 10 चौके और एक छक्का उड़ाते हुए 80 रनों की पारी खेली। इसके बाद एक बार फिर विदर्भ की पारी लड़खडा गई और उसने 16 रन जोड़कर अपने चारों विकेट गंवा दिये। पार्थ रेखड़े (चार) भी मावी का शिकार बने। नचिकेत भूटे रनआउट हुये। उन्होंने 85 गेंदों में चार चौके और तीन छक्के उड़ाते हुए 63 रन बनाये। 63वें ओवर की आखिरी गेंद पर मावी ने यश ठाकुर (पांच) को आउटकर 237 के स्कोर पर विदर्भ की पारी का अंत किया। उत्तर प्रदेश के लिए शिवम मावी ने 59 रन देकर सात विकेट लिए। करण चौधरी और कार्तिक त्यागी ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। अन्य मैच में बडौदा के 375 रनों के जवाब में तमिलनाडु ने बिना किसी नुकसान के बाद 118 रन लिये है।



शिवम मावी। एजेंसी

**07** विकेट लिए शिवम मावी ने 59 रन देकर

**चकल्लस**

हॉकी इंडिया के सामने कोच की नहीं चली, अनुशासनहीनता के चलते मनप्रीत को टीम में नहीं चुना गया

# फुल्टोन ने मनप्रीत के बचाव में दी थी इस्तीफे की धमकी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

मुख्य कोच क्रेग फुल्टोन ने अनुभवी मिडफील्डर मनप्रीत सिंह को अनुशासनहीनता के आधार पर भारत की संभावित खिलाड़ियों की कोर सूची से बाहर किए जाने का कड़ा विरोध किया था। एक सूत्र ने शुक्रवार को पीटीआई से कहा कि इस फैसले के बाद फुल्टोन ने इस्तीफा देने की धमकी भी दी थी लेकिन हॉकी इंडिया द्वारा मनाने के बाद वह पद पर बने रहने के लिए राजी हो गए।

विश्वसनीय सूत्रों से पता चला है कि फुल्टोन ने राउरकेला में एक से सात फरवरी तक 33 कोर संभावित खिलाड़ियों के शिविर से मनप्रीत को हटाने के दबाव को ''बाहरी हस्तक्षेप'' बताया था। यह बात सामने आई कि मनप्रीत पिछले साल दिसंबर में दक्षिण अफ्रीका दौरे के दौरान नशीली दवा के सेवन से जुड़े मामले में शामिल था। दो बार के ओलंपिक कांस्य पदक विजेता को 15 साल में पहली बार कोर संभावित खिलाड़ियों की सूची से बाहर किया गया। संभावित खिलाड़ियों को तय करने के लिए हुई बैठक में हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की, महासचिव भोला नाथ सिंह और मुख्य चयनकर्ता आरपी सिंह ने सामूहिक रूप से कहा कि मनप्रीत को बाहर किया जाना चाहिए जिसके बाद फुल्टोन परेशान हो गए। सूत्र ने कहा फुल्टोन ने मनप्रीत के युवा खिलाड़ियों के लिए मेंटोर (मार्गदर्शक) होने की बात कही। लेकिन इस पर दिलीप ने कहा कि खिलाड़ी दूसरे सीनियर खिलाड़ियों से सीखेंगे। हॉकी इंडिया ने मनप्रीत से जिस तरह का व्यवहार किया, उससे कुछ खिलाड़ी खुश नहीं थे। फुल्टोन ने गुस्से में हाल में समाप्त हुई हॉकी इंडिया लीग के चेन्नई चरण के एक दिन बाद इस्तीफा देने की पेशकश की। हालांकि टिर्की के बहुत समझाने के बाद वह अनुभवी खिलाड़ी को आराम देने के आधिकारिक बयान मानने को तैयार हो गए।

सूत्र के अनुसार फुल्टोन ने मनप्रीत को कोर ग्रुप में बनाए रखने की वकालत की और अपनी बात को साबित करने के लिए 33 वर्षीय मिडफील्डर की बेहतरीन फिटनेस रिपोर्ट का हवाला दिया। बताया जाता है कि मनप्रीत कोर ग्रुप के सबसे फिट चार खिलाड़ियों में शामिल थे। लेकिन मुख्य चयनकर्ता आरपी सिंह और टिर्की टस से मस नहीं हुए। फुल्टोन ने एचआईएल के दौरान मनप्रीत की फिटनेस और फॉर्म की बार-बार तारीफ की है। मुख्य कोच चाहते हैं कि मनप्रीत कम से कम इस साल के एशियाई खेलों और विश्व कप तक टीम का हिस्सा रहें।





हॉकी खिलाड़ी मनप्रीत सिंह और मुख्य कोच क्रेग फुल्टोन। एजेंसी

### तीन खिलाड़ियों पर हुई है कार्रवाई

हॉकी इंडिया ने बृहस्पतिवार को संभावित खिलाड़ियों की सूची जारी की थी जिसमें फॉरवर्ड दिलप्रीत सिंह और गोलकीपर कृष्ण बहादुर पाठक को भी अनुशासनहीनता के कारण बाहर कर दिया गया। लेकिन हॉकी इंडिया के बयान में कथित उल्लंघन का कोई जिक्र नहीं था। प्रो लीग सत्र अगले महीने राउरकेला में शुरू होगा। मनप्रीत ने रांची रॉयल्स टीम की सह कप्तानी करते हुए एचआईएल के फाइनल तक पहुंचाया था। मनप्रीत 412 मैच के साथ सबसे ज्यादा मैच खेलने वाले भारतीय हॉकी खिलाड़ी के तौर पर टिर्की के रिकॉर्ड की बराबरी करने से सिर्फ एक मैच दूर हैं। आगामी एआईएच प्रो लीग का भारतीय चरण 10 से 15 फरवरी तक राउरकेला में होने वाला है।